


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 201 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) अश्विन शु.9, 2079 मंगलवार, 4 अक्टूबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## भुज के पास से पाकिस्तानी नाव जब्त

भुज, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल ने सोमवार सुबह गुजरात के कच्छ में भुज के पास हरामी नाला क्रीक क्षेत्र से एक पाकिस्तानी नाव को जब्त किया है। बीएसएफ के मुताबिक, यह नाव पाकिस्तानी इलाके की है और इससे मछली पकड़ने का काम किया जाता था। नाव से बीएसएफ ने कुछ बर्फ के डिब्बे, जेरी के डिब्बे और मछली पकड़ने के जाल को जब्त किया गया है।

हालांकि, नाव पर सवार लोग पाकिस्तान की ओर भागने में सफल रहे। हरामी नाला को सर क्रीक क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है। यह क्षेत्र 22 किमी लंबा और लगभग 8 किमी चौड़ा दलदली पैच है, जहां ज्यादातर समय जहाजों के चलने लायक पानी होता है।

# भारत को मिला स्वदेशी लड़ाकू हेलिकॉप्टर



### स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर की 7 खासियतें

1. स्वदेशी डिजाइन और एडवांस तकनीक
2. किसी भी मौसम में उड़ान भरने में सक्षम
3. आसमान से दुश्मनों में नजर रखने में मददगार
4. हवा से हवा में हमला करने वाली मिसाइल ले जाने में सक्षम
5. चार 70 या 68 MA रॉकेट ले जाने में सक्षम
6. फॉरवर्ड इन्फ्रारेड सर्च, CCD कैमरा और थर्मल विजन और लेजर रेंज फाइंडर भी
7. नाइट ऑपरेशन करने और दुर्घटना से बचने में भी सक्षम

## हर मिनट 750 गोलियां दागता है-ऐसी ताकतों ने बनाया प्रचंड

जोधपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत ने 22 साल पहले जो सपना देखा था, वो अब पूरा हो गया है। इतने सालों की मेहनत के बाद एयरफोर्स को सोमवार को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (एलसीएच) मिल गया है। इसकी कैनन से हर मिनट 750 गोलियां दागी जा सकती हैं। इसकी खासियतों की वजह से ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे प्रचंड नाम दिया है।

**रक्षा मंत्री ने उड़ान भरी, प्रचंड नाम की वजह बताई :**

नवरात्रि में अष्टमी के दिन प्रचंड एयरफोर्स के बेड़े में शामिल हुआ। राजनाथ सिंह ने इस हेलिकॉप्टर में उड़ान भरी। उन्होंने कहा, प्रचंड को वायुसेना में शामिल करने के लिए नवरात्रि से अच्छा समय और राजस्थान की धरती से अच्छी जगह नहीं हो सकती है। यह भारत का विजय रथ है। एलसीएच सारी चुनौतियों पर खरा उतरा है। दुश्मनों को आसानी से चकमा दे सकता है। इसके नाम के साथ भले ही लाइट जुड़ा हो, लेकिन इसका काम भारी है।

**इन ताकतों की वजह से है ये प्रचंड :**

यह हेलिकॉप्टर तपते रेगिस्तान, बर्फीले पहाड़ों समेत हर कंडीशन में दुश्मनों पर हमला करने का माद्दा रखता है। इसकी कैनन से हर मिनट में 750 गोलियां दागी जा सकती हैं। यह एंटी टैंक और हवा में मारने वाली मिसाइलें से भी लैस किया जा सकता है। 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान सेना को अधिक ऊंचाई वाले स्थान पर हमला करने वाले हेलिकॉप्टरों की बहुत कमी महसूस हुई थी। यदि उस दौर में ऐसे हेलिकॉप्टर होते तो सेना पहाड़ों की चोटी पर बैठी पाक सेना के बंकरों को उड़ा सकती थी।

**हमें 3 खासियतों वाला हेलिकॉप्टर चाहिए था**

**पहली :** ज्यादा से ज्यादा वेपन के साथ गोला-बारूद का भार उठा सके।

**दूसरी :** इसमें पर्याप्त फ्यूल हो ताकि अधिक समय तक हवा में रह सके।

**तीसरी :** रेगिस्तान की गर्मी के साथ ही हिमालय के बहुत ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर पड़ने वाली कड़ाके की सर्दी में एक जैसी पॉवर हो। इस कमी को दूर करने का बीड़ा उठाया एक्सपर्ट्स ने और हिन्दुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड (एचएएल) परिसर में इसका निर्माण करने की चुनौती ली। सेना व एयरफोर्स की आवश्यकताओं के मुताबिक डिजाइन तैयार की गई और इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया गया। 2004 में पहली बार सेना को बताया कि वह अपने यूटिलिटी हेलिकॉप्टर ध्रुव के फ्रेम पर हल्का लड़ाकू हेलिकॉप्टर बनाने पर काम कर रहा है। 2008 में इसके प्रोटोटाइप (मॉडल) की पहली सफल उड़ान के बाद एचएएल ने घोषणा की थी कि हमने एलसीएच बनाने की दिशा में आधा रास्ता तय कर लिया है। 2011 में फ्लाइट टेस्ट सफल होने के बाद इसे फाइनल ऑपरेशनल क्लियरेंस मिल पाई। 2012 से कई ट्रायल किए गए। समुद्र की सतह के ऊपर, लेह के ठंडे मौसम में, सियाचिन में 13,600 से लेकर 15,800 फीट की ऊंचाई पर, जोधपुर में तपते रेगिस्तान में ट्रायल किया गया। सबमें ये खरा उतरा। एलसीएच के जोधपुर सिलेक्शन के पीछे कई कारण हैं, लेकिन इनमें सबसे प्रमुख है पाकिस्तान बॉर्डर। दरअसल, अमेरिका निर्मित लड़ाकू हेलिकॉप्टर अपाचे की यूनिट कश्मीर क्षेत्र में पठानकोट में तैनात है।



जोधपुर में स्वदेशी रूप से विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) को भारतीय वायु सेना में शामिल करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

# कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव : थरूर ने मानी खडगे की सलाह

## जी-23 के सवाल पर हुए नाराज, मीडिया को ठहराया जिम्मेदार

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव में उम्मीदवार शशि थरूर ने अपने प्रतिद्वंदी मल्लिकार्जुन खडगे की इस बात से सहमत हैं कि दोनों को एक-दूसरे से नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से लड़ना है।

शशि थरूर ने ट्वीट करते हुए लिखा कि मैं खडगे जी से सहमत हूं कि कांग्रेस में सभी लोगों को एक दूसरे की बजाय भाजपा से मुकाबला करना चाहिए। हमारे बीच कोई वैचारिक मतभेद नहीं है। थरूर ने ट्वीट करते हुए लिखा कि मैं स्पष्ट कर दूं कि मैं खडगे जी से सहमत हूं कि हम सभी को एक-दूसरे के बजाय भाजपा का मुकाबला करना है। हमारे बीच कोई वैचारिक अंतर नहीं है। 17 अक्टूबर को होने वाला चुनाव हमारे मतदान सहयोगियों के इस बात पर निर्भर है कि कैसे वे इसे सबसे प्रभावी ढंग से संपन्न करते हैं।

**जी-23 की बात पर थरूर ने जताई नाराजगी :**

वहीं शशि थरूर ने जी-23 के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जी-23 कुछ नहीं है बल्कि यह मीडिया के द्वारा सृजन किया गया शब्द है। इससे किसी कांग्रेसी का कोई लेना देना नहीं है। कुछ बातें बेवजह फैलाई जाती हैं।

**थरूर की सलाह पर खडगे ने की थी टिप्पणी :**

बता दें कि थरूर ने रविवार को कहा था कि वह मल्लिकार्जुन खडगे के साथ सार्वजनिक बहस के लिए तैयार हैं, क्योंकि इससे लोगों की पार्टी में उसी तरह से दिलचस्पी पैदा होगी, जैसे कि हाल में ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी के नेतृत्व पद के चुनाव को लेकर हुई थी। उनकी इस टिप्पणी पर खडगे ने कहा था कि उन्हें और थरूर को भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ मिलकर लड़ना है। खडगे का यह भी कहना था कि उन्हें और थरूर को महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों के साथ ही भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा के खिलाफ मिलकर काम करना है।



## कनाडा के भगवद गीता पार्क में तोड़फोड़

ओटावा, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत ने कनाडा के ओन्टेरियो राज्य में भगवद गीता पार्क में तोड़फोड़ की निंदा की है। कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने इसे हेट क्राइम बताते हुए जांच की मांग भी की। ब्रैम्पटन शहर के इस पार्क को पहले ट्रॉयर्स पार्क के नाम से जाना जाता था। बाद में इसका नाम बदलकर श्री भगवद गीता पार्क कर दिया गया और 28 सितंबर को अनावरण किया गया।

रविवार को उपद्रवियों ने पार्क का साइन बोर्ड तोड़ दिया था। ब्रैम्पटन शहर के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने भी घटना की पुष्टि की है। ब्राउन ने घटना की निंदा करते कहा, हम जीरो टॉलरेंस का रवैया अपनाएंगे। पुलिस आगे की जांच करेगी। हम जल्द से जल्द साइन को ठीक करने के लिए काम कर रहे है। ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने एक ट्वीट में कहा कि हम ब्रैम्पटन में श्री भगवद गीता पार्क में हेट क्राइम की निंदा करते हैं। साथ ही कनाडा के अधिकारियों और जांच करने और अपराधियों पर जल्द से जल्द एक्शन की अपील करते हैं। कनाडा भारतीय मूल के 16 लाख लोगों और नॉन रेजिडेंट इंडियन (एनआरआई) का घर है।

# स्वांते पाबो को मिला मेडिसिन का नोबेल

## इस खास काम के लिए नवाजे गए स्वीडन के वैज्ञानिक



स्वीडन, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेडिसिन/फिजियोलॉजी के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो गई है। साल 2022 के लिए यह पुरस्कार स्वीडन के वैज्ञानिक स्वांते पाबो को दिया गया है। स्वांते स्वीडन के एक जेनेटिस्ट हैं। वह विकासवादी आनुवंशिकी के स्पेशलिस्ट हैं। पाबो को यह नोबेल प्राइज विलुप्त होमिनिन और मानव विकास के जीनोम से संबंधित खोजों के लिए दिया गया है।

नोबेल कमेटी के सचिव थॉमस पेर्लमैन ने स्टाकहोम, स्वीडन के कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट में सोमवार को विजेता की घोषणा की। चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के साथ ही नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरूआत हो गई है। साइंस की दुनिया में नोबल प्राइज सबसे सम्मानित पुरस्कार माने जाते हैं। स्वीडन के करोलिंस्का संस्थान की नोबेल असेंबली इसे देती है। इसकी पुरस्कार राशि 10 मिलियन स्वीडिश क्राउंस है। मंगलवार को भौतिकी विज्ञान, बुधवार को रसायन विज्ञान और बृहस्पतिवार को साहित्य के क्षेत्र में इन पुरस्कारों की घोषणा की जाएगी। इस वर्ष (2022) के नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में पुरस्कार की घोषणा 10 अक्टूबर को की जाएगी।

## काबुल में आत्मघाती बम धमाका, मारे गए 53 लोगों में से 46 महिलाएं

काबुल, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। काबुल शिक्षा केंद्र विस्फोट में 40 से अधिक लोगों की मौत के कुछ दिनों बाद ही अफगानिस्तान की राजधानी के पश्चिमी हिस्से में सोमवार (3 अक्टूबर, 2022) को एक और विस्फोट हुआ, जिसमें 53 लोग मारे गए। मारे गए 53 लोगों में 46 लड़कियां और महिलाएं शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि विस्फोट काबुल के पीडी 6 के पश्चिम में दोपहर करीब 2:00 बजे हुआ। शहीद मजारी इलाके में हुआ विस्फोट हजारा आबादी वाला इलाका है। वहीं अभी तक विस्फोट और हताहतों के बारे में कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं मिली है।

## बारिश के बीच राहुल गांधी की जनसभा

# 'हम प्यार फैलाने निकले हैं, हमें कोई नहीं रोक सकता'

बेंगलुरू, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मैसूर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने बारिश के बीच जनसभा को संबोधित किया। गांधी जयंती के मौके पर जब पूरे दिन की यात्रा के बाद राहुल लोगों को संबोधित करने के लिए मंच की तरफ बढ़े तो बारिश होने लगी। इस मौके पर राहुल ने बारिश रुकने का इंतजार नहीं किया। भीगते हुए उन्होंने भाषण जारी रखा।

राहुल ने कहा, चाहे कुछ हो जाए, भारत जोड़ो यात्रा को कोई नहीं रोक सकता। हमारी यात्रा का उद्देश्य भाजपा-आरएसएस की फैलाई हुई नफरत और हिंसा को रोकना है।

गर्मी, तूफान या सर्दी भी इस यात्रा को नहीं रोक पाएंगे। यह यात्रा नदी की तरह बिना रुके कन्याकुमारी से कश्मीर जाएगी। और इस नदी में आपको नफरत और हिंसा जैसी चीजें नहीं मिलेंगी। इसमें सिर्फ प्यार और भाईचारा मिलेगा जो भारत के इतिहास और डीएनए में है। भाजपा और संघ ने चाहे जितनी नफरत फैलाई हो, ये यात्रा उसे रोकेगी और लोगों को फिर से जोड़ने में मदद करेगी।

रैली के दौरान राहुल ने महात्मा गांधी की 153वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राहुल कर्नाटक के बदनावलु में उस खादी ग्रामोद्योग केंद्र पहुंचे जहां 1927 में महात्मा ने दौरा किया था। यहां राहुल ने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों के लिए राष्ट्रपति की धरोहर को अपना बताना बहुत आसान है, लेकिन महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलना आसान नहीं है।

उन्होंने कहा कि जैसे महात्मा गांधी ने अंग्रेज सरकार से लड़ाई लड़ी थी, हमने भी इस सोच के खिलाफ जंग छेड़ी है जिसने महात्मा की हत्या की थी।

इस सोच ने ही पिछले 8 साल में हमारे देश में असमानता, भेदभाव फैलाया है।

बड़ी मुश्किलों से कमाई हमारी आजादी को धीरे-धीरे करके खत्म किया है। हिंसा और असत्य की इसी राजनीति के खिलाफ भारत जोड़ो यात्रा अहिंसा और स्वराज का संदेश फैलाएगी।

**यात्रा में 6 अक्टूबर को जुड़ेंगीं सोनिया गांधी, 7 अक्टूबर को प्रियंका**

राहुल गांधी ने नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा अभियान में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी भी शामिल होंगी।

वे 6 अक्टूबर को कर्नाटक के मंड्या में भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ेंगी। वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी 7 अक्टूबर को इस यात्रा में शिरकत करेंगी। सोनिया गांधी पहली बार इस यात्रा में भाग लेंगी, क्योंकि जब यह यात्रा शुरू हुई थी उस दौरान वह मेडिकल जांच के लिए विदेश गई थीं।



## 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान

**3 नवंबर को होगी वोटिंग, 6 को नतीजे, 14 अक्टूबर तक भरे जा सकेंगे फॉर्म**

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। इलेक्शन कमिशन ने सोमवार को 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारिख घोषित कर दी। 3 नवंबर को चुनाव होंगे और 6 नवंबर को रिजल्ट आएंगे। महाराष्ट्र, बिहार, हरियाणा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। नॉमिनेशन करने की आखिरी तारीख 14 अक्टूबर है। 17 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

जिन निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव कराए जाने हैं, उनमें उत्तर प्रदेश की गोला गोरखनाथ, हरियाणा की आदमपुर, बिहार की मोकामा और गोपालगंज, महाराष्ट्र की अंधेरी ईस्ट, तेलंगाना की मुनुगोडु और ओडिशा की धामनगर सीटें शामिल हैं।

**किन वजहों से खाली हुई सीटें :**

उत्तर प्रदेश की गोला गोरखनाथ सीट से बीजेपी विधायक अरविंद गिरि, महाराष्ट्र की अंधेरी ईस्ट सीट से शिवसेना विधायक रमेश लटके और बिहार की गोपालगंज सीट से सुभाष सिंह विधायक का निधन होने के बाद से ये सीटें खाली थीं। वहीं हरियाणा की आदमपुर सीट से कुलदीप बिश्नोई ने इस्तीफा दे दिया था। वह कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में चले गए थे, जिसके बाद सीट रिक्त हो गई थी।

# भारत से गुजरे ईरानी प्लेन में बम की सूचना

## सुखोई फाइटर जेट ने एस्कॉर्ट करते हुए सीमा से बाहर छोड़ा, चीन के ग्वांगझू में सेफ लैंडिंग

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के एयरस्पेस से गुजरे ईरानी विमान में सोमवार को बम की सूचना से हड़कंप मच गया। दिल्ली, चंडीगढ़, जयपुर से लेकर जोधपुर तक सरकार, एजेंसियों से लेकर इंडियन एयरफोर्स तक अलर्ट पर रहे। प्लेन करीब दो घंटे भारतीय एयरस्पेस में रहा। ईरान से उड़ा यह विमान पाकिस्तानी एयरस्पेस के रास्ते भारत में दाखिल हुआ था।

बम की जानकारी मिलते ही विमान की निगरानी के लिए एयरफोर्स के सुखोई फाइटर जेट लगाए गए। इन फाइटर जेट्स ने पंजाब और जोधपुर एयरबेस से उड़ान भरी और पीछा करते हुए उसे भारतीय सीमा से बाहर छोड़ आए। एयरफोर्स ने बताया कि विमान का पीछा करते वक्त एक सुरक्षित दूरी बनाए रखी गई।

**पाकिस्तान से मिला था बम का इनपुट**

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को महान एयर की फ्लाइट में बम का इनपुट लाहौर एटीसी से मिला था। इसके बाद, दिल्ली एटीसी ने पायलटों को जानकारी दी। साथ ही विमान को जयपुर और फिर चंडीगढ़ में उतरने का विकल्प दिया गया था, लेकिन पायलटों ने लैंडिंग से इनकार कर दिया और दिल्ली में लैंडिंग की इजाजत मांगी, जिससे इनकार कर दिया गया।




### ईरानी एजेंसियों ने प्लेन में बम की बात को नकारा

कुछ देर बाद ईरानी एजेंसियों ने प्लेन में बम की बात को नकार दिया। इसके बाद विमान को चीन की ओर उड़ान जारी रखने की अनुमति दी गई। विमान ने म्यांमार होते हुए चीन के ग्वांगझू में सेफ लैंडिंग की।

### जयपुर एटीसी से कोई संपर्क नहीं किया गया

जयपुर एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने बताया कि विमान को जयपुर में उतारने के लिए पायलट ने जयपुर एटीसी से कोई संपर्क नहीं किया। उधर, जांच एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि कहीं ये फेक कॉल तो नहीं था।

### तेहरान से ग्वांगझू के लिए उड़ान भरी थी

फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार के मुताबिक, महान एयर की यह फ्लाइट (डब्ल्यू581/आईआरएम081) ईरान के तेहरान से चीन के ग्वांगझू तक थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बम की धमकी के बारे में सुबह 9:20 बजे पाकिस्तान से एक कॉल आई थी। दिल्ली हवाई अड्डे पर अधिकारियों को तुरंत अलर्ट पर रखा गया।

## म्यांमार में 500 भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स बंधक

नेपीडाव/नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत सरकार ने अलग-अलग माध्यमों के जरिए उन्हें छुड़ाने की कोशिशें कीं। 32 भारतीयों को छुड़ाया जा चुका है। उनसे पता चला है कि युवा आईटी पेशेवरों को मोटी सैलरी का झांसा देकर फंसाया जाता है।

म्यांमार के जिन इलाकों में बंधक रखे जाते हैं, वहां माफिया के साथ-साथ चीनी फौज की भी दखलंदाजी रहती है। पेशेवरों को डिजिटल फ्रॉड के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। बंधकों को क्रिप्टोकरंसी से जुड़ी गतिविधियों में भी लगाया गया है। बंधकों के दम पर ही म्यांमार से धोखाधड़ी का इंटरनेशनल रैकेट चल रहा है। यहीं से दुनियाभर के लोगों से साइबर ठगी की जा रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया, हम म्यांमार सरकार से जानकारी हासिल करने की कोशिशें कर रहे हैं, लेकिन सूचना किसी तीसरे सोर्स से ही मिल पा रही है। बंधकों को छोड़ने के लिए भारी रकम वसूली जा रही है।

# गांधी जयंती पर राजघाट क्यों नहीं आए

## तोड़ा गया प्रोटोकॉल, केजरीवाल को एलजी का लेटर

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेटर लिखा है।

सक्सेना ने दिल्ली के सीएम से 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर राजघाट, विजय घाट नहीं पहुंचने को लेकर सवाल दागा है। रविवार को गुजरात में पार्टी के लिए प्रचार में जुटे रहे केजरीवाल से उन्होंने ना आने की वजह पूछी है। एलजी ने 5 पन्नों का लेटर लिखकर मुख्यमंत्री या अन्य किसी मंत्री के नहीं आने पर लेटर लिखा है। एलजी ने कहा है कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया आए लेकिन कुछ ही देर बाद चले गए।

सक्सेना ने 10 पॉइंट में लिखे इस लेटर में आरोप लगाया है कि तय प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया। एलजी ने यहां तक लिखा है कि सिर्फ अखबारों में विज्ञापन जारी कर देना काफी नहीं है। एलजी वीके सक्सेना ने दिल्ली सीएम को लिखे लेटर में लिखा, बहुत दुख और निराशा के साथ मैं आपके संज्ञान में आपके और आपकी सरकार की ओर से कल गांधी जयंती और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की सालगिरह पर आयोजित समारोह की उपेक्षा की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं। मैं यह बताने को विवश हूं कि ना तो आप और ना ही आपके कोई मंत्री राजघाट या विजय घाट पर मौजूद थे, जबकि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा स्पीकर, सभी दलों के नेता, विदेशी दूत और आम लोग बापू और शास्त्री जी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री बेमन से कुछ मिनटों तक मौजूद रहे, लेकिन उन्होंने इसे वहां रुकने लायक नहीं समझा।



# दिल्ली दंगे 2020 : ढाई साल से फरार वसीम अलीगढ़ से गिरफ्तार

## हेड कॉन्स्टेबल रतन लाल की हत्या में था वॉन्टेड

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने 2020 दिल्ली दंगों के मामले में मुख्य आरोपियों में एक वसीम को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। वसीम को अलीगढ़ की एक ताला बनाने वाले कारखाने से गिरफ्तार किया गया है। वह पिछले ढाई साल से फरार था।

स्पेशल कमिश्नर (क्राइम) रवींद्र यादव ने बताया कि वसीम हेड कॉन्स्टेबल रतन लाल की मौत से जुड़े एक मामले में वह भगोड़ा अपराधी था। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। इसके नए बयान के आधार पर कोर्ट में अनुपूरक चार्जशीट दायर करेंगे। दिल्ली पुलिस यह भी जांच कर रही है कि वह अन्य देशविरोधी कामों में तो शामिल नहीं था। गौरतलब है कि नागरिकता कानून के समर्थकों और विरोधियों के बीच संघर्ष के बाद 24 फरवरी 2020 को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद, मौजपुर, बाबरपुर, घोंडा, चांदबाग, शिव विहार, भजनपुरा, यमुना विहार इलाकों में साम्प्रदायिक दंगे भड़क गए थे।

इस हिंसा में कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से अधिक लोग घायल हो गए थे। साथ ही सरकारी और निजी संपत्ति को भी काफी नुकसान पहुंचा गया था। उग्र भीड़ ने सैकड़ों मकानों, दुकानों, वाहनों, एक पेट्रोल पम्प को फूंक दिया था और स्थानीय लोगों तथा पुलिस कर्मियों पर पथराव किया था।

# गृहमंत्री के दौरे से पहले टारगेट किलिंग की कोशिश

## आतंकियों ने बैंक प्रबंधक पर की फायरिंग

श्रीनगर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले में सोमवार को आतंकवादियों ने एक गैर-स्थानीय बैंक प्रबंधक को निशाना बनाने की कोशिश की। पीटीआई ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया है कि बैंक प्रबंधक आतंकियों की गोलीबारी में बाल-बाल बच गए हैं। बारामुला में आज से दो दिन बाद पांच अक्तूबर को गृहमंत्री अमित शाह जनसभा को संबोधित करने जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, जिला बारामुला के गौशबुग पट्टन में यह हमला हुआ है। यहां जेएंडके ग्रामीण बैंक में कार्यरत मैनेजर पर कुछ संदिग्ध बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। बैंक मैनेजर गैर-स्थानीय हैं। गोली की आवाज सुनकर मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हमले के तुरंत बाद सुरक्षाबल मौके पर पहुंच गए हैं और आतंकियों की तलाश शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज शाम से तीन दिवसीय जम्मू-



कश्मीर दौरे पर पहुंच रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह चार को राजोरी में और पांच अक्तूबर को बारामुला में जनसभा को संबोधन करेंगे। दौरे को लेकर राजोरी व बारामुला में व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई हैं। दिल्ली से सुरक्षा अमला दोनों ही स्थानों पर पहुंच चुका है। जम्मू में मॉक ड्रिल कर तैयारियों को मुकम्मल किया गया है।

राजोरी में पहाड़ियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की भी घोषणा हो सकती है। वहां से लौटकर जम्मू के कन्वेंशन सेंटर में चुनिंदा भाजपा नेताओं से मुलाकात करेंगे। शाम को ही वे श्रीनगर चले जाएंगे। बुधवार को वे बारामुला स्पोर्ट्स स्टेडियम में रैली को संबोधित करेंगे।

**कई जिलों में हाई अलर्ट**

गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को जम्मू-कश्मीर दौर पर जम्मू पहुंचेंगे। इसे लेकर जम्मू में हाई अलर्ट जारी किया गया है। बॉर्डर से लेकर शहर तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। वह जम्मू के तकनीकी एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। यहां से सीधे कन्वेंशन सेंटर जाएंगे। इसे देखते हुए एयरपोर्ट से लेकर कन्वेंशन सेंटर तक के 7 किलोमीटर के दायरे में 15 चेकप्वाइंट के साथ 2 हजार सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। हर 100 मीटर के बाद अर्द्धसैनिक बल पुलिस के साथ तैनात रहेंगे। सूत्रों का कहना है कि शाह के दौरे के मद्देनजर लखनपुर से कश्मीर तक सीआरपीएफ और अर्द्धरसैनिक बलों की 100 से अधिक कंपनियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। खासकर राजोरी और बारामुला में तैनाती की गई है। रविवार को सुरक्षा बंदोबस्त की रिहर्सल भी की गई। एयरपोर्ट से एक काफिला कन्वेंशन सेंटर पहुंचा। मॉकड्रिल के जरिए पूरे काफिले की सुरक्षा को पुख्ता किया गया। शहर के सभी पुलिस नाकों पर अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।

जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद शाह का यह तीसरा दौरा है। जम्मू पहुंचने पर वह तमाम सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ सुरक्षा पर मंथन करेंगे। उनके साथ गृह मंत्रालय, आईबी, रॉ जैसे खुफिया एवं बीएसएफ, एनआईए, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ जैसी एजेंसियों के प्रमुख भी होंगे।

## आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले बोले

# एक प्रतिशत लोगों के पास देश की 20% संपत्ति 20 करोड़ लोग अब भी गरीबी रेखा में जी रहे




नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर-कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने एक कार्यक्रम में देश में बढ़ती बेरोजगारी, गरीबी और आय में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी खत्म करने के लिए सरकार को जल्द से जल्द प्रयास करने चाहिए। हालांकि, होसबाले ने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई कदम उठाए गए हैं।

**एक प्रतिशत लोगों के पास 20% संपत्ति**

होसबाले ने आगे कहा कि भारत की शीर्ष एक प्रतिशत आबादी के पास देश की आय का पांचवां (20%) हिस्सा है। साथ ही देश की 50% आबादी के पास देश की आय का केवल 13 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं दूसरी ओर बाकी 50% लोगों के पास 87% इनकम है, जो सही नहीं है।

**20 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे**

होसबाले ने संघ से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच (एसजीएम) द्वारा आयोजित एक वेबिनार में कहा- हमें इस बात का दुख होना चाहिए कि 20 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं और 23 करोड़ लोग प्रतिदिन 375 रुपए से भी कम कमा रहे हैं। गरीबी हमारे सामने एक राक्षस-जैसी चुनौती है। यह महत्वपूर्ण है कि इस दानव को खत्म किया जाए।

**बेरोजगारी दर घटाने पर काम हो**

आरएसएस नेता ने कहा कि गरीबी के अलावा असमानता और बेरोजगारी, दो चुनौतियां हैं जिनसे निपटने की आवश्यकता है। देश में 4 करोड़ बेरोजगार हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 2.2 करोड़ और शहरी क्षेत्रों में 1.8 करोड़ बेरोजगार हैं।

श्रम बल सर्वेक्षण में बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत बताई गई है। हमें रोजगार पैदा करने के लिए न केवल सेंट्रल लेवल पर बल्कि लोकल लेवल पर भी स्कीम बनाने की आवश्यकता है।

**कार्यकारी प्रधान होते हैं सर-कार्यवाह**

2020 में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में दत्तात्रेय होसबाले को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का सर-कार्यवाह चुना गया था। सर-कार्यवाह का पद संघ प्रमुख मोहन भागवत के बाद संगठन में नंबर दो का है। आरएसएस में संघ प्रमुख की भूमिका मुख्य तौर पर मार्गदर्शक की होती है। संगठन का सारा कामकाज सर-कार्यवाह ही देखते हैं।

# 100 साल में पहली बार महिलाएं करेंगी संघ का नेतृत्व

## 2025 तक सह-कार्यवाह और सह-सरकार्यवाह की जिम्मेदारी मिल सकती है

संघ में नारी शक्ति



2025 में संघ की स्थापना की 100वीं वर्षगांठ तक राष्ट्र सेविका समिति में शामिल महिलाओं को संघ में लाया जा सकता है।

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में जल्द ही सह-कार्यवाह और सह-सरकार्यवाह पद की जिम्मेदारी महिलाओं को मिल सकती है। संघ की स्थापना की 100वीं वर्षगांठ (2025) तक राष्ट्र सेविका समिति में शामिल महिलाओं को संघ में लाया जा सकता है। संघ के 97 साल के इतिहास में कोई महिला इस पद पर नहीं रही है। सूत्रों का कहना है कि महिलाओं को प्रमुख पदों की नियुक्ति देने पर संघ में सहमति बन चुकी है। इसी को देखते हुए पहली बार नागपुर में संघ के दशहरा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पर्वातारोही संतोष यादव को आमंत्रित किया गया है। संतोष यादव पहली महिला होंगी, जो इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगी।

संघ के सामने कई बार यह प्रश्न उठता रहा है कि संगठन के ढांचे में शीर्ष स्थानों पर महिलाएं क्यों नहीं हैं। लिहाजा संघ में सहमति बनी है कि सह कार्यवाह और सह सरकार्यवाह की जिम्मेदारी महिलाओं को दिया जाना चाहिए। आने वाले समय में राष्ट्र सेविका समिति से जुड़ी स्वयं सेविकाओं को संघ में आने का मौका मिलेगा।

**संघ में 1936 से अहम भूमिका निभा रहीं महिलाएं**

संघ के एक वरिष्ठ पदाधिकारी कहते हैं कि लंबे समय से आरोप लगता रहा है कि संघ देश की आधी आबादी से कटा हुआ है। लेकिन, ऐसा नहीं है। संघ की स्थापना के 11 साल बाद 1936 से संघ में महिलाएं अहम भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं के लिए बाल शाखा, तरुण शाखा और राष्ट्र सेविका समिति है। देशभर में राष्ट्र सेविका समिति की 3500 से अधिक शाखाएं हैं। वर्तमान में शांतक्का इसकी प्रमुख हैं।

**संघ प्रमुख मोहन भागवत से सवाल पूछने के बाद शुरू हुआ मंथन**

पिछले साल दिल्ली में विदेशी प्रतिनिधियों ने बातचीत के दौरान संघ प्रमुख भागवत से इस संबंध में कई सवाल किए थे। इसके बाद ही महिला स्वयंसेविकाओं को जिम्मेदारी देने को लेकर गंभीरता से मंथन शुरू हुआ। संघ के सदस्य जब दशहरा कार्यक्रम के लिए संतोष यादव को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित करने के लिए गए तो वहां भी महिलाओं को लेकर संघ की सोच पर बात हुई थी। इसके बाद ही संघ इस फैसले पर पहुंचा।

**अहम विषयों पर चिंतन से महिलाएं दूर**

संघ से जुड़े लोग बताते हैं कि संघ की जब स्थापना हुई थी, उस वक्त संघ के विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए घर के पुरुष सदस्यों से ही बातचीत होती है। अब महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों की बराबरी कर रही हैं। ऐसे में अगर पुरुष पदाधिकारियों के बराबर महिला पदाधिकारी भी संघ की जिम्मेदारी निभाएं तो अच्छी पहल होगी।

## राष्ट्रपति मुर्मू पहुंचीं साबरमती आश्रम

# बापू को दी श्रद्धांजलि चरखा भी चलाया



अहमदाबाद, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर गुजरात के अहमदाबाद पहुंची हैं। अहमदाबाद में उन्होंने सबसे पहले साबरमती आश्रम पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी और फिर चरखा चलाया। उनके साथ राज्यपाल आचार्य देवव्रत और सीएम भूपेंद्र पटेल भी मौजूद हैं। बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति चार अक्तूबर को महिला उद्यमियों के लिए गुजरात विश्वविद्यालय के स्टार्ट-अप प्लेटफॉर्म 'हर स्टार्ट' का शुभारंभ करेंगी और गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद में शिक्षा और आदिवासी विकास से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

# अंकिता हत्याकांड के आरोपियों की 3 दिन की पुलिस रिमांड खत्म, भेजे गए जेल

देहरादून, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले को लेकर पुलिस रिमांड पर लिए गए तीनों आरोपियों को एसआईटी ने पौड़ी जिला कारागार में भेज दिया है। इससे पहले एसआईटी ने इस हत्याकांड के तीनों आरोपियों को रिमांड पर लिया था जो खत्म हो गई है।

अंकिता हत्याकांड को लेकर एसआईटी ने आरोपियों से कई अहम सबूत जुटाए हैं। आपको बता दें कि, 23 सितंबर को रेगुलर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद कोर्ट में पेश करने के बाद तीनों आरोपियों पुलकित, अंकित और सौरभ को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार खांड्यूसैंण भेज दिया गया। अंकिता हत्याकांड की जांच को लेकर सरकार ने




डीआईजी पी. रेणुका देवी की अध्यक्षता में एसआईटी टीम का गठन किया है।

अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच कर रही एसआइटी जांच अधिकारी पी. रेणुका देवी ने सोमवार को कहा कि, तीनो अभियुक्तों को हमने तीन दिन की रिमांड पर लिया था। तीनो आरोपियों से गंभीरता से पूछताछ की गई है। जिससे हमें काफी सबूत मिले हैं। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाया गया। जहां पर घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली गई। एसआइटी को घटना स्थल से काफी साक्ष्य मिले हैं। वहीं डीआईजी एसआईटी पी. रेणुका देवी ने बताया कि एसआइटी टीम द्वारा घटनाक्रम से जुड़े सभी से पूछताछ की जा रही है। साथ ही वनन्तरा रिसॉर्ट और पुलकित आर्य की कैंडी फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

वहीं जांच अधिकारी रेणुका देवी ने कहा कि, सीसीटीवी के माध्यम से एसआइटी को काफी सबूत मिले हैं। वनन्तरा रिसॉर्ट में वीआईपी गेस्ट को लेकर डीआईजी ने बताया कि गेस्ट की जांच की जा रही है। जल्द ही इसकी जानकारी जुटाई जाएगी। जब डीआईजी से मोबाइल के बारे में जानकारी मांगी गई तो उन्होंने मना कर दिया और कहा कि घटनास्थल से कोई भी मोबाइल बरामद नहीं हुआ है।

अंकिता भंडारी हत्याकांड में गठित एसआइटी की प्रभारी डीआईजी पी. रेणुका देवी ने बताया कि 3 दिन के रिमांड में अभियुक्तों से घटना के संबंध में गहन पूछताछ की है।

# गांधीजी का असुर के रूप में चित्रण



## हिंदू महासभा के खिलाफ शिकायत, बवाल के बाद प्रतिमा में बदलाव

कोलकाता, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। दक्षिण-पूर्व कोलकाता के एक दुर्गा पूजा पांडाल में लगी मां दुर्गा की प्रतिमा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कथित तौर पर असुर के रूप में चित्रण को लेकर अभा हिंदू महासभा के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। प्रतिमा को लेकर रविवार को गांधी जयंती के मौके पर बवाल मच गया था।

महात्मा गांधी के गलत चित्रण को लेकर हिंदू महासभा के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। देवी दुर्गा ने महिषासुर समेत जिन असुरों का संहार किया था, उनके चित्र इस प्रतिमा के साथ बनाए गए थे। इन्हीं में से एक चित्र गांधीजी से मिलती-जुलता छवि का था।

इसकी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा ने भी निंदा की थी। इन दलों ने महात्मा गांधी के महिषासुर के रूप में कथित चित्रण की निंदा करने के साथ कार्रवाई की मांग की थी। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा था कि अगर यह वास्तव में किया गया था, तो यह बेअदबी के अलावा और कुछ नहीं है।

घोष ने कहा कि यह राष्ट्रपिता का अपमान है। यह देश के प्रत्येक नागरिक का अपमान है। इस तरह के अपमान के बारे में भाजपा क्या कहेगी? हम जानते हैं कि गांधीजी का हत्यारा किस वैचारिक खेमे से था। हालांकि पश्चिम बंगाल भाजपा ने भी इस तरह के प्रतिरूप की निंदा की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने संवाददाताओं से कहा कि अगर ऐसा कदम उठाया गया है, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हम इसकी निंदा करते हैं। यह असभ्य और अपमानजनक है। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद आज सुबह इस प्रतिमा में बदलाव किए गए और महात्मा गांधी से मिलती-जुलती मूरत को हटा दिया गया।

# रोचक खबरें

## बैग लेकर स्कूल के तैयार हो गए डॉग्स प्यारे स्टूडेंट्स को देखकर खुश हुए लोग!




सोशल मीडिया पर यूं तो बहुत से वीडियो वायरल होते ही रहते हैं, लेकिन खासतौर पर जानवरों से जुडे.हुए वीडियो लोगों को खूब पसंद आते हैं. भले ही ये जानवर पालतू हों या फिर जंगली, उनकी हरकतें लोगों को कुछ नया अनुभव देती हैं. इस वक्त सोशल मीडिया पर सभी के पसंदीदा पेट डॉग्स का एक क्यूट सा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे बैग टांगकर पढ़ने जा रहे हैं।

आपने अब तक बहुत से ऐसे समझदार और होशियार कुत्तों को देखा होगा, जो अपने मालिक की सिखाई गई ट्रिक्स को बेहतरी से परफॉर्म करते हैं. उनके कहने पर काम भी कर लेते हैं लेकिन आपने शायद कभी ऐसा देखा होगा कि इंसानी बच्चों की तरह कुत्ते भी स्कूल बस में जाने का इंतजार करते हैं. जो वीडियो इस वक्त वायरल है, उसमें डॉग्स बैग टांग कर दरवाजे के बाहर बैठे हुए हैं।

**स्कूल बैग लेकर निकले डॉग्स**

वायरल हो रहे वीडियो में पालतू कुत्तों का एक पूरा ग्रुप अपने घर के गैलरी में स्कूल बस का इंतजार कर रहा है. वीडियो की शुरुआत घर के गैलरी में कार्पेट पर बैठे अलग-अलग नस्ल के कुत्तों के समूह से होती है. सारे डॉग्स बिल्कुल रेडी दिख रहे हैं और उनके कंधों पर बैग और जरूरी कपड़े भी हैं.

सभी कुत्तों के गले में पीले रंग का कॉलर बंधा और वे बड़ी ही उत्सुकता से अपने स्कूल की बस का इंतज़ार कर रहे हैं।

## बच्चे ने दोस्तों के साथ खरीदी खिलौने वाली बंदूक, पीछे-पीछे घर तक आ गई पुलिस!



कुछ खिलौने होते हैं, जो सभी बच्चों को पसंद होते हैं. जैसे सभी लड़कियों को डॉल्स से खेलना पसंद होता है, वैसे ही अक्सर लड़कों को टॉयगन से खेलना खूब पसंद होता है. बच्चे तो बंदूक से एक-दूसरे के साथ खेलते हुए घंटों बिता सकते हैं. कुछ ऐसा ही एक बच्चे ने करने का प्लान बना रखा था, लेकिन पुलिस की नज़र उस पर पड़ गई और फिर जो हुआ, वो काफी दिलचस्प है।

12 साल के बच्चे के पिता ये देखकर दंग रह गए कि उनका बेटा कई सारे पुलिसकर्मियों के साथ घर वापस लौटा था. उसके हाथ में एक खिलौने वाली बंदूक थी और साथ में पुलिसवाले. ये घटना न्यूज़ीलैंड की है, जहां बच्चे को बंदूक खरीदते देखकर पुलिसवालों ने उसे असिस्ट करने का फैसला किया।

**दोस्तों के साथ बंदूक लेने गया था लड़का**

घटना ऑकलैंड की है, जहां वांगापराव में अपने दोस्तों के साथ गया हुआ था. वहां पर उसने अपने दोस्तों के साथ एक टॉयगन खरीदी. लड़के ने 400 रुपये की खिलौने वाली बंदूक खरीद तो ली, लेकिन पुलिस की नज़र उस पर पड़ गई. डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक बंदूक असली रिवॉल्वर की तरह दिख रही थी, यही वजह है कि पुलिस ने उसे नोटिस कर लिया. इसके बाद उन्होंने पहले तो लड़कों से बातचीत की और फिर उन्हें छोड़ने के लिए उनके घर तक गए।

**पुलिस के साथ बेटे को देख भड़के पिता**

अपने बेटे को पुलिस के साथ देखकर पिता टोनी मूने काफी आश्चर्यचकित हुए. उनका कहना है कि ये उम्मीद उन्हें बिल्कुल नहीं थी, बल्कि वे सोच रहे थे कि बेटे के दोस्त की मां उसे छोड़ने आएंगी. बच्चे बाहर घूम रहे थे और किसी ने उन्हें देखकर पुलिस को बुलाया होगा. हालांकि उनके हाथ में जो टॉयगन थी, वो किसी तरह का नुकसान पहुंचाने वाली नहीं थी. न्यूज़ीलैंड हेराल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे पहले पैलेट गन ले चुके थे, तब उन्हें किसी ने नहीं नोटिस किया था।

## पत्नी को खींचकर ले जा रहा था 'जलदैत्य', पति ने मुक्के मार-मारकर बचा ली जान !



पति -पत्नी का रिश्ता इतना मजबूत होता है कि एक-दूसरे के साथ वो पूरी ज़िंदगी रहना चाहते हैं. दोनों में से किसी की भी ज़िंदगी पर आंच आए तो दूसरा अपना सबकुछ कुर्बान करने से पहले कुछ नहीं सोचता. कुछ ऐसा ही हुआ ऑस्ट्रेलिया के एक कपल के साथ, जिसमें से पत्नी को समंदर में जब शार्क ने पकड़ लिया, तो पति ने आव देखा न ताव और उसे छुड़ाने के लिए कूद पड़ा।

महिला पर द ग्रेट व्हाइट शार्क ने हमला कर दिया था, लेकिन पति ने ऐन वक्त पर उसे देखा और पत्नी को बचाने के लिए अपनी जान झोंक दी. शार्क को ज़ोरदार मुक्के जड़कर वो पत्नी को मौत के मुंह से खींच लाया. ये घटना 2 साल पहले पोर्ट मैकक्वैरी बीच पर हुई थी, जो किसी की भी ज़िंदगी में गहरे सदमे की तरह बन सकती है। ऑस्ट्रेलिया के पॉर्ट मैक्यूरी बीच पर मौजूद 35 साल की चांटेले डायल सर्फिंग कर रही थीं. उन्हें पता भी नहीं था कि अगले ही पल उनके साथ क्या होने वाला है. इसी बीच 10 फीट की एक शार्क मछली आई और डॉयले को उनके सर्फिंग बोर्ड के गिरा दिया. मछली ने उनके दाएं पैर को टार्गेट किया और उसमें अपने दांत गड़ा दिए. गनीमत ये रही कि उनके पति जॉन हंटर ने इसे देखा और मछली पर कूदकर उन्होंने तब तक उसके चेहरे पर मुक्के मारे, जब तक कि वो उनकी पत्नी को छोड़कर भाग नहीं गई।

## जल्दबाजी में जारी की गई मुनगोडु उपचुनाव की अधिसूचना : जगदीश रेड्डी



सूर्यापेट, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। ऊर्जा मंत्री जी. जगदीश रेड्डी ने सोमवार को कहा कि मुनुगोड़े विधानसभा उपचुनाव के लिए अधिसूचना मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के राष्ट्रीय राजनीति में आने की खबरों के आलोक में जल्दबाजी में जारी की गई है। यहां अपने कैंप कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए, जगदीश रेड्डी ने कहा कि टीआरएस पार्टी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राज्य के दौरे के तुरंत बाद उपचुनाव अधिसूचना की उम्मीद कर रही थी। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार जानबूझकर उपचुनाव अधिसूचना में देरी करने की कोशिश कर रही है, यह महसूस करने के बाद कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार के चुनाव में कोई मौका नहीं है, उन्होंने कहा कि अधिसूचना उसी दिन जारी की गई है जब मुख्यमंत्री की राष्ट्रीय राजनीतिक में प्रवेश पर पार्टी के नेता उनकी बैठक की रिपोर्ट आई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंद्रशेखर राव के फैसले को सुनकर रातों की नींद हराम कर दी होगी।

यह कहते हुए कि चंद्रशेखर राव मानवीय मूल्यों के साथ एक शासक की प्रतिष्ठा रखते हैं, जगदीश रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री, जिन्होंने विकास और कल्याण के एक नए मॉडल की शुरुआत की, राष्ट्रीय राजनीति में भी एक नई प्रवृत्ति को गति देंगे। अन्य राज्यों के लोग भी रैतु बंधु, कल्याण लक्ष्मी, केसीआर किट, कृषि पंप सेटों को मुफ्त बिजली आदि जैसी योजनाओं के कारण तेलंगाना के लोगों के जीवन में बदलाव को देखकर उनके नेतृत्व के ब्रांड की प्रतीक्षा कर रहे थे। यह विश्वास जताते हुए कि टीआरएस भारी बहुमत से उपचुनाव जीतेगी, मंत्री ने कहा कि मुनुगोड़े के लोग भाजपा को उसकी किसान विरोधी, जनविरोधी नीतियों और ईंधन तथा आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए सबक सिखाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## तेलंगाना में चिकित्सा शिक्षा को प्राथमिकता : हरीश राव

### तेलंगाना के लिए 2200 एमबीबीएस सीटें, 8 नए मेडिकल कॉलेज जुड़ने की घोषणा की



हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में चिकित्सा शिक्षा और एमबीबीएस के उम्मीदवारों को एक महत्वपूर्ण बढ़ावा देने के लिए, राज्य सरकार ने सोमवार को दुर्गा अष्टमी और सद्दुला बतुकम्मा के अवसर पर घोषणा की है कि इस शैक्षणिक वर्ष कुल 2,200 अतिरिक्त मेडिकल सीटें छात्रों को प्रवेश के लिए उपलब्ध होंगी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री टी हरीश राव ने कहा कि हम इस साल से 8 नए मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश शुरू करेंगे, जिसमें 1200 सीटें बढ़ जाएंगी। निजी मेडिकल कॉलेजों में बी श्रेणी की मेडिकल सीटों में 85 प्रतिशत आरक्षण के माध्यम से 106% अतिरिक्त एमबीबीएस सीटों के साथ, इस वर्ष से 2,200 से अधिक मेडिकल सीटें उपलब्ध होंगी। यह तेलंगाना में एमबीबीएस उम्मीदवारों के लिए मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की ओर से एक दशहरा उपहार है।

## अग्रवाल समाज अग्रसेन मार्ग शाखा का डांडिया उत्सव आयोजित









हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज की अग्रसेन मार्ग शाखा का डांडिया उत्सव आयोजित किया गया। एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा शाखा के केंद्रीय समिति सदस्य मुकुंद लाल अग्रवाल ने बताया कि डांडिया का आयोजन बंजारा हिल्स में एमएलए कॉलोनी स्थित हरे कृष्णा एवं स्वयंभू नरसिम्हा स्वामी मंदिर गोल्डन टेम्पल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज तेलंगाना के उपाध्यक्ष दिलीप कुमार पंसारी एवं सह मंत्री सतीश अग्रवाल का पुष्प गुच्छ एवं शाल उढाकर सम्मान किया गया। प्रमुख समाज सेवी गोपाल बलदवा का सम्मान पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा शाल उढाकर किया गया। कार्यक्रम में अग्रसेन मार्ग शाखा के अध्यक्ष महेश कुमार अग्रवाल, मंत्री सीए पंकज अडुकिया, सह मंत्री परेश बंसल, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार अग्रवाल, शाखा के केंद्रीय समिति सदस्य मुकुंद लाल अग्रवाल, कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र कुमार अग्रवाल, परामर्शदाता गण मुन्ना लाल अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल, सुभाष कुमार अग्रवाल, सुरेश कुमार दिल्ली वाले एवं अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर बेस्ट डेंसर के रूप में नम्रता-रितेश अग्रवाल तथा मनीषा-पवन अग्रवाल का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र कुमार अग्रवाल एवं माया अग्रवाल ने उपस्थित लोगों का आभार जताया

## सीएम केसीआर महबूबाबाद में जल्द करेंगे एकीकृत कलेक्ट्रेट परिसर का उद्घाटन : सत्यवती



महबूबाबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आदिवासी कल्याण मंत्री सत्यवती राठौड़ ने स्थानीय विधायक बनोत शंकर नाइक, जिला कलेक्टर के शशांक और अन्य अधिकारियों के साथ सोमवार को यहां नए एकीकृत समाहरणालय परिसर में चल रहे काम का निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्टर कक्ष, मंत्री कक्ष, वीडियो कांफ्रेंस हॉल और हेलीपैड का दौरा करने के बाद अधिकारियों को कुछ सुझाव दिए। इस अवसर पर बोलते हुए, राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव जल्द ही महबूबाबाद जाएंगे और नवनिर्मित कलेक्ट्रेट परिसर और मेडिकल कॉलेज का भी उद्घाटन करेंगे, उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रमों की सभी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने 150 एमबीबीएस सीटों वाले कॉलेज के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। पोडु भूमि के मुद्दे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि महबूबाबाद जिले के आदिवासी इस उम्मीद से मुख्यमंत्री के दौरे का इंतजार कर रहे हैं कि उन्हें पोडु भूमि के पट्टे दिए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि जिले को जल्द ही एक बागवानी पॉलिटेक्निक कॉलेज भी मिलेगा, जिसके लिए एक जीओ पहले ही जारी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि महबूबाबाद शहर के लिए चार लेन की बाईपास सड़क का भी निर्माण किया जाएगा। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष अंगोथ बिंदू, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ पलवई राममोहन रेड्डी, पुलिस अधीक्षक शरतचंद्र पवार, आरएंडबी एसई नागेंद्र राव, ईई तनेश्वर, सीपीओ सुब्बा राव और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## गुजराती सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा मां भगवती का विशाल जागरण आयोजित

### सोसायटी अध्यक्ष ने की माता की पूजा व गायकों का सम्मान

हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। दि गुजराती सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सोसायटी के अध्यक्ष नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता जिग्नेश दोशी के नेतृत्व में पेराडाइज, सिकंदराबाद स्थित हरियाणा भवन में मां भगवती का विशाल जागरण आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर अध्यक्ष जिग्नेश दोशी ने माता की पूजा-अर्चना की तथा देशवासियों को स्वस्थ व सानंद रखने के साथ-साथ सोसायटी के सदस्यों की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने अपने संबोधन में सोसायटी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि माता रानी के आशीर्वाद से सोसायटी दिन दुनी रात चौगुनी विकास कर रही है। उनके नेतृत्व में सोसायटी के सदस्यों के लिए हर वर्ष नये-नये कार्यक्रम किये जा रहे हैं। सोसायटी के वयोवृद्ध सदस्यों के लिए हाल ही में पुरी (ओडिशा) स्थित प्रभु जगन्नाथ की यात्रा आयोजित की गई और सभी के



लिए सुलभ व्यवस्थाएं की गईं। इस दौरान उन्होंने कोलकोता से पधारी भजन गायिका सुश्री प्रियंका गुप्ता तथा गायक प्रतीक राजू मुरारी दाहिमा का अभिनंदन किया। गायिका सुश्री प्रियंका गुप्ता तथा गायक प्रतीक राजू मुरारी दाहिमा ने अपने सुमधुर स्वर से माता रानी के भजन प्रस्तुत कर सभी भक्तों को झुमने के लिए मजबूर कर दिया। तमाम रात सभी भक्त भावविभोर नजर आये। इस दौरान माता का भव्य दरबाद आकर्षण का केंद्र रहा तथा सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर विशेष रूप से सोनल दोशी, भानुबेन दोशी के अलावा शांतिलाल पटेल, शैलेश पटेल, हेतल समानी, राजेश रमानी, अरविंद पटेल, योगेश तुरखिया, पंकज सुखिया, शांति व्यास, अल्पा वोरा, आरती पुरोहित आदि सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष ने सभी के प्रति आभार जताया।

## पार्टी नेताओं को ईडी का नोटिस जारी करने पर रेवंत ने बीजेपी पर साधा निशाना



हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी प्रमुख और पार्टी सांसद ए रेवंत रेड्डी ने आज भाजपा पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने राहुल गांधी की भारत जोड़ी यात्रा में राज्य के पार्टी नेताओं की भागीदारी को रोकने की साजिश रची है। यात्रा 24 अक्टूबर से तेलंगाना में शुरू होने वाली है। उन्होंने कहा कि पार्टी के ईमानदार नेताओं को ईडी का नोटिस मिला था। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी नोटिस जारी कर शब्बीर अली, गीता रेड्डी, सुदर्शन रेड्डी, एम. अंजन कुमार यादव और गली अनिल कुमार जैसे पार्टी नेताओं को परेशान कर रही है। उन्होंने पूछा कि क्या स्टेट पार्टी नेताओं द्वारा नेशनल हेराल्ड को डेली चलाने के लिए चंदा देना पाप है? रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार भी राज्य में पदयात्रा को रोकने की साजिश कर रही है और कहा कि वह राज्य में राहुल गांधी को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान नहीं करने की भी योजना बना रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार राज्य के कांग्रेस नेताओं को ईडी के मामलों से डराकर भगवा पार्टी में शामिल होने के लिए परेशान कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने ईडी से पूछताछ के नाम पर पार्टी नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को परेशान करने की पूरी कोशिश की. उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी भाजपा का चुनाव विभाग बन गया है। यह कहते हुए कि भाजपा के पास 5000 करोड़ का पार्टी फंड है, रेवंत ने भगवा पार्टी से पूछा कि उसने इतना पैसा कैसे जमा किया? उन्होंने बीजेपी नेतृत्व से पूछा कि क्या बीजेपी को पैसा देने वालों को भी ईडी का नोटिस मिला है?

## रेल सेवा के 46 साल पूरे होने पर प्रशंसकों ने काटा केक





हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना एक्सप्रेस एक भावना के रूप में हैदराबाद से नई दिल्ली तक पूरे देश में गूँज रही है। इसने 03 अक्टूबर, 2022 को सफल सेवा के 46 साल पूरे कर लिए और दक्षिण मध्य रेलवे के एकजुट रेल प्रशंसकों ने इस अवसर को लीड लोकोमोटिव और ट्रेन को भव्य सजावट के साथ बड़े पैमाने पर मनाया।

ट्रेन के प्रस्थान से पहले एक केक काटने का सत्र आयोजित किया गया था, जिसमें एससी के ए.डी.आर.एम. लालागुडा ईएलएस के सीनियर डीईई, हैदराबाद डेक्कन के स्टेशन प्रबंधक और कई अन्य लोगों की उपस्थिति रहे। सभी ने रेलफैन के समर्पण और प्रयास की सराहना की।

## बंडी की पद यात्रा का पांचवां चरण स्थगित

हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार की 15 अक्टूबर से शुरू होने वाली पांचवीं चरण की पदयात्रा मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कराने के लिए उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा के कारण स्थगित कर दी गई थी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि उपचुनाव समाप्त होने के बाद यात्रा फिर से शुरू होगी। सूत्रों ने यह भी कहा कि वे पार्टी नेताओं के साथ बैठक करने के बाद यात्रा के पांचवें चरण की सही तारीखों का खुलासा करेंगे। मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र के साथ अंधेरी-पूर्व (महाराष्ट्र), गोपालगंज (बिहार), आदमपुर (हरियाणा), गोला गोखरनाथ (यूपी) और धामनगर (ओडिशा) में उपचुनाव होंगे। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि वह 3 नवंबर, 2022 को उपचुनाव कराएगा। उसने कहा कि मतों की गिनती 6 नवंबर को होगी।

## राज्यपाल ने राजभवन में की आयुध पूजा



हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौदरराजन ने सोमवार को यहां राजभवन में आयुध पूजा और वाहन पूजा की। दशहरा उत्सव के पारंपरिक समारोह के हिस्से के रूप में, राज्यपाल ने राजभवन के सभी वाहनों के लिए सुरक्षा कर्मियों के हथियारों और वाहन पूजा के लिए आयुध पूजा की।

राजभवन परिसर के अंदर मंदिर के पास आयोजित विशेष आयुध पूजा और वाहन पूजा करने में वरिष्ठ अधिकारी और स्टाफ के अन्य सदस्य राज्यपाल के साथ शामिल हुए। राज्यपाल ने व्यक्तिगत रूप से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल के सचिव के. सुरेंद्र मोहन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूजा में भाग लिया।


## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I, Sr.No.JC767373M Rank: SUB, Name: Sanap Eknath Martand, R/o. Nimgaon Sinnar (V&P), Nasik Dist, MH State, changed my son's names from Dhananjay to Sanap Dhananjay Eknath (DOB: 03-12-2001) and from Akash to Akash Eknath Sanap (DOB: 16-05-2006) for records.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवाल करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।


## ग्राम राजस्व सहायकों की मदद के लिए आगे आये टीआरएस नेता

### 180 वीआरओ में प्रत्येक को दस हजार की आर्थिक सहायता दी



संगारेड्डी, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राष्ट्र समिति के नेता गुडेम मधुसूदन रेड्डी ने सोमवार को पटनचेरु विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत 180 ग्राम राजस्व सहायकों (वीआरए) को 10,000 रुपये का दान दिया है। चूंकि वीआरए को हड़ताल पर जाने के बाद से उनका वेतन नहीं मिल रहा है तथा इसके लिए वीआरए आर्थिक रूप से परेशान हैं।

उनकी कठिनाइयों के बारे में जानने के बाद, रेड्डी ने 180 वीआरए को 18 लाख रुपये का दान दिया। जैसे ही दशहरा उत्सव नजदीक आ रहा है, रेड्डी ने उन्हें जीएमआर सम्मेलन केंद्र में आमंत्रित किया और राशि सौंप दी। उन्होंने उन्हें लंच पर होस्ट भी किया। वीआरए जेएसी ने टीआरएस नेता को धन्यवाद देते हुए कहा कि दशहरा से पहले यह एक बड़ी राहत है।

## प्रधानमंत्री 11 को शहर में विश्व भू-स्थानिक कांग्रेस का उद्घाटन करेंगे

हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अक्टूबर को एचआईसीसी में विश्व भू-स्थानिक कांग्रेस का उद्घाटन करने के लिए यहां आएंगे। यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र संगठन (यूएनओ) और केंद्र सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।

टीआरएस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के अपने राष्ट्रीय राजनीतिक दल की घोषणा करने के फैसले के मद्देनजर प्रधान मंत्री की शहर की यात्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सम्मेलन 10 से 14 अक्टूबर तक चार दिनों के लिए आयोजित किया जाएगा। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि नरेंद्र मोदी भी राज्य की अपनी यात्रा के दौरान पार्टी से संबंधित किसी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे या नहीं। मोदी ने आखिरी बार इस साल जुलाई में राज्य का दौरा किया था और दो दिनों तक शहर में रहे और भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने शहर के परेड ग्राउंड में आयोजित एक जनसभा को भी संबोधित किया। हालाँकि, उन्होंने अपने सार्वजनिक संबोधन में सीएम केसीआर के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा, जिससे राज्य के अपनी ही पार्टी के नेताओं को आश्चर्य हुआ।

## टीआरएस नेता ने केसीआर के नई पार्टी के फैसले का नए अंदाज में स्वागत किया

हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर के राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश करने के फैसले पर खुशी व्यक्त करते हुए, टीआरएस के युवा नेता अरविंद अलीशेट्टी ने एक प्रसिद्ध रेत कलाकार मानस साहू के साथ उड़ीसा के पुरी बीच में एक रेत कला के कदम का स्वागत किया। तस्वीर बोलती है "राष्ट्रीय राजनीति में आपका स्वागत है केसीआर जी और अन्य उद्धरण" देश की नेता किसान की भरोसा "कला पर लिखे गए हैं। "स्वतंत्रता के 75 वर्षों के इतिहास में, कांग्रेस या भाजपा पार्टी के शासन के वर्षों के साथ, भारतीय राष्ट्रीय राजनीति में कोई वैकल्पिक पार्टी नहीं है। इसलिए तेलंगाना राज्य के आंदोलन की भावना के साथ, एक नेता के रूप में, जिसने तेलंगाना को भारतीय मानचित्र पर लाया, केसीआर फिर से कांग्रेस और भाजपा दलों के अत्याचार का विकल्प बनकर नया भारत की ओर बढ़ रहे हैं। भारत को एक नया और गतिशील देश बनाने के लिए यह उनका आंदोलन है।

# मोकामा और गोपालगंज उपचुनाव में होगी नीतीश-तेजस्वी सरकार की पहली परीक्षा

पटना, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार की मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा हो गई है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार की यह पहली परीक्षा होगी। बीजेपी का साथ छोड़कर जेडीयू के तेजस्वी यादव की आरजेडी समेत अन्य दलों के समर्थन में सरकार बनाने के बाद ये पहला चुनाव होने जा रहा है। बिहार उपचुनाव 2022 में बीजेपी के लिए खुला मैदान है। इन दोनों सीटों पर एक तरफ जेडीयू, आरजेडी, कांग्रेस, हम और वाम दल मिलकर लड़ेंगे, तो वहीं बीजेपी अकेले पूरे महागठबंधन को टक्कर देगी।

## बीजेपी के लिए खुला मैदान



पटना जिले में आने वाली मोकामा विधानसभा सीट राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का गढ़ मानी जाती है। बाहुबली नेता अनंत सिंह के एके47 मामले में जेल जाने के बाद यह सीट खाली हो गई थी और उपचुनाव की नौबत आई। मोकामा में अनंत सिंह का प्रभाव माना जाता है। भले ही वे अभी जेल में हैं लेकिन अब भी क्षेत्र में उनका दबदबा कायम है। इस सीट पर महागठबंधन की ओर से आरजेडी का ही उम्मीदवार उतारा जा सकता है, जिसे जेडीयू, कांग्रेस समेत अन्य सत्ताधारी दलों का समर्थन होगा। वहीं, आरजेडी के गढ़ में बीजेपी के लिए ये सीट जीतना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

दूसरी ओर, गोपालगंज सदर विधानसभा सीट की बात करें तो यह बीजेपी नेता और पूर्व मंत्री सुभाष सिंह के निधन के बाद खाली हुई। इस सीट पर अगले महीने उपचुनाव होने जा रहे हैं। गोपालगंज शहर को बीजेपी का गढ़ माना जाता है और पार्टी को सहानुभूति लहर का फायदा भी मिल सकता है। ऐसे में महागठबंधन के लिए यहां जीत दर्ज करना बड़ी चुनौती होगी। इस सीट पर बीते चार चुनावों में बीजेपी को जीत मिली थी। गोपालगंज में कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा-मुकाबला होता है, इसलिए महागठबंधन की ओर से कांग्रेस की ओर से यहां उम्मीदवार उतारा जा सकता है।

बिहार की इन दोनों विधानसभा सीटों पर मुकाबला रोचक होने वाला है। सूबे में सत्ता परिवर्तन के बाद पहली बार चुनावी माहौल बन रहा है। एक तरफ नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव उपचुनाव को जीतने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाकर सरकार को मजबूती देंगे। वहीं आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अपने दम पर बिहार जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही बीजेपी के लिए भी यह उपचुनाव अहम माना जा रहा है। बीजेपी की ओर से केंद्रीय स्तर के नेता उपचुनाव में प्रचार के लिए आ सकते हैं।

## यूपी की सड़कों पर 10 दिन चलेगा विशेष अभियान

### कोई ट्रैफिक नियम तोड़ता दिखे तो इन नंबरों पर कर सकते हैं शिकायत

लखनऊ, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूपी की सड़कों पर अगले 10 दिनों तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान कोई माल वाहन पर सवारी बैठाते दिखा तो उसपर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगेगा। यदि कोई ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करे तो इन नंबरों पर सूचना दें। ये नंबर हैं-0522-2390468 और 9454402555 हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों से यात्रा के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रक से यात्रा असुरक्षित है। इसलिए यात्रा के लिए किसी भी दशा में ट्रैक्टर ट्रॉली या ट्रक का उपयोग न किया जाए। मुख्यमंत्री कानपुर नगर में हुए दो सड़क हादसों के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने और घायलों का हालचाल लेने के लिए कानपुर नगर जाने से पहले, रविवार को अपने सरकारी आवास पर सड़क सुरक्षा के संबंध में परिवहन और गृह विभाग की उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे।

## दुर्गा पूजा पंडाल में लगी भीषण आग

### 3 बच्चों समेत 5 की मौत, 50 से अधिक लोग झुलसे



भदोही, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के भदोही में एक दुर्गा पूजा पंडाल में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में 3 बच्चों समेत 5 लोगों की मौत हो गई है और 60 से ज्यादा लोग इस आग में बुरी तरह से झुलस गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि शॉर्ट-सर्किट के कारण यह हादसा हुआ है।

भदोही के डीएम गौरंग राठी ने कहा कि जिस वक्त यह हादसा हुआ, उस समय वहां 150 लोग मौजूद थे। दुर्गा पूजा आरती के दौरान लगी आग में 64 लोग झुलस गए हैं, जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। वहीं, इस हादसे में 5 लोगों की जान चली गई है। मरने वालों में 10 और 12 साल के 3 बच्चे भी शामिल हैं।

रविवार रात भदोही के एसपी अनिल कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आग आरती के समय लगी थी। एसपी ने कहा, "रात करीब नौ बजे भदोही में दुर्गा पूजा पंडाल में आग लग गई क्योंकि आरती का समय था।" अधिकारियों ने बताया कि 30-40 प्रतिशत जले लोगों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है और अब पीड़ितों की हालत स्थिर है। नवरात्र के दौरान यहां लगा पंडाल काफी आकर्षक बनाया गया था। ऐसे में यहां लोगों की रोजाना काफी ज्यादा भीड़ रहती थी। हादसे के दिन पंडाल में एक डिजिटल शो भी चल रहा था, तभी अचानक से आग लग गई। आग देखकर लोग घबरा गए और इधर-उधर भागने लगे। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से बात करके हादसे के बारे में जानकारी ली है और घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने को कहा है। एडीजी जोन रामकुमार ने कहा कि हादसे की जांच के लिए पुलिस प्रशासन और फोरेंसिक एक्सपर्ट की संयुक्त टीम गठित की जा रही है।

## खेत में निर्वस्त्र मिला किशोरी का शव

### दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

औरैया, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। औरैया जिले में दिबियापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए खेतों में गई किशोरी का शव गांव के बाहर बाजरे के खेत में निर्वस्त्र अवस्था में पड़ा मिला। घटना की जानकारी पर अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल, सीओ सुरेंद्र नाथ, प्रभारी निरीक्षक दिबियापुर शशिभूषण मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीणों और परिजनों ने दुष्कर्म कर हत्या का आरोप लगाया है। पिता ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे 17 वर्षीय बेटी शौच के लिए घर से निकली थी। काफी देर कर किशोरी के घर न लौटने पर घर के सदस्य परेशान हो गए। परिजन गांव में किशोरी की तलाश करने लगे। किशोरी की मां को गांव के बाहर बाजरे के खेत में 10 बजे के करीब बेटी का शव निर्वस्त्र हालत में मिला।

## आईएएस अफसर के सामने सैनिटरी पैड मांगने वाली लड़की को मिला एड का ऑफर

### पढ़ाई का खर्चा भी उठाएंगे



पटना, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में आईएएस अफसर हरजोत कौर से सार्वजनिक मंच में सैनिटरी पैड मांगकर सुर्खियों में आ चुकी रिया कुमारी को एक सैनिटरी पैड कंपनी से विज्ञापन का ऑफर मिला है। ग्रेजुएशन तक उनकी पढ़ाई का खर्च भी कंपनी उठाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स हैं कि पटना के कमला नेहरू नगर की रहने वाली रिया को एक सैनिटरी पैड कंपनी से कंपनी का कमर्शियल विज्ञापन करने का ऑफर मिला है। रिया ने कहा कि कंपनी ने उन्हें एक साल के लिए सैनिटरी पैड मुहैया कराने का वादा किया है। इसने उसे कंपनी के कमर्शियल एड में शामिल होने का प्रस्ताव देने के अलावा ग्रेजुएशन तक पढ़ाई का खर्च वहन करने का भी आश्वासन दिया है।

रिया ने पीरियड्स के बारे में खुलकर बात करने की जरूरत पर जोर दिया। रिया ने कहा, पहले लोग इस पर खुलकर चर्चा नहीं करते थे, लेकिन अब हम घर-घर जाकर लोगों को इसके बारे में जागरूक करेंगे और उन्हें समझाएंगे कि पीरियड को छुपाया नहीं जा सकता लेकिन सैनिटरी पैड से इसे दूर किया जा सकता है। गौरतलब है कि बिहार में बुधवार को एक कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने सैनिटरी पैड मुफ्त में उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर बिहार महिला विकास निगम की प्रबंध निदेशक हरजोत कौर ने कहा, 'आज आप सैनिटरी पैड मांग रहे हैं, कल कंडोम मांगोगे।

## कृषि मंत्री के इस्तीफे पर नेता प्रतिपक्ष ने साधा निशाना

### विजय सिन्हा ने बालू घाट पर गोलीबारी को लेकर सरकार को घेरा, सीएम से इस्तीफा मांगा

बेगूसराय, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। बेगूसराय में बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कृषि मंत्री सुधाकर सिंह की इस्तीफा को लेकर सरकार पर हमला बोला है। इतना ही नहीं उन्होंने बिहार में बढ़ते अपराध और बालू माफियाओं के द्वारा पटना में हुई फायरिंग में कई लोगों के मारे जाने पर नीतीश कुमार से इस्तीफे की मांग की है। श्री सिन्हा ने कहा कि कृषि मंत्री का इस्तीफा सरकार के कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर रही है। कृषि मंत्री ने पहले ही कहा था कि हमारे यहां सभी चोर हैं और हम चोरों के सरदार हैं। पर बिहार के मुख्यमंत्री विधायिका को हमेशा नजरअंदाज किया है। आगे उन्होंने कहा कि सिद्धांत विहीन राजनीति



जब-जब होती है जो गांधी जयंती पर सात पापों के बोर्ड लगाते हैं और आज मंत्री का इस्तीफा उसी का नतीजा है। बिहार सरकार में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों की जमात कुंडली मारकर बैठी हुई है। अपराध और भष्टाचार पर मुख्यमंत्री के द्वारा संज्ञान नहीं लेना यह गंभीर बात है। मुख्यमंत्री के इकबाल पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। हर विभाग में सुनियोजित ढंग से भ्रष्टाचार हो रहा है। भ्रष्ट अधिकारी पर घोषित और अघोषित संरक्षण है, जिसको मुख्यमंत्री को स्वतंत्र एजेंसी से जांच करवानी चाहिए।

विजय सिन्हा ने पटना में फायरिंग को लेकर कहा कि पूरे बिहार के अंदर बालू और दारू को लेकर जिस तरीके से अपराध चरम बढ़े हैं। अपराधियों के द्वारा आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री जी के प्रशासन के थाना और पुलिस पदाधिकारी आंकड़े को कम करने में सिर्फ लगे हुए हैं।

## बिहार में खाकी फिर बदनाम

### सब इंस्पेक्टर पर किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश का आरोप, गिरफ्तार

गोपालगंज, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में खाकी पर एक बार फिर से सवाल खड़ा हो गया है। ताजा मामला है गोपालगंज का जहां एक सब इंस्पेक्टर को किशोरी से दुष्कर्म करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सब इंस्पेक्टर से पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस कप्तान आनंद कुमार ने आरोपी सब इंस्पेक्टर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं जांच के लिए मुख्यालय डीएसपी ज्योति कुमारी के नेतृत्व में टीम गठित किया गया है।

मीरगंज में तैनात था सब इंस्पेक्टर मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सब इंस्पेक्टर पहले कुचायकोट थाने में पदस्थापित था, इसके बाद हाल ही में उसका तबादला मीरगंज थाने में हो गया था। बताया जा रहा है कि मीरगंज में पोस्टिंग के बाद से ही वह मनमानी कर रहा था। थाने में आई किशोरी के साथ पहले अश्लील हरकत की फिर दुष्कर्म की कोशिश की। इस पूरी कार्रवाई की पुष्टि एसपी ने की है।

**पीड़िता का भी हुआ मेडिकल जांच**

पुलिस की ओर से पीड़िता का मेडिकल जांच कराया गया है। हालांकि अभी रिपोर्ट नहीं आई है। वहीं पुलिस अधिकारी भी इसपर टिप्पणी करने से बच रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से इंसाफ की गुहार लगाते हुए आरोपी सब इंस्पेक्टर को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

## पत्रकार के चाचा समेत दो लोगों की गोली मारकर हत्या

पटना, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। मनेर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों पर अपराधियों ने गोली मारकर 2 लोगों की हत्या कर दी है। हत्या करने के बाद अपराधी फरार हो गये हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अब तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। एक ही दिन सरे राह दो लोगों की दिन दहाड़े हत्या से लोगों में दहशत का माहौल बन गया है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि ब्रह्मचारी के पास दशहरा मेला घूमने के दौरान मनीष कुमार नामक युवक को अपराधियों ने गोली मार दी। गोली उसके सीने में मारी गयी है। गोली लगते ही मौके पर उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही उसके परिवार वालों के बीच कोहराम मच गया। इस वारदात की

### जांच में जुटी पुलिस

छानबीन के बीच ही दूसरी हत्या की घटना सामने आ गयी। एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार और ताजपुर गांव निवासी नवीन कुमार सिन्हा के चाचा अरविंद कुमार सिंह की अपराधियों ने ताजपुर मोड़ के पास गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना को लेकर पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी अनुसंधान जारी है। अपराधियों को हर हाल में गिरफ्तार किया जा जायेगा। अब तक हत्या के पीछे के कारणों का पता नहीं चला है।

## हर जिले में दस-दस सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों को उच्चीकृत करने की तैयारी

लखनऊ, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश के विभिन्न जिलों में दस-दस सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों को उच्चीकृत करने की तैयारी है। इन विद्यालयों में कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास आदि अत्याधुनिक अवस्थापना सुविधाएं मुहैया कराने की योजना है। इसी क्रम में जिलों से चयनित विद्यालयों का पूरा ब्योरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद की ओर से इस संबंध में सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देशों में कहा गया है कि ऐसे विद्यालयों का स्थलीय सत्यापन जिला समन्वयक के माध्यम से कराया जाए। ऐसे विद्यालय ही चुने जाएं, जहां कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाएं संचालित होती हैं। यहां यह भी देखा जाए कि वहां उच्चीकरण के लिए किस प्रकार के सिविल कार्य की जरूरत है।

## नीतीश कैबिनेट से इस्तीफे के बाद फॉर्म में सुधाकर सिंह

भभुआ, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार की महागठबंधन सरकार में कृषि मंत्री रहे सुधाकर सिंह नीतीश कैबिनेट से इस्तीफे के बाद फॉर्म में आ गए हैं। उन्होंने इस्तीफे के अगले दिन ही कैमूर जिले के अधौरा में किसान सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नीतीश सरकार में भ्रष्ट्राचार का मुद्दा उठाया। साथ ही कहा कि जब वे किसानों की समस्या उठाते हैं तो कुछ लोगों को बुरा लग जाता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जरूरत पड़ी तो वे सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाएंगे।

किसान सभा में सोमवार को आरजेडी नेता सुधाकर सिंह ने कहा, 'जब मैं किसानों की समस्या उठाता हूं और भ्रष्टाचार का विरोध करता हूं तो कुछ लोगों को बुरा लगता है। सत्ता में बैठे लोगों की बेचैनी बढ़ जाती है। कर्मचारी और अधिकारी मालिक बन बैठे हैं। अभी मैंने इस्तीफा दिया है। सरकार हम लोगों की है। जरूरत पड़ी तो सड़क से सदन तक आवाज उठाउंगा।'

पौने दो महीने पुरानी महागठबंधन सरकार में सुधाकर सिंह आरजेडी कोटे से मंत्री रहे। उन्हें कृषि विभाग की जिम्मेदारी दी गई। मगर कार्यभार संभालने के बाद से ही सुधाकर सिंह अपने बगावती तेवर को लेकर चर्चा में आ गए। सबसे पहले उन्होंने विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए और उन्हें चोर तक बता दिया। इसके बाद अपनी ही सरकार को घेरने में लग गए।

**आखिर क्या है सुधाकर सिंह के इस्तीफे के पीछे की इनसाइड स्टोरी?**

रविवार को उन्होंने डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को अपना इस्तीफा सौंप दिया। सीएम नीतीश कुमार को उनका इस्तीफा भेजा गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने इसे मंजूर करते हुए कुमार सर्वजीत को कृषि विभाग का प्रभार सौंप दिया। साथ ही राज्यपाल फागू चौहान को इसकी अनुशंसा भेज दी।

## हादसे में घायल यूक्रेनी युवती ने 29 दिन बाद दम तोड़ा

### सीएम योगी कर रहे थे मॉनिटरिंग

कानपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सड़क हादसे में घायल यूक्रेन की 27 वर्षीय युवती ओजेरोवा अलेक्जेंडर की सोमवार को 29 दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। ओजेरोवा के इलाज को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार नजर रखे थे। रविवार को कानपुर दौरे के दौरान उन्होंने डॉक्टरों से उसके संबंध में रिपोर्ट ली थी। दरअसल, लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोहरामऊ में चार सितंबर की रात हादसे में गंभीर रूप से घायल ओजेरोवा को नाजुक हालत में पुलिस जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट इमरजेंसी लाई थी। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें एनेस्थीसिया आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया था। हैलट के प्रमुख अधीक्षक प्रो.आरके मौर्या ने ओजेरोवा की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि उसके सिर पर गंभीर चोटें थी। डॉक्टर लगातार प्रयास कर रहे थे, लेकिन क्लॉटिंग की वजह से रेस्पॉन्ड नहीं कर रहा था।

## जेपी जयंती पर अमित शाह बिहार तो नीतीश नागालैंड में



पटना, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 11 अक्टूबर को नागालैंड में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। गृह मंत्री के सिताब दियारा में कार्यक्रम के दिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नागालैंड में जेपी की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह के बिहार आने का प्लान तैयार हो चुका है। जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर देश के गृह मंत्री जेपी के जन्मस्थली सिताब दियारा में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। गृहमंत्री 11 अक्टूबर को सिताब दियारा पहुंचेंगे।

रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में गृहमंत्री के बिहार दौरे पर कहा था कि बिहार में किसी के आने पर कोई रोक नहीं है। सबका अधिकार है। नीतीश कुमार ने कहा था कि गृहमंत्री सिताब दियारा में हुए विकास कार्य को भी देखें, केवल राजनीति ना करें। नीतीश कुमार नागालैंड में जयप्रकाश नारायण की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में जनता को सम्बोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी की गयी सूचना के अनुसार नीतीश कुमार नागालैंड के एकदिवसीय दौरे पर जाएंगे।

## मुख्तार अंसारी की करीबी डॉक्टर अलका राय का अस्पताल और संपत्ति कुर्क

मऊ, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। माफिया मुख्तार अंसारी एम्बुलेंस केस में बड़ी कार्रवाई हुई है। मुख्तार अंसारी की करीबी अलका राय का मऊ में स्थित श्याम संजीवनी अस्पताल को कुर्क कर लिया गया है। बाराबंकी और मऊ की पुलिस ने सोमवार को संयुक्त कार्रवाई की। यूपी के बाराबंकी में रजिस्टर्ड नंबर की एम्बुलेंस से पंजाब की कोर्ट में मुख्तार अंसारी की पेशी के बाद मामला सामने आया था। जांच में पता चला कि एम्बुलेंस अलका राय के मऊ में स्थित अस्पताल श्याम संजीवनी के नाम से रजिस्टर्ड कराई गई है। इसी के बाद मुख्तार के अन्य करीबियों के साथ ही अलका राय पर भी पुलिस ने शिकंजा कसा था। अलका राय को भी गिरफ्तार कर गैंगस्टर में कार्रवाई की गई थी।

गैंगस्टर एक्ट के उसी मुकदमे में सोमवार को अलका राय की संपत्ति को कुर्क करने बाराबंकी से

### एम्बुलेंस मामले में आया था नाम



पुलिस टीम मऊ पहुंची थी। यहां मऊ की पुलिस टीम के साथ अस्पताल और उससे जुड़ी जमीन को कुर्क करने की कार्यवाही पूरी की गई। कुर्क की गई संपत्ति की कुल कीमत 2.65 करोड़ बताई जा रही है। अलका राय फिलहाल हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर हैं।

मुख्तार अंसारी को एम्बुलेंस देने के मामले में अपने ऊपर केस दर्ज होते ही अलका राय भी थाने पहुंची थी। उन्होंने पूरे मामले को अपने खिलाफ षडयंत्र बताते हुए मुख्तार अंसारी समेत कई लोगों के खिलाफ पुलिस से शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज करने की अपील कर दी थी। अलका राय ने मऊ शहर कोतवाली में मुख्तार अंसारी और अन्य के खिलाफ तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि पिछले एक दशक से अधिक समय से वह विभिन्न सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता निभा रही हैं।

कहा था कि वह भारतीय जनता पार्टी में भी सक्रिय कार्यकर्ता हैं। इसलिए उनके सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए राजनीतिक षणयंत्र के तहत गलत तरीके से एंबुलेंस मामले में मुकदमा दर्ज करके फंसाया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से लेकर उच्चाधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने के साथ ही मुख्तार अंसारी व उनके सहयोगियों तथा उनके प्रतिनिधि के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

अलका राय ने बताया था कि मीडिया से पता चला कि एम्बुलेंस श्याम संजीवनी अस्पताल बाराबंकी के नाम से पंजीकृत है। उस पर मऊ के पते के नाम भी अंकित हैं। बाराबंकी में एक इंच भी भूमि या सम्पत्ति नहीं है और न ही बाराबंकी जनपद में कभी भी श्याम संजीवनी अस्पताल के नाम से कोई अस्पताल ही खोला था।

## पीके की पदयात्रा पर भड़के ललन सिंह

पटना, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में रविवार से शुरू हुई प्रशांत किशोर की जन सुराज पदयात्रा पर जदयू अध्यक्ष ललन सिंह ने निशाना साधा है। ललन सिंह ने कहा है कि प्रशांत किशोर भाजपा के एजेंडे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर राजनेता हैं ही नहीं, वो बिजनेसमैन हैं।

रविवार को गांधी जयंती के अवसर पर पश्चिमी चंपारण से जन सुराज पदयात्रा का आगाज करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा था कि बिहार में पिछले 30 सालों से कुछ भी नहीं बदला है। लोगों की हालत खराब है। जदयू अध्यक्ष ने पलटवार करते हुए कहा है कि पिछले 30 सालों में प्रशांत किशोर कितने दिन बिहार में रहे हैं। ललन सिंह ने कहा कि जो बिहार में रहेगा वही देखेगा कि कितना विकास हुआ है। पिछले 30 सालों में जो भी विकास कार्य हुआ है बिहार की जनता को पता



है। उन्होंने कहा सूबे का बच्चा-बच्चा बिहार में हुए परिवर्तन और विकास कार्यों से अच्छी तरीके से वाकिफ है।

जदयू अध्यक्ष लगातार प्रशांत किशोर पर निशान साध रहे हैं। बीते दिनों जदयू अध्यक्ष ललन सिंह ने प्रशांत किशोर को बिजनेसमैन कहा था। इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में प्रशंयत किशोर के बारे में सवाल पूछे जाने पर कहा था कि पीके भाजपा की मदद कर रहे हैं। जन सुराज पदयात्रा पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह लगातार हमला बोल रहे हैं।

## मुलायम सिंह की सेहत में थोड़ा सुधार

लखनऊ, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की सेहत में कुछ सुधार है। मीडिया रिपोरट्र्स के मुताबिक, ऑक्सीजन लेवल मेंटेन हो गया है पर उन्हें अभी आईसीयू में ही रखा गया है। हालांकि मुलायम सिंह यादव का बीते अगस्त महीने से मेदांता अस्पताल में इलाज चला है। शनिवार रात को उनकी तबीयत अचानक अधिक बिगड़ गई तो मुलायम को आईसीयू में शिफ्ट किया गया। इसकी सूचना उनके परिवार को भी दी गई। इसके बाद रविवार शाम उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व मुलायम सिंह के पुत्र अखिलेश यादव और परिवार के अन्य सदस्य भी उनसे मिलने मेदांता अस्पताल पहुंचे। अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार बीते लगभग



डेढ़ महीने से मुलायम सिंह यादव अस्पताल में ही भर्ती हैं। यहां लंबे समय से उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार शनिवार को उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई, जिसके चलते उन्हें आईसीयू में भर्ती करना पड़ा। वह खाना भी नहीं खा रहे हैं। उन्हें पाइप के जरिये तरल डाइट दी जा रही है। अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। इससे पहले छह सितंबर को भी अखिलेश यादव और बिहार के सीएम नीतीश कुमार मेदांता अस्पताल पहुंचे थे।

# 'शिवसेना गुट से और भी नेता करेंगे बगावत'

## महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख ने उद्धव ठाकरे को दी चेतावनी



नागपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने सोमवार को कहा कि शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे को दूसरों पर कटाक्ष करना बंद कर देना चाहिए अन्यथा उनके साथ खड़े पार्टी के कुछ सदस्य भी पार्टी छोड़ देंगे। नागपुर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए, बावनकुले ने कहा कि लोग एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस सरकार में विश्वास दिखा रहे हैं जो राज्य के लोगों के लिए दिन में 18 घंटे काम कर रही है।

**2024 तक, अन्य दलों के कई नेता भाजपा में होंगे शामिल**

बावनकुले ने कहा कि 2024 तक, अन्य दलों के कई अच्छे कार्यकर्ता भाजपा में शामिल होंगे। कांग्रेस और एनसीपी को भी बड़ा झटका लगेगा। अगर उद्धव ठाकरे जी दूसरों पर चुटकी लेना बंद नहीं करते हैं और महाराष्ट्र के विकास के बारे में नहीं सोचते हैं तो जो भी कुछ कार्यकर्ता उनके साथ बच गए हैं वह भी चले जाएंगे। उनके पास केवल 'हम दो हमारे दो' होंगे और उनके साथ कोई और नहीं होगा।

**बावनकुले ने फडणवीस का किया बचाव**

देवेंद्र फडणवीस को छह जिलों के संरक्षक मंत्री के रूप में नियुक्त करने के लिए महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, बावनकुले ने कहा कि उपमुख्यमंत्री न केवल छह, बल्कि आठ जिलों का भी प्रबंधन कर सकते हैं। पटोले फडणवीस की क्षमता के बारे में नहीं जानते हैं, जिसे पूरे महाराष्ट्र ने 2014-2019 से देखा है। उनका कोई निजी व्यवसाय, कारखाना, सोसायटी या बैंक नहीं है। वह जनता के लिए दिन में 18 घंटे काम करते हैं। और एक व्यक्ति जो लोगों के लिए 18 घंटे काम करता है, वह किसी भी चुनौती को स्वीकार कर सकता है। भाजपा नेता ने महाराष्ट्र के स्कूलों में देवी सरस्वती के चित्र प्रदर्शित करने के बारे में राकांपा के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल की टिप्पणी को लेकर भी उन पर निशाना साधा।

**उद्धव ठाकरे समूह असली शिवसेना : एनसीपी**

वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने सोमवार को कहा कि उद्धव ठाकरे समूह असली शिवसेना है, हालांकि निर्णय चुनाव आयोग के पास लंबित है और दशहरा के दिन प्रतिद्वंद्वी गुटों द्वारा दो रैलियां आयोजित की जा रही हैं। पार्टी प्रवक्ता महेश तापसे ने कहा कि शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी का मानना है कि असली शिवसेना पार्टी के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे के विचारों को लेकर चलती है, जो उद्धव ठाकरे की शिवसेना हैं।

### सीएम शिंदे को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**लोनावाला के होटल में हत्या की साजिश का किया था दावा**

मुंबई, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जान से मारने की धमकी देने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोमवार को उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसकी जानकारी दी। हालांकि, आरोपी के बारे में उन्होंने किसी भी प्रकार की जानकारी साझा नहीं की। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री की सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण है।

ऐसे में सुरक्षा के सभी पहलुओं पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। एक दिन पहले पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की हत्या की साजिश रचे जाने का दावा किया था। आरोपी का दावा था कि लोनावाला के एक होटल में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की हत्या की साजिश रची गई है। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## राज्य परिवहन की बस में ड्राइवर की सीट पर बैठकर वीडियो बनाना पड़ा महंगा

**महिला कंडक्टर निलंबित**

मुंबई, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की एक महिला कंडक्टर को वीडियो बनाना महंगा पड़ गया। महिला कंडक्टर को ड्राइवर की सीट पर बैठकर वीडियो बनाने और सोशल मीडिया पर अपलोड करने के आरोप में निलंबित किया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि उस्मानाबाद जिले के कलांब डिपो में काम करने वाली सागर मंगल गोवर्धन को शनिवार को ड्यूटी से निलंबित कर दिया गया है।

परिवहन निगम के मुताबिक, गोवर्धन ने बिना अनुमति के बस के ड्राइवर की सीट पर बैठकर वीडियो शूट किया था और उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर दिया था। इससे राज्य परिवहन विभाग की छवि खराब हो रही थी।

**अन्य कर्मचारियों से भी अभद्रता का आरोप**

अधिकारी ने बताया कि महिला ने पिछले महीने राज्य परिवहन कार्यालय के बाहर अन्य कर्मचारियों से भी अभद्र भाषा में बात की। इसको लेकर महिला को पंद्रह दिनों के भीतर जवाब देने को कहा गया है।

इस बीच एक मराठी चैनल से बात करते हुए गोवर्धन ने दावा किया कि उनके खिलाफ यह कार्रवाई इसलिए की गई है क्योंकि उन्होंने एमएसआरटीसी कर्मचारियों द्वारा पहले बुलाई गई हड़ताल के दौरान काम करना जारी रखा था।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | कन्या | में |
| चंद्र- | मकर | में |
| मंगल | वृष | में |
| बुध- | कन्या | में |
| गुरु- | मीन | में |
| शुक्र- | कन्या | में |
| शनि- | मकर | में |
| राहु- | मेष | में |
| केतु- | तुला | में |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| कन्या.. | 05-01 | बजे |
| तुला- | 07-05 | बजे |
| वृश्चिक | 09-16 | बजे |
| धनु--- | 11-29 | बजे |
| मकर- | 13-35 | बजे |
| कुंभ- | 15-25 | बजे |
| मीन... | 17-04 | बजे |
| मेष-- | 18-40 | बजे |
| वृष-- | 20-24 | बजे |
| मिथुन.. | 22-25 | बजे |
| कर्क... | 00-37 | बजे |
| सिंह... | 02-49 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतुशरद,दिशाशूल- उत्तर • गुड खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी • **14-21** तक उपरान्त, दशमी
मास • आश्विन शुक्ल पक्ष ,मंगलवार, **04 Oct**
नक्षत्र • उत्तराषाढा- **22 -50** • रात तक,उपरान्त श्रवण
योग • अतिगण्ड • **11 - 22** • तक उप- सुकर्मा
करण- कौलव • **14 -21** • तक,उप- तैतिल
विशेष:- दुर्गा नवमी पूजा
व्रत -त्योहार • सरस्वती बलिदान

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 15:03 से 16:32 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 06:10 - 07:37 | अशुभ | काल | 18:02 - 19:32 | अशुभ |
| उत्पात | 07:37 - 09:06 | अशुभ | लाभ | 19:32 - 21:03 | शुभ |
| चंचल | 09:06 - 10:36 | शुभ | उत्पात | 21:03 - 22:34 | अशुभ |
| लाभ | 10:36 - 12:05 | शुभ | शुभ | 22:34 - 00:05 | शुभ |
| अमृत | 12:05 - 13:34 | शुभ | अमृत | 00:05 - 01:36 | शुभ |
| काल | 13:34 - 15:03 | अशुभ | चंचल | 01:36 - 03:06 | शुभ |
| शुभ | 15:03 - 16:32 | शुभ | रोग | 03:06 - 04:37 | अशुभ |
| रोग | 16:32 - 17:59 | अशुभ | काल | 04:37 - 06:10 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आज आप बहुत सृजनात्मक अनुभव करेंगे।खूबसूरती की प्रशंसा के साथ साथ खुद भी कुछ खूबसरत चीज बनाना चाहेंगे।दिन कलाकारों के लिए विशेष अच्छा है।हालाँकि आज शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लें।क्योंकि अचानक आप विकर्षित सा अनुभव करने लगेंगे यह भावना काफी सामान्य है।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज आप जो भी कुछ शुरू करेंगे ,उसमे चाहे कितनी ही बाधाएं आयें,आपको सफलता मिलनी तय है। दिन के अंत तक आप दूसरों से फिर से बेहतर सम्बन्ध बना पायेंगे। अपनी प्रकृति में एक जरुरी बदलाव लायें-हर सम्बन्ध में केवल अधिकार जताने की कोशिश में ना रहें।सबको बराबरी का दर्जा दें।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आपका कोई करीबी शायद आपके कारण भावनात्मक उथल-पुथल के दायरे में है।आप एकदम से निष्कर्ष पर पहुच जाते हैं और इस बार भी आपने सही से समझे बिना ही इस व्यक्ति पर वफादार न होने का आरोप लगा दिया है।आपके लिए अच्छा यही होगा कि आप पहले शांति से बैठकर सही समय तक का इन्तजार करें।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आज आप अनुभव करेंगे कि आप सामान्य से कुछ अधिक बोल रहे हैं। आप पिछले कुछ समय से चालाकी भरा व्यवहार कर रहे हैं लेकिन आज आप इससे खुद ही परेशानी अनुभव करेंगे। आज आप वह सच्चाई नही उगलना चाहते जो शायद कईयों को अच्छी नही लगेगी। आज के लिए किसी एकान्त कार्यकलाप की योजना बनाएं।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आपका दिमाग आज बहुत सक्रिय है ,आप उर्जा और प्रेरणा से भरे हैं।आपके दिमाग में नयी योजनायें आती रहेंगी जिन्हें आप आसानी से कार्यान्वित भी कर पायेंगे। आपकी समस्या आज यही रहेगी की आपके दिमाग में आज लगातार नए विचारों की बाढ़ सी आती रहेगी।आप अपने आसपास के सभी लोगों को भी अधिक प्रेरित कर पायेंगे।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आज किसी अनियोजित रोमांचक यात्रा पर जाने की सम्भावना है। हो सकता है कि शहर में ही घूमना चाहें,लेकिन आपका विचार खूब मजे करने का है और ऐसा ही होगा भी। आप किसी करीबी के साथ हुए गिले-शिकवे दूर कर सकते हैं। आपको पहले ही ऐसा करना चाहिए था,परन्तु आज सामने आने पर सब बातें साफ़ हो जायेंगी।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आस पास कोई आपको व्यर्थ के पावर गेम में उलझाने की कोशिश करेगा।इससे बचने का रास्ता यही है कि आप खुद पर नियंत्रण रखकर ठंडे दिमाग से काम लें और किसी और की चालों का शिकार न बनें।इससे आप व्यर्थ की परेशानियों से भी बच जायेंगे।अगर आप सावधान रहेंगे तो बहुत सुंदर और चिंतामुक्त दिन गुजार सकते हैं।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): आपकी निजी और व्यवसायिक जिन्दगी के बीच एक असंतुलन है।इसे दूर करने का एक ही तरीका है कि आप अपने प्रतिदिन के काम की योजना बनाएं,जो हर दिन की जरुरत के हिसाब से अलग हो।चिंता ना करें,आपके परिजन हाल फिलहाल आपके उनके प्रति कम ध्यान के बावजूद आपके समर्पण को पहचान पाएंगे।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यह तो आप देख ही चुके की आकस्मिक प्रवृति पर आधारित फैसले कई बार सही साबित नही हुए हैं,इसीलिए यह जरूरी है कि आप अपने फैसले तर्क की कसौटी पर कसकर ही करें। ऐसा करना और भी जरूरी है क्योंकि कोई ऐसा है जो आपका करीबी होते हुए भी आपके खिलाफ साजिश कर रहा है।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आज आप खरीदारी सम्बन्धी किसी ऑफर या लाटरी तिक्त खरीदने का जोखिम उठा सकते हैं। आपका भाग्य आपके साथ है ,इसलिए जीतने का अच्छा मौका आपके पास रहेगा। स्थिति आपसे अपने दृष्टिकोण पर दृढ बने रहने की अपेक्षा कर सकती है।आपकी चुप्पी को गलत समझा जाएगा।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आज भावनात्मक और वित्तीय ,दोनों तरह का नुकसान हो सकता है। हालाँकि ,आप आसानी से इससे बच भी सकते हैं अगर आप उन लोगों से दूरी बना लें जो अपने फायदे के लिए आपको जबरदस्ती इन चीजों में घसीटना चाहते हैं। आज का दिन आराम से बिताएं और अपने उन घावों को भरने की कोशिश करें जो पिछली बातों से आपको मिले हैं।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आज आप नए दोस्त बना सकते हैं और नए काम हाथ में ले सकते हैं। हमेशा की तरह अपने आप में यकीन बनाये रखें। इससे आप अपने लिए हर तय मंजिल तक पहुच पायेंगे। भविष्य की योजनायें बनाने के लिए बहुत अच्छा समय है लेकिन वित्तीय स्थिति का ध्यान रखें ,जरुरत पड़ने पर ही खर्च करें।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

## पंजाब में किसानों को तोहफा : गन्ने के मूल्य में 20 रुपये का इजाफा



चंडीगढ़, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब सरकार ने सोमवार को किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। विधानसभा के विशेष सत्र में सीएम भगवंत मान ने गन्ने के दाम में प्रति क्विंटल 20 रुपये की बढ़ोत्तरी का एलान किया। अब प्रदेश में गन्ने का मूल्य 360 रुपये से बढ़कर 380 रुपये प्रति क्विंटल हो जाएगा। विधानसभा के विशेष सत्र के आखिरी दिन आप सरकार का विश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हो गया। भगवंत मान सरकार के पक्ष में कुल 93 मत पड़े। खास बात यह रही है कि शिअद के एक और बसपा के सदस्य ने प्रस्ताव का विरोध नहीं किया। इसके बाद सदन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। विधानसभा में सोमवार को गैंगस्टर दीपक टीनू के पुलिस हिरासत से भागने का मुद्दा भी उठा। इस पर मंत्री अमन अरोड़ा ने जवाब दिया। उधर, सीएम भगवंत मान ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि इन्हें केवल सत्ता चाहिए। सीएम ने इसी दौरान गन्ने के दाम में 20 रुपये की बढ़ोतरी का एलान किया। मान ने कहा कि सरकार अब 380 रुपये क्विंटल की दर से गन्ना खरीदेगी।

**ऑपरेशन लोटस में आप एमएलए के बयान दर्ज**

## अंगुराल और अरोड़ा का दावा-हाईकोर्ट के 2 वकीलों ने संपर्क किया, अमित शाह और अनुराग ठाकुर का नाम लिया

चंडीगढ़, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब में आम आदमी पार्टी के दो एमएलए ने सोमवार को बीजेपी के ऑपरेशन लोटस से जुड़े मामले में मोहाली विजिलेंस दफ्तर पहुंचकर अपने बयान दर्ज कराए।

इन विधायकों में शीतल अंगुराल और रमन अरोड़ा शामिल हैं। दोनों ही जालंधर से ताल्लुक रखते हैं। मोहाली विजिलेंस दफ्तर से बाहर निकलने के बाद दोनों विधायकों ने दावा किया कि पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट के दो वकीलों ने उनसे संपर्क किया था और बीजेपी में शामिल होने के बदले में 25-25 करोड़ रुपए का ऑफर दिया था।

प ंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, वित्तमंत्री हरपाल चीमा और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल आरोप लगा चुके हैं कि भाजपा पंजाब में उसके विधायकों को खरीदने की कोशिश कर रही है। इन नेताओं ने दावा किया था



कि खुद आप विधायकों ने बताया है कि उन्हें आप छोड़कर भाजपा जॉइन करने के बदले में 25-25 करोड़ रुपए ऑफर किए जा रहे हैं।

विधायकों के इन आरोपों के बाद पंजाब सरकार ने इस मामले की जांच पंजाब विजिलेंस ब्यूरो को सौंप दी थी। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो इस केस में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर चुका है। सोमवार को इसी केस के सिलसिले में आप के दोनों विधायक अपने बयान दर्ज कराने मोहाली पहुंचे। मोहाली विजिलेंस ऑफिस में बयान दर्ज कराने के बाद बाहर निकले शीतल अंगुराल ने कहा कि उनके पास पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के दो एडवोकेट का फोन आया था। दोनों एडवोकेट ने कहा कि वह बीजेपी के संपर्क में हैं और बड़े बाबूजी अमित शाह बात करना चाहते हैं।

शीतल अंगुराल और रमन अरोड़ा ने उन एडवोकेट के नाम नहीं बताए जिन्होंने उनसे संपर्क किया था। उन्होंने विजिलेंस अफसरों को वह नंबर दे दिए, जिनसे उन्हें कॉल आई थी। अंगुराल ने कहा कि दोनों एडवोकेट ने बीजेपी जॉइन करने के बदले में उन्हें 25-25 करोड़ रुपए ऑफर किए। आम आदमी पार्टी के दोनों विधायकों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अलावा केंद्रीय मंत्री और हिमाचल से बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर का नाम भी लिया।

## अनुकंपा के आधार पर नौकरी अधिकार नहीं बल्कि रियायत

**सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी**

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अनुकंपा के आधार पर नौकरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। एक मामले में सुनवाई करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति कोई अधिकार नहीं बल्कि रियायत है और ऐसी नियुक्ति का उद्देश्य प्रभावित परिवार को अचानक आए संकट से उबारने में मदद करना है।

सर्वोच्च अदालत ने इस संबंध में पिछले हफ्ते केरल उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के फैसले को रद्द कर दिया। खंडपीठ के फैसले में एकल न्यायाधीश के उस फैसले की पुष्टि की गई थी जिसमें फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड और अन्य को अनुकंपा के आधार पर एक महिला की नियुक्ति के मामले पर विचार करने का निर्देश दिया गया था।



सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति एमआर. शाह और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने आदेश में कहा कि महिला के पिता फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड में कार्यरत थे और ड्यूटी के दौरान ही उनकी अप्रैल 1995 में मृत्यु हो गई थी।

पीठ ने कहा कि उनकी मृत्यु के समय उनकी पत्नी नौकरी कर रही थीं, इसलिए याचिकाकर्ता अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति की पात्र नहीं हैं। पीठ ने कहा, कर्मचारी की मृत्यु के 24 साल बाद प्रतिवादी अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति की हकदार नहीं होंगी। अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के संबंध में शीर्ष अदालत द्वारा स्पष्ट किए गए कानून के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के तहत सभी उम्मीदवारों को सभी सरकारी रिक्तियों के लिए समान अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। संविधान का अनुच्छेद 14 कानून के सामने समानता है और अनुच्छेद 16 सरकारी रोजगार के मामलों में अवसर की समानता से संबंधित हैं। पीठ ने 30 सितंबर के अपने आदेश में कहा, हालांकि, मृतक कर्मचारी के आश्रित को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति इन मानदंडों का अपवाद है। अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति एक रियायत है और यह अधिकार नहीं है।

## नये केंद्रीय विद्यालय की मांग के समर्थन में आंदोलन तेज



मदनूर, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। में नूतन केंद्रीय विद्यालय निर्माण की मांग को लेकर स्थानिक मंडल के लोगों ने पांच दिन पहले भूख हड़ताल शुरू किया था, जिसे रविवार के दिन शांति पूर्वक स्थानीय यादव समाज के लोगों ने समर्थन दिया और इससे आंदोलन तेज हो गया। स्थानीय सरपंच सुरेश ने केंद्रीय विद्यालय साधना आंदोलन को समर्थन किया। इस मंच पर विविध व्यक्तियों ने आपने विचार रखते हुए बताया कि स्थानीय नेता व अधिकारियों के लापरवाही के कारण ही मदनूर मंडल शिक्षण व वैद्यकीय क्षेत्र में प्रगति नहीं हो रहा है। कुछ वर्ष पहले राजकीय नेता मदनूर मंडल को पिछड़ा रखने के लिए मदनूर मंडल को निजामाबाद जिला में से निकालकर नूतन कमारेड्डी जिला में विलीन किया। हमें कामारेड्डी जिला को निजामाबाद जिला में ही रहने दो बताकर आंदोलन करने पर भी अधिकारी व राजकीय नेता की मिलीभगत से मदनूर मंडल को कमारेड्डी जिला में विलीन करने से मंडल के लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि केंद्रीय विद्यालय का निर्माण मदनूर मंडल में ही निर्माण किया जाए।

## जन सेवा संघ याप्रल इकाई द्वारा भजन कार्यक्रम आयोजित



हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जन सेवा संघ याप्रल इकाई के तत्वावधान में भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भजन कार्यक्रम का आयोजन चिकित्सा समिति के संयोजक राजीव रंजन चौबे एवं याप्रल क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास यादव के नेतृत्व में आयोजन हुआ। प्रांगण में सैकड़ों लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। माता की अर्चना, आराधना एवं पूजा के साथ साथ भजनों एवं कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रीय भक्तों द्वारा माता के सामने भक्तिमय में माहौल बना दिया। इस शक्ति की उपासना के लिए जनसेवा संघ के अध्यक्ष एल एम चौधरी और महासचिव केडी चौबे ने क्षेत्रीय इकाई को धन्यवाद दिए।

## बाबा गंगाराम की भजन संध्या आयोजित



हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। विष्णु अवतारी श्री बाबा गंगाराम जी की परम आराधिका शक्ति स्वरुपा देवी गायत्री जी के जन्मोत्सव तथा नवरात्रि के पावन पर्व पर अमीरपेट में अशोक केजरीवाल के निवास स्थान भजन संध्या का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बाबा गंगाराम जी का पंचदेव दरबार सजाया गया, जिस में बाबा गंगाराम सहित भक्त शिरोमणि श्री देवकीनन्दन, शक्ति स्वरुपा देवी गायत्री, माता लक्ष्मी, श्री शिव परिवार, श्री हनुमान, यथा माता दुर्गा का अलौकिक श्रृंगार किया गया।

हैदराबाद के प्रसिद्ध भजन गायक घनश्याम शर्मा ने इस अवसर पर अपनी मधुर वाणी में भजनों की अमृत वर्षा की इसी के साथ मात्र दस वर्ष की बेबी श्रवी राठी ने सभी भक्तों को जीवन में श्रीमदभागवत का महत्व समझाया।

## विदेश मंत्री जयशंकर 5-11 अक्टूबर तक न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया के दौरे पर



नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर 5 से 11 अक्टूबर तक न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया की यात्रा पर जायेंगे जहां वे दोनों देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों के सम्पूर्ण आयामों की समीक्षा करेंगे तथा इसे और मजबूत बनाने पर चर्चा करेंगे । विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के बयान के अनुसार, '' विदेश मंत्री जयशंकर की यह न्यूजीलैंड की पहली यात्रा होगी ।' इसमें कहा गया है कि अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर छह अक्टूबर को न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा आर्डेन के साथ एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे जो उस देश में अभूतपूर्व योगदान देने एवं उपलब्धियां हासिल करने वाले भारतीय समुदाय के लोगों को सम्मानित करने से संबंधित है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेता न्यूजीलैंड में भारत के आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को प्रदर्शित करने वाले ''इंडिया@75'' डाक टिकट को जारी करेंगे । विदेश मंत्री जयशंकर 'मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलिवरी' पुस्तक का विमोचन भी करेंगे । इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिख समुदाय से विशेष जुड़ाव को प्रदर्शित एक पुस्तक का विमोचन भी करेंगे । बयान के अनुसार, विदेश मंत्री जयशंकर न्यूजीलैंड की अपनी समकक्ष नानया महुता के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे जिसमें दोनों देशों के संबंधों के सम्पूर्ण आयामों की समीक्षा और चर्चा होगी ।

जयशंकर वहां की सामुदायिक एवं स्वैच्छिक क्षेत्र, विविधता, समावेशिता एवं जातीय समुदाय तथा युवा मंत्री प्रियंका राधाकृष्णन सहित कई अन्य मंत्रियों, सांसदों, कारोबारी समुदाय एवं भारतीय समुदाय के लोगों, छात्रों के साथ भी चर्चा करेंगे । मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर वेलिंगटन में भारतीय उच्चायोग के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन भी करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर आस्ट्रेलिया की यात्रा के दौरान केनबरा और सिडनी जायेंगे । इस वर्ष जयशंकर की यह दूसरी आस्ट्रेलिया यात्रा होगी। जयशंकर ने फरवरी 2022 में क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिये मेलबार्न की यात्रा की थी । बयान के अनुसार, अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर आस्ट्रेलिया की अपने समकक्ष पेनी वांग के साथ 13वें विदेश मंत्री स्तरीय ढांचागत वार्ता (एफएमएफडी) में हिस्सा लेंगे । वह आस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड

स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 4 अक्टूबर, 2022

# भारत में 5जी का स्वागत

पांचवीं पीढ़ी की मोबाइल और इंटरनेट सेवा यानी 5जी की शुरुआत के साथ ही भारत अब कई पायदान ऊपर चढ़ता हुआ दूरसंचार क्षेत्र के नए युग में प्रवेश कर गया है। देखा जाए तो तेजी से बदलते आज के युग में 5जी तकनीक की बहुत जरूरत महसूस की जाने लगी थी। क्योंकि इसके बिना भविष्य की वायरलेस तकनीक विकसित करने की बात तो सोची भी नहीं जा सकती। जाहिर है इसका असर न केवल सूचना प्रौद्योगिकी, बल्कि प्रौद्योगिकी विकास से जुड़े हर क्षेत्र में जल्द ही दिखाई देने लगेगा। तेजी से बदल रही दुनिया में भारत कहीं पिछड न जाए इसलिए जरूरी है कि 5जी तकनीक का इस्तेमाल कर प्रौद्योगिकी के हर क्षेत्र का कायापलट किया जाए। इस तकनीक से विनिर्माण क्षेत्र में जो क्रांति आएगी उसका असर भारत पर भी पडे बिना नहीं रहेगा। अभी तो हम दुनिया के विकसित देशों से कई मामलों में पीछे हैं, जिसका एक बड़ा कारण दूरसंचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पीछे रहना है। दुनिया के कई देश लंबे समय से 5जी का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन अब जिस तेजी से 5जी सेवाएं शुरू करने के लिए कमर कसी गई है, उससे यह साफ है कि भारत जल्दी ही दूरसंचार क्षेत्र में एक और बड़े बदलाव का गवाह बनेगा। बता दें कि भारत में डिजिटल क्रांति का आगाज काफी पहले हो चुका था। इसके नतीजे भी सामने हैं। बैंकिंग सेवाओं से लेकर आनलाइन बाजार तक का जो विकास आज हम देख रहे हैं, वह इंटरनेट सेवाओं की ही देन है। अभी तक भारत में यह सब 4जी के सहारे ही चलता आ रहा है। इसके अलावा शिक्षा से जुड़े कार्यक्रम हों या घर-दफ्तर से होने वाले काम, ये अगर आज सब आनलाइन संभव हुए हैं तो इसके पीछे दूरसंचार क्रांति ही है। जाहिर है,इतनी खूबियों के साथ 5जी की शुरुआत भारतीय जनजीवन में और बड़ा बदलाव लाएगी। फिलहाल पहले चरण में दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी 'एअरटेल' ने हैदराबाद सहित देश के आठ शहरों में यह सेवा शुरू की है। इसी तरह 'जियो' भी जल्द ही चार शहरों में 5जी मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं शुरू करने की तैयारी में है। देखा देखी दूसरी कंपनियां भी 5जी नेटवर्क शुरू करेंगी ही। फिलहाल जिन शहरों में 5जी सेवा शुरू होने की बात है, उनमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बंगलुरु, पुणे, गुरुग्राम, चंडीगढ़, कोलकाता, लखनऊ हैदराबाद जैसे बड़े शहर हैं। इन शहरों के लिए 5जी सेवा इसलिए भी जरूरी है कि ये शहर व्यापारिक गतिविधियों के साथ ही आइटी सेवाओं के भी बड़े हब हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि 5जी सेवा से बहुत सारे कठिन काम भी चुटकियों में हो जाएंगे। इंटरनेट की रफ्तार में तो गजब की तेजी आएगी। घंटों का काम मिनटों में हो जाएगा। और सिर्फ इंटरनेट संबंधी कामकाज ही नहीं, फोन काल सेवा भी बेहतर होने का दावा किया जा रहा है। इस वक्त देश में ज्यादातर मोबाइल उपभोक्ता फोन काल सेवाओं को लेकर असंतुष्ट हैं। ऐसे में सवाल है कि अगर जहां 4जी के बाद भी नेटवर्क ढंग से काम नहीं करें और इंटरनेट की रफ्तार धीमी व बाधित होती रहने वाली हो, तो कैसे उन्नत दूरसंचार सेवाएं लोगों तक पहुंच पाएंगी? हालांकि अभी 5जी को देशभर में पहुंचाने में दो साल का वक्त लगने की बात कही जा रही है। यानी भारत में इस सेवा को हर मोबाइल उपयोगकर्ता तक पहुंचाना किसी चुनौती से कम नहीं है। इस सच्चाई से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता कि भारत में दूरसंचार सेवाओं का बुनियादी ढांचा पहले से काफी चरमराया हुआ है। बीच में काल टूटने से लेकर इंटरनेट बाधा जैसी समस्याएं आना आम बात है। ऐसे में 5जी की शुरुआत के बाद भी दूरसंचार सेवाओं को दुरुस्त बनाए रखना कम बड़ी चुनौती नहीं होगी।

# युद्ध नहीं शांति का समय



संजीव ठाकुर

विगत दिनों समरकंद में संघीय देशों की बैठक में वैश्विक देशों की अपील के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शांति की महत्वपूर्ण सलाह दी थी ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इनको कहां यह समय युद्ध नहीं शांति और सद्भाव का समय है इसमें विकास को गति दिए जाने हेतु पहल की जानी चाहिए। विश्व के सभी देशों ने अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया ,न्यूजीलैंड और अन्य यूरोपीय देशों के सदस्यों ने इसका खुले दिल से स्वागत किया था और यह आशा की थी कि शायद व्लादिमीर पुतिन शांति और सद्भावना पर अमल कर बातचीत के जरिए यूक्रेन के साथ कोई हल निकालेंगे। पर विगत दिनों व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के चार शहरों में अपना कब्जा किए जाने और और आक्रमण पर तेजी लाने की बात कही जिससे पूरा यूरोप और अमेरिकी प्रशासन ने रूस के विरोध में अपना मोर्चा खोल दिया है।न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार पुतिन ने घोषणा की है 4 शहरों को रूस की सीमा के भीतर विनय कर दिया जाएगा।इसके बाद अमेरिका सहित अन्य यूरोपीय देशों ने संयुक्त राष्ट्र संघ परिषद यूक्रेन के 4 शहरों पर कब्जा किए जाने के विरुद्ध कड़ी निंदा का प्रस्ताव किया है जिस पर संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की वोटिंग हुई एवं रूस ने वीटो पावर का इस्तेमाल कर उसे रोक दिया है । दूसरी तरफ रूस की बड़ी घोषणा जिसके तहत पुतिन ने आंशिक सेना संग्रहण यानी आम जनता से सैनिकों की भर्ती शुरू कर दी है जिसके अंतर्गत रूस में 2.5 करोड़ सैन्य प्रशिक्षकों मैं से 3लाख सैनिक आम जनता से भर्ती किए जाने हैं। जिसके फलस्वरूप रूस से लगे 14 देशों की सीमा से रूस के आम नागरिकों का पलायन तेजी से होने लगा है और लगभग 3 लाख से ज्यादा रूस के नागरिक आर्मेनिया, जॉर्जिया तथा अन्य देशों में भागना शुरू कर चुके हैं। आम लोगों के बीच सैन्य भर्ती का पुतिन का आदेश रूस की जनता के बीच बहुत नकारात्मक गया है। रूस के कई शहरों में इस भर्ती के आदेश के विरुद्ध नागरिकों के बड़े प्रदर्शन हुए हैं। दरअसल इस प्रदर्शन में शामिल अधिकांश बुजुर्ग लोगों ने अपने युवा बच्चों को युद्ध में शामिल करने के विरोध में कई सवाल उठाए हैं। उनका स्पष्ट कहना है कि इस युद्ध में लगभग 80000 रूसी सैनिक या तो मारे गए हैं या घायल हुए हैं और यह रूसी राष्ट्रपति पुतिन की सनक और तानाशाही का परिणाम ही है। पुतिन के बेहद करीब एवं वरिष्ठ सांसद ने न्यूज़ एजेंसी को बताया कि पुतिन के इस आदेश के खिलाफ जनता में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त हो गया है। सैटेलाइट की तस्वीरों और न्यूज़ एजेंसी की बातों पर विश्वास करें तो लाखों लोग रूस की सीमा पर दूसरे देशों में शरण लेने के लिए एकत्र हो गए हैं, उनके हिसाब से दो लाख से ज्यादा लोग रूस छोड़कर दूसरे देशों की सीमा में प्रवेश कर चुके हैं। कजाकिस्तान, जॉर्जिया ,आर्मेनिया में रूसी नागरिक पहुच चुके हैं। इसी बीच खबर यह है कि रूस से लगे देश लातविया, एस्ट्रोनिया, पोलैंड और लिथुआनिया मैं अपनी सीमा रूस के नागरिकों के लिए सील कर दी है।

# त्योहारी मौसम में क्या गुलजार होगा बाजार ?

बाजार में माल कम हो और मांग ज्यादा, तो कीमतें बढ़ती हैं। मांग कम हो, तो बाजार में माल सप्लाई करने वालों का कारोबार मुश्किल में आ जाता है। कम माल बनाने पर बहुत से कारखानों के लिए लागत निकालना टेढ़ी खीर हो जाती है। इसका नतीजा यह होता है कि वे माल बनाना बंद कर देते हैं या फिर कम कर देते हैं। हालात ज्यादा बिगड़े, तो यही पूरे देश में मंदी का कारण बन जाता है। मुसीबत और बड़ी हो जाती है, जब महंगाई और मंदी का खतरा एक साथ खड़ा हो जाए। इसी को 'स्टैगफ्लेशन' कहा जाता है। 'स्टैगनेशन' यानी ठहराव और 'इंफ्लेशन' यानी महंगाई की जुगलबंदी।

आज इस पर बात करने की वजह यह है कि पिछले कई महीनों से दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में इसी जुगलबंदी की आशंकाएं पैदा होती दिख रही हैं। यह आशंका भी बढ़ती जा रही है कि दुनिया गंभीर आर्थिक मंदी की चपेट में आ रही है। बताया जाता है कि इस आशंका की बड़ी वजह कोरोना के बाद दुनिया भर में लगे लॉकडाउन और उसके कारण कारोबार के नट-बोल्ट का ढीले हो जाना है। यूक्रेन पर रूस का हमला इस बीमारी को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। हालांकि, विद्वान बीमारी की जड़ कहीं और मानते हैं।

वर्ष 2008 में सितंबर का महीना था, जब दुनिया के सबसे बड़े इन्वेस्टमेंट बैंकों में से एक लेहमन ब्रदर्स ने दिवालिया होने का एलान किया और पूरी दुनिया की वित्तीय व्यवस्था को एक तगड़ा झटका दिया। इसके बाद के घटनाक्रम को ही 2008 के वित्तीय संकट के रूप में जाना जाता है। इस एलान के पहले और बाद के करीब दो साल के दौरान अमेरिकी शेयर बाजार में सात लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए। बेरोजगारी दर में खतरनाक उछाल आई और वह 10 प्रतिशत पर पहुंच गई। सिर्फ अमेरिका में घरों की कीमत और लोगों के पेंशन-खातों में जमा रकम में आई गिरावट का आंकड़ा करीब 10 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया था। इसी का असर था कि दुनिया भर के ज्यादातर शेयर बाजार गश खाकर गिरते जा रहे थे। हालांकि, बाद में बाजार सुधर गए और मकानों की कीमतें भी बढ़ने लगीं, लेकिन जिन लोगों की जिंदगी पटरी से उतर चुकी थी, उनकी मुसीबतें आज तक खत्म नहीं हुई हैं। चर्चित रेटिंग एजेंसी मूडीज ने हिसाब जोड़ा कि दुनिया की जीडीपी को लगभग चार प्रतिशत का झटका इस आर्थिक संकट की वजह से लगा, यानी लगभग दो लाख करोड़ डॉलर की चपत।

भारत इस संकट से करीब-करीब अछूता रहा। इसकी सबसे बड़ी वजह यह बताई जाती है कि तमाम लालच और दबाव के बावजूद रिजर्व बैंक के तत्कालीन गवर्नर वाई वी रेड्डी ने भारतीय बैंकों को एक हद से ज्यादा



जोखिम उठाने का मौका ही नहीं दिया। आज की तारीख में भी सबसे बड़ा सवाल यही है कि अगर अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप और चीन जैसे देश मंदी की चपेट में जाते हुए दिख रहे हैं, तो भारत कैसे और कब तक इस खतरे से बचा रह सकता है?

सवाल इसलिए उठ रहा है, क्योंकि साल 2008 के मुकाबले आज भारत की अर्थव्यवस्था और बाजार दुनिया के दूसरे बाजार से काफी ज्यादा जुड़े हुए हैं। रिजर्व बैंक अमेरिका और यूरोप के केंद्रीय बैंकों के साथ कदमताल करते हुए ब्याज दरें लगातार बढ़ा रहा है।

दुनिया भर के बड़े शेयर बाजारों के साथ ही पिछले एक हफ्ते में भारत का शेयर बाजार लगभग 10 प्रतिशत गिर चुका है और डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट लगातार जारी है। महंगाई के मोर्चे पर दावा जो भी किया जाए, मगर सच यही है कि लंबे समय से खुदरा महंगाई की दर रिजर्व बैंक की तय सीमा से ऊपर चल रही है।

ऐसे में, चिंता स्वाभाविक है। खासकर यह देखते हुए कि एक के बाद एक आर्थिक विशेषज्ञ और संस्थाएं अमेरिका में गहरी और लंबी मंदी की भविष्यवाणी कर रहे हैं। ब्रिटेन की नई सरकार ने करों में कटौती और बाजार से बॉन्ड खरीदने के जो एलान किए हैं, उनसे वहां हालात सुधरेंगे या और बिगड़ेंगे, यह सवाल बना हुआ है। चीन एक बड़े आर्थिक संकट के मुहाने पर है, जिसमें अब कोई शक नहीं है। हालांकि, तमाम ब्रोकरेज और रेटिंग एजेंसी यह कह चुकी हैं कि भारत के लिए खतरा उतना बड़ा व गंभीर नहीं है, बल्कि इसमें उसके लिए एक बड़ा मौका भी हो सकता है। उनका कहना है कि विकसित देशों से परे विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में पैसा लगाने के लिए इस वक्त भारत से बेहतर कोई जगह नहीं दिखती।

फिर भी, पिछले कुछ दिनों में जिस तेजी से हालात बिगड़ रहे हैं, उनमें भारत की अर्थव्यवस्था पर मंडराते खतरे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रिजर्व बैंक ने अगले साल जीडीपी में वृद्धि का अनुमान घटा दिया है। महंगाई के मोर्चे पर भी उसे कोई राहत मिलने के आसार सिर्फ तब दिखते हैं, जब कच्चे तेल के दामों में गिरावट जारी रहे। उधर दिग्गज ब्रोकरेज सीएलएसए ने एक ताजा रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि भारत और दुनिया के बाजार में संबंध विच्छेद या 'डी-कपलिंग' तो दिख रही है, पर हालात नाजुक हैं। उसने तो आशंका जताई है कि भारत के शेयर बाजार में 30 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

हालांकि, बाजार में तेजी और गिरावट से देश की अर्थव्यवस्था का हाल नहीं समझा जा सकता, लेकिन डॉलर के सामने रुपये की कमजोरी लगातार चिंता बढ़ा रही है। उद्योग जगत की तरफ से तो यह मांग भी उठने लगी है कि सरकार गैर-जरूरी चीजों के आयात पर लगाम कसे और डॉलर को बढ़ने से रोके। मगर कई अर्थशास्त्री यह भी मानते हैं कि सरकार या रिजर्व बैंक को मुद्रा का भाव तय करने के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। रुपये और डॉलर का रिश्ता बाजार के हवाले छोड़ देने से नुकसान कम और फायदे ज्यादा होंगे।मगर उससे बड़ी चीज इस वक्त यह है कि क्या भारत की अर्थव्यवस्था को फिर तेजी देने के लिए जरूरी मांग स्थानीय बाजार में पैदा होगी।

अब कंपनियों और विशेषज्ञों की नजर नवरात्र से शुरू हुए त्योहारी मौसम पर है। यहां से लेकर होली तक लगातार किसी न किसी बहाने बाजार में खरीदारी आती है। यदि पिछले दो वर्षों से हाथ बांधकर बैठे खरीदार इस बार खुलकर बाजार में आ गए, तो फिर भारत की अर्थव्यवस्था किसी विदेशी हाथ के भरोसे नहीं, खुद अपने दम पर खड़ी होती दिखाई देगी।

# देश में लापता होते लोकतंत्र की तलाश



नवीन जैन

मल्लिकार्जुन खड़गे का कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनना लगभग तय ही है ।कारण कि वे नेहरू गांधी परिवार के किचन केबिनेट के सदस्य रहे हैं । यूपीए सरकार में वे काबीना मंत्री भी थे,और फिर सीनियर मोस्ट कांग्रेसी हैं। वे खुद बताते हैं कि आजादी के आंदोलन में गांधी नेहरू के विचारों से वे इतने आंदोलित हुए थे कि दीवारों पर पोस्टर तक चिपकाया करते थे उधर, तिरुल्लमपुरम से कांग्रेस की तरफ़ से लगातार लोकसभा में जाने वाले शशि थरूर नेता कम ,अपने व्यक्तित्व से बालीवुड सेलिब्रिटी ज़्यादा लगते हैं । बावजूद इसके वे इतने बुद्धिमान ,और क्रिएटिव हैं कि विभिन्न विषयों पर अब तक दस से ज्यादा पुस्तकें दे चुके हैं ,जिन्हें पढ़ने के लिए किसी खां को भी चांसलर्स शब्द कोष फॉलो करना पढ़ता है। वे ,जब हाउस में बोलने खड़े होते हैं ,तो इंग्लिश में बोलें या हिंदी में सन्नाटा छा जाता है। वे ,इतने निडर हैं कि एक बार तो लंदन जाकर अंग्रेजों से उनके द्वारा भारत की पूरी दौलत ब्याज सहित वापस करने की मांग सार्वजनिक रूप से उठा आए थे , लेकिन इंदिरा गांधी के ज़माने से ही कांग्रेस आला कमान यस मैंन को ही तरजीह देता रहा है।कांग्रेसी बायो डेटा में यही गुण सबसे पहले देखा जाता है।शशि थरूर में भी यह गुण देखा गया था ,लेकिन कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र के लिए ,जो सुधार किए जा सकने वाला जी .23 पत्र लिखा गया इसमें चूंकि थरूर भी शामिल थे इसलिए वहीं से पार्टी में दो धाराएं विकसित हो गई। इन्हें स्वतंत्रता के पहले वाले गर्म ,और नर्म दल तो नहीं कह सकते ,लेकिन 23 वरिष्ठ सदस्यों को पार्टी में अपनी भूमिका शून्य होती नजर आने लगी थी। जो झंझावात इस बार अध्यक्ष पद को लेकर कांग्रेस में मचा उसका क्या परिणाम होता है , यह तो भविष्य ही बताएगा ,लेकिन यह फिर निश्चित हो चुका है, कि जिसके माथे पर नेहरू परिवार हाथ रखेगा वही उच्च पद के स्वर्ग का भागी बनेगा। खड़गे के नामांकन ,और उनकी ही जीत की संभावना से यह ,तो पक्का है कि कांग्रेस सालों बाद राजनीति का जवाब वैसे ही राजनीति से दे रही है ,क्योंकि आदिवासी समुदाय को लुभाने के लिए भाजपा ने आदिवासी महिला द्रोपदी को राष्ट्रपति बनाया।खड़गे दलित हैं । उनके दशकों पहले स्व. बाबू जगजीवन राम ने यह पद सम्हाला था ,जो प्रधानमंत्री भी बनाए जा सकते थे और दलित थे ।कांग्रेस किसी भी तरह हरेक समुदाय में अपना जनाधार बढ़ाने की जी तोड़ कवायद कर रही है। राहुल गांधी की पांव पांव गांव गांव यात्रा भी उसी दिशा में उठाया जा रहा अभिनव ,तो नहीं ,लेकिन आजमाया हुआ नुस्खा है। कहते हैं एक आदमी सदियों पहले अफ्रीका से चला था और फिर खरामा खरामा दुनियां बसती गई। भगवान राम को भी राजपाट के लिए चौदह साल वनवास करना पड़ा था ताज़ा इतिहास राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का है जिन्होंने नमक पर बढ़ाए गए टैक्स के विरोध में दांडी मार्च निकाली थी जिसके लगभग सत्रह साल बाद देश को आजादी मिली।स्व.राजीव गांधी ,पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चंद्रशेखर ,मेगसेसे पुरुस्कार से नवाजे गए समाज सेवी बाबा आमटे ,अभिनेता ,और राजनेता सुनील दत्त ने भी पैदल यात्रा के प्रयोग किए,लेकिन राहुल की उक्त यात्रा पार्टी अध्यक्ष के चुनाव को लेकर मची घमासान के कारण बीच सफर में भारी उलझन में पड गई । दिग्विजय सिंह ,अशोक गेहलोत जैसे पके नेता अपने नाम आगे बढ़ाकर अपने बूढ़े सपनों की पतंगे उड़ाने लगे थे ,लेकिन अच्छी बात यह कि में खड़गे के नाम पर लगभग आम सहमति हो गई है । जहां तक करोड़ों में खेलने वाले शशि थरूर का सवाल है ,तो वे तो करीब दो महीने पहले ही अखबारों में अपने लिखे लेखों के मार्फत उक्त चुनाव लडने की इच्छा जाहिर कर चुके थे ,जिसके लिए इशारों इशारों में हरी झंडी सोनिया गांधी भी दे चुकी थीं ।खड़गे नौ बार विधायक , दो बार लोकसभा सांसद ,और फिलहाल राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं। वे सोनिया की ही पसंद हैं। भले आधिकारिक रूप से इस आशय की घोषणा नहीं हुई हो ।खड़गे लगभग सभी वरिष्ठ कांग्रेस जनों की पसंद लगते हैं । कारण कि उनके पर्चा दाखिले के वक्त और ,तो सब ठीक है , जी 23 के कुछ वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे।। सभी राज्यों के लगभग नौ हजार प्रतिनिधि मतदान करेंगे। फिर अक्टूबर 17 को रिजल्ट आएगा। परिणाम चाहे जो हो, लेकिन एक बात साफ है कि कांग्रेस में सालों बाद आंतरिक लोकतंत्र लौटने का शायद यह अंतिम मौका है।

और यदि कांग्रेस में भीतरी तौर पर लोकतंत्र लौटता है ,तो देश में प्रजातंत्र पर आए खतरे से निपटने के लिए इससे बेहतर कोई उपाय नहीं होगा क्योंकि कांग्रेस ही देश की सबसे पुरानी और जिम्मेदार पार्टी है।

जब सोनिया गांधी कांग्रेस की अध्यक्ष बनी थीं ,तब पूर्व प्रधान मंत्री स्व. पी.नरसिम्हा राव ने बड़े प्रोफेटिक अंदाज में कहा था कि अब कांग्रेस 20/25 सालों के लिए गई गांधी नेहरू परिवार के हाथों में।इसके बाद सोनिया को प्रधानमंत्री तक बनाने की मुहिम चली ,लेकिन शरद पवार जैसे नेताओं ने उनके विदेशी मूल के तर्क के आधार पर अडंगा डालने के कारण ऐसा नहीं हो पाया ,और एक नॉन पॉलिटिकल फिगर डॉ मनमोहन सिंह पूरे दस साल तक प्रधान मंत्री बने रहे। उनके कार्यकाल में रिकार्ड तोड तेरह स्केम हुए।

सोनिया , राहुल ,और प्रियंका ने इसका कोई नोटिस ही नहीं लिया। मनमोहन सिंह तमाम सार्वजनिक अपमान के बावजूद कुर्सी पर बने रहे। ठीक है कि कार्ल मार्क्स के अनुसार इतिहास अपने आप को दोहराता है,लेकिन भारत की जनता में इतना अब दम खम नहीं बचा है कि यात्रा ,और अध्यक्ष के चुनाव के नाम पर वह और ठगी जाए।

# सुशासन और संस्कृति का संदेश



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुशासन और संस्कृति के सुन्दर समन्वय किया है. इसमें सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास समाहित है. यह उनके शासन का स्थाई तत्व है. नवरात्र में इसका सहज प्रमाण मिलता है. योगी बड़ी कुशलता से सुशासन और संस्कृति का समन्वय करते हैं. वह गौरक्ष पीठाधीश्वर हैं.इस रूप में वह कलश स्थापना अनुष्ठान हेतु गोरखपुर पहुँचे थे.वह मुख्यमंत्री हैं. इस रूप में इसी दिन उन्होंने विकास कार्यों को भी आगे बढ़ाया. गोरखपुर को पहला ग्रामीण स्टेडियम मिला.इसके साथ ही उन्होंने अनेक योजनाओं के लाभार्थियों को भी सौगात दी. विन्ध्याचल अयोध्या और काशी की उनकी यात्रा साँस्कृतिक ही नहीं सुशासन की दृष्टि से महत्वपूर्ण रही.सभी जगह उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा की.वस्तुतः सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और सुशासन भाजपा का संबल है। उसका मानना है कि राष्ट्रीय स्वाभिमान किसी देश को शक्तिशाली बनाने में सहायक होता है। देश में इसी विचार के जागरण हो रहा है.अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण व भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ वर्ष और योगी आदित्यनाथ ने पांच वर्ष में संस्कृति और सुशासन को नया आयाम दिया है। आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी गई। इसलिए देश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। नरेन्द्र मोदी ने अपनी दूरदर्शी नीति,समर्पण और टीम इंडिया की भावना के साथ देश के लोकतंत्र को एक नई दिशा दी है। करोड़ों की संख्या में गरीबों के लिए आवास और शौचालय बनाए गए। निशुल्क गैस सिलेंडर दिए गए। स्वरोजगार के लिए मुद्रा बैंक ने बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित किया।

स्वनिधि योजना से भी गरीब व्यवसायियों को लाभ मिल रहा है। अब तक का सबसे बड़ा आर्थिक पैकेज दिया गया। कोरोनाकाल में अस्सी करोड़ लोगों को निशुल्क राशन की व्यवस्था की गई। जन औषधि दवा केन्द्र की संख्या अस्सी से बढ़कर पांच हजार हो गई। करीब सवा सौ नये मेडिकल कालेज खुले हैं। यूपीए के दस वर्ष में भारतीय रेल ने मात्र चार सौ तेरह रेल रोड ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण किया। मोदी सरकार ने इससे तीन गुना अधिक निर्माण किया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के पन्द्रह करोड़ से ज्यादा लाभार्थी हैं। यह दुनिया की सबसे सस्ती योजना है। बिजली उत्पादन में चालीस प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सोलर ऊर्जा में आठ गुना वृद्धि हुई। फसल बीमा योजना का लाभ पहले पचास प्रतिशत नुकसान पर मिलता था। अब किसान को तैंतीस प्रतिशत पर भी मिल जाता है।

यूरिया को नीम कोटेड कर कालाबाजारी खत्म की गई। किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है। पिछली सरकारों के समय बावन सेटेलाइट लांच किये गए थे। मोदी सरकार ने अब तक देशी विदेशी करीब तीन सौ सेटेलाइट लांच कर चुकी हैं।

# यूक्रेन संकट अभी और खिंचेगा

रूस के राष्ट्रपति पुतिन- 'स्केलेटिंग टू डि-स्केलेट' की रणनीति (तनाव बढ़ाकर उसे घटाने की रणनीति) के पुराने खिलाड़ी है। इसका अर्थ है कि वह परमाणु हमले की धमकी देकर युद्ध को लंबे समय तक खींचना चाहते हैं, ताकि उनकी रणनीतिक मंशा पूरी हो सके। इस युद्ध को लंबा खींचने के पीछे तीन प्रमुख कारण हो सकते हैं। पहला- यूक्रेनी प्रतिरोध को कम करना, ताकि वह तेजी से दोनेत्सक, लुहांस्क, मारियुपोल और खेरोसन के सीमावर्ती इलाकों को जनमत संग्रह के साथ अपने कब्जे में कर सकें। ये क्षेत्र रूस की सीमाओं की तरफ नाटो-यूरोपीय संघ के विस्तार के खिलाफ बफर जोन प्रदान करते हैं। दूसरा-यह युद्ध अमेरिका और नाटो की कायरता को दर्शाता है, चाहे कितने ही प्रतिबंध क्यों न लगाए हों। वास्तव में हाल के महीनों में रूस के औद्योगिक उत्पादन ने पश्चिमी विश्लेषकों को गलत साबित किया है। तीसरा-जब तक यह युद्ध जारी रहेगा, रूस अपने गैस भंडारों को बेचना जारी रख सकता है और भारी मुनाफा कमा सकता है, जिस पर यूरोपीय संघ ने अब तक कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है। हालांकि अमेरिका भी रणनीतिक कारणों से इस संघर्ष को समाप्त करने की जल्दी में नहीं है। बीच में यह उम्मीद बन रही थी कि रूस अब शांति की गुहार लगाएगा, जब यूक्रेन ने रूस पर जवाबी हमला किया था और खारकीव के आसपास उसे सफलता मिली थी। कुछ लोगों ने बताया था कि रूस ने अपनी सेना को पीछे हटने की अनुमति क्यों दी और क्या यह लौटना मॉस्को की किसी बड़ी युद्ध योजना का हिस्सा है? इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि रूसियों ने किसी अन्य युद्ध के लिए अपनी सेना को पुनर्गठित करने के लिए पीछे लौटाया है। यही कारण है कि पुतिन ने युद्ध के बाद करीब तीन लाख सेना को लामबंदी का आदेश दिया है। यूक्रेन पर हमले के शुरुआती दिनों से ही उनके रवैये में घमंड की बू आ रही थी, क्योंकि यूक्रेन को हराने की क्षमता पर उन्हें पूरा भरोसा था। लेकिन यूक्रेन ने अपनी सुरक्षा को नागरिकों एवं सैनिकों की लामबंदी से मजबूत किया, जिनकी संख्या यूक्रेन में मौजूद रूसी सेना से अधिक थी।

इसके अलावा एक लाख से अधिक अमेरिकी और नाटो सैनिक यूक्रेन में एवं रूसी सीमा पर विभिन्न रूप में तैनात किए गए। लेकिन नाटो के ठिकानों पर सौ परमाणु ग्रैविटी बमों की तैनाती की सूचना है, जिस पर रूस की नजर है और इसीलिए इस बात का खतरा है कि पुतिन जब अगले महीने यूरोप में भीषण सर्दियों की शुरुआत से पहले अपनी रणनीति को नवीनीकृत करेंगे, तब परमाणु हथियार का भी वह इस्तेमाल कर सकते हैं। यहां परमाणु रणनीति की अनिवार्यता को समझना जरूरी है। सबसे पहली बात है कि परमाणु खतरे का इतिहास परमाणु हथियारों के गैर-उपयोग पर आधारित है। मात्र एक ही बार अगस्त, 1945 में हिरोशिमा और नागासाकी पर बिना किसी चेतावनी के परमाणु हमले हुए थे, जो विनाशकारी साबित हुए। इसने द्वितीय विश्वयुद्ध में जापान को समर्पण करने के लिए मजबूर किया और जापान पर कब्जा करने की सोवियत योजनाओं की पुष्टि की। मास्को उसे भूला नहीं है।

दूसरा, परमाणु हथियारों का उपयोग किसी भी परमाणु संपन्न देश के लिए पहला विकल्प नहीं हो सकता। यह अंतिम विकल्प होता है, जब उनका अस्तित्व एक राष्ट्र-राज्य के रूप में दांव पर होता है। और परमाणु हमला जबावी कार्रवाई भी आमंत्रित करता है, जिसमें दोनों पक्षों को विनाश झेलना पड़ता है। इसी कारण कोई भी तानाशाह परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने से बचता है। फिर भी यह आशंका बनी रहती है कि युद्ध में एक बड़े उलटफेर को रोकने के लिए छोटे परमाणु बमों का इस्तेमाल हो सकता है। लेकिन अमेरिका की धमकी भी रूस को रोकने में नाकाम है, क्योंकि अतीत में अमेरिका ने चेतावनियों के उल्लंघन के बाद भी अपनी धमकी पर अमल नहीं किया। इसलिए रूस के इतनी आसानी से झुकने की संभावना नहीं है। अपने संसाधनों के बूते रूस एक महाशक्ति है, तेल और गैस का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते वह अमेरिका की तुलना में इस युद्ध को लंबे समय तक जारी रख सकता है। याद रहे, अमेरिका अफगानिस्तान में दो दशकों तक फंसा हुआ था।

अमेरिकी प्रतिबंधों को रूस के केंद्रीय बैंक ने तत्काल पूंजी नियंत्रण उपायों और ब्याज दरों में बढ़ोतरी करके कम किया। रूस कई बड़े उद्यमों का मालिक है, जो उसके सकल घरेलू उत्पाद का 60 फीसदी और एम-एसएमई उत्पादन का 25 फीसदी से अधिक है। यह असंतुलन विकास को बाधित करता है, लेकिन संकट में अर्थव्यवस्था को बचाता भी है। और रूसी अतीत में भी वित्तीय संकटों का सामना करते रहे हैं, पश्चिम के अनुमान से ज्यादा दिनों तक वे इस संकट को झेल सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पुतिन के हाथों में अब भी यूरोप को गैस आपूर्ति की चाबी है, और यूरोपीय संघ के इस दावे के बावजूद कि वे दिसंबर की शुरुआत तक गैस आपूर्ति संकट के लिए तैयार हो जाएंगे।

# 1000 साल पुराना दंतेश्वरी मंदिर






देश के 52 शक्तिपीठों में से एक है छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा का दंतेश्वरी मंदिर। यहां माता सती के दांत गिरे थे, इसलिए इसका नाम दंतेश्वरी है। दंतेवाड़ा का नाम इन्हीं के नाम पर है। ये सारे शक्तिपीठों में एकमात्र मंदिर है जहां दो नहीं, तीन नवरात्र मनाए जाते हैं। आमतौर पर सभी जगह चैत्र और शारदीय दो नवरात्र मनाए जाते हैं, लेकिन यहां फाल्गुन मास में भी नवरात्र मनता है। इसे फागुन मड़ई कहते हैं।

इस मंदिर की एक खासियत ये भी है कि यहां दशहरे पर माता बस्तर दशहरा में शामिल होने मंदिर से बाहर निकलतीं हैं। बस्तर दशहरा में रावण का दहन नहीं बल्कि रथ की नगर परिक्रमा करवाई जाती है। जिसमें माता का छत्र विराजित किया जाता है। जब तक दंतेश्वरी माता दशहरा में शामिल नहीं होती हैं, तब तक यहां दशहरा नहीं मनाया जाता है। माता महा-अष्टमी के दिन दर्शन देने निकलती हैं। बस्तर में मनाए जाने वाला दशहरा पर्व की रस्में 75 दिनों तक चलता है। यह परंपरा करीब 610 साल पुरानी है।

**महाराष्ट्र और तेलंगाना के लोगों की भी आस्था**

आदिकाल से मां दंतेश्वरी को बस्तर के लोग अपनी कुल देवी के रूप में पूजते हैं। ऐसा माना जाता है कि, बस्तर में होने वाला कोई भी विधान माता की अनुमति के बगैर नहीं किया जाता है। इसके अलावा तेलंगाना के कुछ जिले और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के लोग भी मां दंतेश्वरी को अपनी इष्ट देवी मानते हैं। वहां के लोग भी बताते हैं कि काकतीय राजवंश जब यहां आ रहे थे तब हम कुछ लोग वहां रह गए थे। हम भी मां दंतेश्वरी को अपनी इष्ट देवी के रूप में पूजते हैं।

मां दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी हरेंद्रनाथ जिया ने बताया कि, पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जब विष्णु भगवान ने अपने चक्र से सती के शरीर को 52 भागों में विभक्त किया था, तो उनके शरीर के 51अंग देशभर के विभिन्न हिस्सों में गिरे। 52वां अंग उनका दांत यहां गिरा था। इसलिए देवी का नाम दंतेश्वरी और जिस ग्राम में दांत गिरा था उसका नाम दंतेवाड़ा पड़ा। बदलते वक्त के साथ मंदिर की तस्वीर भी बदलती। माता के चमत्कारों ने लोगों के मन में आस्था और विश्वास को और बढ़ा दिया।

**दशहरा मनाने जगदलपुर जाती हैं देवी**

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व में शामिल होने हर साल शारदीय नवरात्र की पंचमी पर आराध्य देवी मां दंतेश्वरी को निमंत्रण देने के लिए बस्तर के राज परिवार के सदस्य मंदिर पहुंचते हैं। इस बार भी पंचमी के दिन राज परिवार ने माता को निमंत्रण दिया है। यह प्रथा सदियों से चली आ रही है। अष्टमी पर माता अपने भक्तों को आशीर्वाद देने मंदिर से निकलेंगी। माता के छत्र और डोली को बस्तर दशहरा में ले जाया जाएगा। इस दौरन जगह-जगह माता की डोली और छत्र का भव्य रूप से स्वागत किया जाता है।

**साल में तीन बार होती है विशेष पूजा**

आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के मंदिर में साल में तीन बार विशेष पूजा होती है। पहला शारदीय नवरात्र, दूसरा चैत्र नवरात्र और तीसरा फागुन मडई होता है। फागुन मड़ई को तीसरा नवरात्र भी कहा जाता है। फागुन मड़ई में भी 9 दिनों तक देवी की पूजा अर्चना की जाती है। इसमें बहुत से विधान होते हैं। यह परंपरा भी कई सालों से चली आ रही है। इसके अलावा मंदिर में आस्था के मनोकामना ज्योत भी जलाए जाते हैं। हर साल 7 हजार से ज्यादा घी और तेल के दिए जलते हैं। विदेशों से भी भक्त 9 दिनों तक ज्योत प्रज्वलित करवाते हैं।

माता दंतेश्वरी मंदिर का मुख्य द्वार। पहले कभी यहां सिर्फ गर्भगृह ही होता था। आसपास कोई और स्ट्रक्चर था ही नहीं। समय-समय पर राजाओं ने इसमें विकास कार्य कराए और आज मंदिर भव्य रूप ले चुका है। माता दंतेश्वरी मंदिर का मुख्य द्वार। पहले कभी यहां सिर्फ गर्भगृह ही होता था। आसपास कोई और स्ट्रक्चर था ही नहीं। समय-समय पर राजाओं ने इसमें विकास कार्य कराए और आज मंदिर भव्य रूप ले चुका है।

**ऐसा है मंदिर का स्ट्रक्चर**

दरअसल, मां दंतेश्वरी मंदिर का गर्भगृह जहां देवी की मूर्ति है वह सदियों पहले ग्रेनाइट पत्थरों से बनाया हुआ है। बताया जाता है कि, शुरुआत में जब मंदिर यहां स्थापित हुआ था तो उस समय सिर्फ गर्भगृह ही हुआ करता था। बाकी का हिस्सा खुला होता था। लेकिन, जैसे-जैसे राजा बदले तो उन्होंने अपनी आस्था के अनुसार मंदिर का स्वरूप भी बदला। लेकिन, गर्भगृह से कोई छोड़खानी नहीं की गई थी। गर्भगृह के बाहर का हिस्सा बेशकीमती इमारती लकड़ी सरई और सागौन से बना हुआ है। जिसे बस्तर की रानी प्रफुल्लकुमारी देवी ने बनवाया था।

**भैरव बाबा हैं माता के अंगरक्षक**

गर्भगृह के बाहर दोनों तरफ दो बड़ी मूर्तियां भी स्थापित हैं। चार भुजाओं वाली यह मूर्तियां भैरव बाबा की है। कहा जाता है कि, भैरव बाबा मां दंतेश्वरी के अंगरक्षक हैं। मंदिर के प्रधान पुजारी हरेंद्र नाथ जिया के भतीजे और माता के पुजारी विजेंद्र जिया ने बताया कि, ग्रंथों में भी कहा गया है कि माई जी का दर्शन करने के बाद भैरव बाबा के दर्शन करना भी जरूरी है। यदि भक्त भैरव बाबा को प्रसन्न कर लें तो वे उनकी मुराद माता तक पहुंचा देते हैं। ऐसी मान्यता है कि इससे भक्तों की मुराद जल्द पूरी हो जाती है। मंदिर परिसर में मौजूद गरुड़ स्तंभ। मान्यता है कि इस स्तंभ को जो भी अपने दोनों हाथों में समा ले और उसके दोनों हाथों की उंगलियां आपस में मिल जाएं तो उसकी मन्नत पूरी होती है। मंदिर परिसर में मौजूद गरुड़ स्तंभ। मान्यता है कि इस स्तंभ को जो भी अपने दोनों हाथों में समा ले और उसके दोनों हाथों की उंगलियां आपस में मिल जाएं तो उसकी मन्नत पूरी होती है।

**गरुड़ स्तंभ की यह है मान्यता**

सदियों पहले यहां गंगवंशीय और नागवंशीय राजाओं का राजपाठ था। फिर काकतीय वंश यहां के राजा बने। जितने भी राजा थे उनमें कोई देवी की उपासना करता था तो कोई शिवजी का भक्त था। कुछ विष्णु भगवान के भी भक्त हुआ करते थे। जिन्होंने मंदिर के मुख्य द्वार के सामने गरुड़ स्तंभ की स्थापना करवाई। आज मान्यता यह है कि, यदि गरुण स्तंभ को पकड़कर कोई भक्त अपने दोनों हाथों की उंगलियों को छू लेता है तो उसकी मुराद पूरी जो जाती है।

# दशहरे के दिन इन 3 चीजों के गुप्त दान से जीवन में आती है सुख-समृद्धि



हिन्दू धर्म में नवरात्रि के बाद दशमी तिथि को दशहरा का पर्व बड़े उल्लास और धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल 5 अक्टूबर 2022 को दशहरा मनाया जाएगा। इसे विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है। अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक यह त्योहार हर साल अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस पर्व से कई कथाएं जुड़ी हुई हैं।

एक कथानुसार इस दिन प्रभु श्रीराम ने माता सीता को रावण से छुड़ाकर उसका वध किया था इसलिए आज भी दशहरा वाले दिन रावण का पुतला जलाकर यह त्योहार मनाते हैं। वहीं माना जाता है कि इसी दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का संहार किया था।

ऐसे में ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस पावन अवसर पर पूजा-पाठ, दान आदि को बहुत महत्व दिया गया है। जहां एक तरफ इस दिन सुन्दरकांड का पाठ करने से मानसिक रोगों से मुक्ति मिलती हैं वहीं गुप्त दान से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। आइए जानते हैं दशहरा पर क्या दान करें...

**दशहरा 2022 दान**

दशहरा या विजयादशमी के दिन रावण दहन की परंपरा सालों पुरानी है। वहीं ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक दशहरा वाले दिन रावण दहन के पश्चात दान को बहुत शुभ माना गया है। इसके लिए दशहरे वाले दिन अन्न, जल और वस्त्र का गुप्त दान करना चाहिए। इसके अलावा विजयादशमी पर्व पर शाम के समय किसी मंदिर में माता लक्ष्मी का स्मरण करते हुए झाड़ू का दान करें। मान्यता है कि इससे जीवन में धन और सुख-समृद्धि का वास होता है।

# मां दुर्गा के चामुंडा मंदिर जाने से डरते हैं लोग!

नवरात्रों में लोग बड़ी श्रद्धा और भक्ति से मां दुर्गा की पूजा करते हैं। लोग देवी मां की पूजा-अर्चना करने के साथ-साथ व्रत भी करते हैं। ऐसी मान्यता भी देवी मां के मंदिर में सच्चे मन से मांगने से हर मनोकामना पूरी होती है। लेकिन मध्य प्रदेश के देवास में बना देवी मां का एक मंदिर कुछ अलग कहानी ही बयां कर रहा है। लोग मां दुर्गा के इस मंदिर जाने से डरते हैं। बता दें कि नवरात्रि के दौरान लोग इस मंदिर के अंदर नहीं जाते बल्कि बाहर से ही माथा टेककर लौट जाते हैं। आइए जानते हैं क्या है इस मंदिर का रहस्य।



**शापित है ये मंदिर**

ऐसा कहा जाता है कि यह मंदिर शापित है और सूर्यास्त होने के बाद यहां कोई भी नहीं जाता। लोगों की मान्यता अनुसार, सूर्यास्त के बाद जो भी इंसान यहां आया है, उसके साथ अजीबो-गरीब घटनाएं घटी हैं। सिर्फ यही नहीं, इस मंदिर से डरावनी आवाजें भी आती है। लोगों का कहना है कि कभी मंदिर में शेरों के दहाड़ने की आवाज आती है और कभी घंटों का नाद सुनाई देता है। बताया जाता है कि इस मंदिर में गलत इरादे से आए शख्स का हमेशा नुकसान होता है।

क्या है मंदिर के पीछे का रहस्य? स्थानीय लोगों के अनुसार, देवास के महाराजा ने ही मां दुर्गा के इस मंदिर को बनवाया था।

हालांकि इसे बनवाने के बाद से ही राजघराने में अशुभ घटनाएं होने लगीं। मंदिर के आसपास रहने वाले लोगों का ये भी कहना है कि यहां की राजकुमारी के सेनापति से प्रेम संबंध थे। राजा को यह बात पसंद नहीं आई और उन्होंने इस रिश्ते का विरोध किया। राजा ने बेटी को जेल में डाल दिया। कहा जाता है कि जेल में ही राजकुमारी की रहस्यमयी तरीके से मौत हो गई।

वहीं, राजकुमारी की मौत की खबर के बाद सेनापति ने भी मंदिर में आत्महत्या कर ली। जिसके बाद राजपुरोहितों ने बताया कि ये मंदिर अपवित्र हो चुका है। कहा जाता है कि राजपुरोहितों की सलाह पर राजा ने पूरे सम्मान के साथ मां की मूर्ति को उज्जैन के बड़े गणेश मंदिर में स्थापित कर दी।

# कानपुर में है रावण का मंदिर विजयदशमी में होती है पूजा



विजय दशमी के दिन वैसे तो पूरे देश में जगह जगह रावण वध कर उसका पुतला दहन किया जाता है, लेकिन उत्तर प्रदेश के कानपुर में रावण का एक मंदिर है। जहां दशहरे के दिन रावण की पूजा की जाती है। सैकड़ो साल पुराना यह एतिहासिक मंदिर सिर्फ दशहरे के दिन खुलता है।वहीं, रावण की पूजा कर इस मंदिर को फिर से साल भर के लिए बन्द कर दिया जाता है। जिसके चलते हजारो लोग मंदिर में पूजा करने पहुचते है। मान्यता है कि, रावण बहुत पराक्रमी विद्वान था। लोग उसे भगवान मानते हुए विधिविधान से पूजते है। दरअसल, इस मंदिर के कपाट दसवीं के दिन ब्रम्ह महूरत में खोला जाता है। जहां पूजा पाठ के बाद शाम ढलते ही बंद करा जाता है। वहीं, रावण के इस मंदिर परिसर में भगवान शंकर का एक शिवालय है। वहीं, उन्नाव के गुरु प्रसाद शुक्ल ने 1868 संवद में इसका निर्माण कराया था। इस मंदिर में मां 23 स्वरूपों में विद्यमान है। इस मंदिर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाबा शिव के भक्त रावण को मुख्य द्वार पर बैठाया गया है। वहीं, रावण का व्यक्तित्व शायद ऐसा ही है कि हम सरेआम रावण को दोषी मानते है। साथ ही उसका पुतला दहन कर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच जलाते है। लेकिन क्या आपने सोचा है कि रावण



का यहीं व्यक्तित्व उसकी पूजा भी कराता है। जहां पूरे देश में विजयदशमी में रावण का प्रतीक रूप में वध कर चाहे उसका पुतला जलाया जाता हो, लेकिन उत्तर प्रदेश में कानपुर एक ऐसी जगह है। जहा दशहरे के दिन रावण की पूजा की जाती है। इतना ही नहीं यहां पूजा करने के लिए रावण का मंदिर भी मौजूद है। जो केवल साल में एक दिन के लिए दशहरे के मौके पर खोला जाता है।

**रावण का ये मंदिर उद्योग नगरी कानपुर में है मौजूद**

बता दें कि, विजयदशमी के दिन इस मंदिर में पूरे विधिविधान से रावण का दुग्ध स्नान और अभिषेक कर श्रंगार किया जाता है। उसके बाद पूजन के साथ रावण की स्तुति कर आरती की जाती है। ब्रह्म बाण नाभि में लगने के बाद और रावण के धराशाही होने के बीच कालचक्र ने जो रचना की उसने रावण को पूजने योग्य बना दिया। यह वह समय था जब राम ने लक्ष्मण से कहा था कि रावण के पैरो की तरफ खड़े होकर सम्मान पूर्वक नीति ज्ञान की शिक्षा ग्रहण करो। क्योंकि, धरातल पर न कभी रावण के जैसा कोई ज्ञानी पैदा हुआ है और न कभी होगा। रावण का यही स्वरूप पूजनीय है। इसी स्वरुप को ध्यान में रखकर कानपुर में रावण के पूजन का विधान है। साल 1868 में कानपुर में बने इस मंदिर में तबसे आज तक लगातार रावण की पूजा होती है।



## सिद्धिदात्री

**देवी का नौवां स्वरूप**

**नवरात्रि के अंतिम देवी सिद्धिदात्री की पूजा होती है। देवी का ये स्वरूप भक्त को सभी सिद्धियां देने वाला है। इसी वजह से इन्हें सिद्धिदात्री कहते हैं।**

***भोग*** *- देवी सिद्धिदात्री को हलवा-पुरी का भोग लगाएं।*

***संदेश*** *- जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं, उन्हें सफलता जरूर मिलती है।*

# हरदोई का प्राचीन काली देवी मंदिर

उत्तर प्रदेश का हरदोई जिला मां काली के जीवंत चमत्कारों से चर्चा में रहता है। शहर के सीतापुर रोड पर स्थित मां काली मंदिर की महिमा निराली है। इस मंदिर में प्रातः काल से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो जाता है। नंगे पांव हाथ में पूजा की थाली लिए भक्तजन मंदिर की तरफ जाते हुए सुबह से ही दिखाई देने लगते हैं। इस मंदिर की खासियत उस समय और बढ़ जाती है, जब मंदिर में मन्नत पूरी होने पर भक्तजनों ने अपनी जुबान तक मां के चरणों में अर्पित कर दी थी और वह भक्त आज भी जीवित हैं।

वहीं एक भक्त ने तो अपनी गर्दन तक मां के सामने काट ली थी। ऐसे न जाने कितने बड़े चमत्कारों का यह मंदिर गवाह रहा है। मंदिर से जुड़े लेखक अमन ने बताया कि वह मंदिर से कुछ ही दूरी पर रहते हैं। उनका रोजाना इस मंदिर में आना-जाना लगा रहता है। मां की मूर्ति दिव्य शक्तियों से परिपूर्ण है। मंदिर में रोजाना भंडारे का आयोजन होता है, जिसमें हजारों की संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। वैसे तो यहां पर जुबान काटने की घटनाएं कई बार हो चुकी हैं, लेकिन कुछ दिनों पहले मंदिर परिसर में एक भक्त ने अपनी गर्दन को ब्लेड से काट लिया था।

**मंदिर के अंदर भक्त ने काट ली थी गर्दन**

श्रद्धालुओं ने मंदिर में खून से लथपथ युवक को पड़ा देखा तो घटना की सूचना कोतवाली देहात पुलिस को दी। पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अब वह युवक स्वस्थ है और अभी भी मंदिर कभी-कभी आता हुआ



दिखाई पड़ता है। उसने बताया था कि मन्नत पूरी होने पर उसने ऐसा किया था। इन्हीं घटनाओं को देखते हुए अब मंदिर के अंदर और बाहर दोनों जगह पर सादी वर्दी और वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं, जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

**राजनेताओं का भी लगता है जमावड़ा**

यह मंदिर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से करीब 112 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मंदिर में मुंडन देवाई और अन्य संस्कार होते रहते हैं। मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों का आना जाना लगा रहता है। नैमिषारण्य से आने वाले श्रद्धालु भी मंदिर में दर्शन करना नहीं भूलते हैं। मंदिर से जुड़े हुए पुजारी कल्लू ने बताया कि यहां मंदिर प्राचीन काल का है। मूर्ति अति प्राचीन होने के साथ-साथ अपने दैवी चमत्कारों के लिए जानी जाती है। समय-समय पर यह मूर्ति लोगों को अपने होने का आभास दिलाती रहती है। महिलाएं, लड़कियां, छात्र, राजनेता, और साथ ही दंपति मंदिर में माथा टेककर मां से अरदास लगाते हुए दिखाई देते रहते हैं।

# नोरा फतेही ने शिमरी लॉन्ग ड्रेस में गिराई हुस्न की बिजलियां



बॉलीवुड में अपने डांस मूव्स और हॉटनेस के लिए मशहूर एक्ट्रेस नोरा फतेही एक बार फिर अपने लुक को लेकर चर्चा में है। इन हालिया तस्वीरों में नोरा फतेही का स्टाइल देख फैन्स आहें भरते नजर आ रहे हैं, यहां देखें फोटोज़। इन तस्वीरों में नोरा फतेही शिमरी बॉडीकॉन ड्रेस में काफी सिज़लिंग पोज़ देती दिखाई दे रहीं हैं, जिन्हें देख फैन्स घायल हो रहे हैं। फोटोज़ में नोरा फतेही का अलग-अलग अंदाज में पोज़ देती दिखाई दे रहीं हैं। नोरा फतेही ने अपने इस लुक को एक हैंडबैग, रिंग्स, इयररिंग्स और स टा इ लि श हेयरस्टाइल के साथ कम्प्लीट किया और कैमरे के सामने मिलियन डॉलर के पोज़ दिए। सोशल मीडिया पर नोरा फतेही के लाखों फैन्स हैं, जो उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो नोरा फतेही इन दिनों डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा 10' को जज कर रही है, इसके अलावा भी उनके पास कई प्रोजेक्ट हैं। आपको बता दें कि नोरा फतेही कई आइटम सॉन्ग्स, म्यूज़िक वीडियोज़ और फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

# 'पोन्नियिन सेलवन 1' 3 दिन में कमाए 230 करोड़ रुपये

**मणिरत्नम की हालिया** रिलीज फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन 1' ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की है. ऐश्वर्या राय और चियान विक्रम स्टारर फिल्म ने तीन दिनों के भीतर ही दुनिया भर से 230 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है. इतना ही नहीं 'PS1' घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 100 करोड़ रुपये क्लब में शामिल हो गई है. यूएस बॉक्स ऑफिस पर, यह फिल्म प्रीमियर सहित पहले कुछ दिनों में 4.13 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ अब तक की सर्वश्रेष्ठ ओपनिंग तमिल फिल्म बनकर उभरी है. इसने रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र पार्ट : शिवा' को भी पछाड़ दिया है.

ट्रेड एनालिस्ट ने अपने एक ट्वीट में फिल्म के कलेक्शन को लेकर जानकारी दी है. उन्होंने लिखा, 3 दिन के ओपनिंग वीकेंड में पीएस 1 फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 230 करोड़ रुपये से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन किया. अपने दूसरे ट्वीट में उन्होंने बताया कि आईमैक्स फॉर्मेट में ओपनिंग के हिसाब से पीएस 1 ने



नॉर्थ अमेरिका को छोड़कर इंटरनेशनल मार्केट में अब तक की नं.1 इंडियन फिल्म साबित हुई है। इन देशों में यूके, सिंगापुर और मलेशिया शामिल हैं. इसी फॉर्मेट में यह अमेरिका में तीसरी इंडियन फिल्म और भारत में अब तक चौथी फिल्म बनी हुई है.

**क्या आपने देखा ऐश्वर्या राय का ये वीडियो**

यूएस में फिल्म ने 4 मिलियन डॉलर से अधिक की कमाई करने वाली किसी तमिल फिल्म के लिए अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की. पोन्नियिन सेलवन I पहली मणिरत्नम की फिल्म है जिसने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है, साथ ही दुनिया भर में 200 करोड़ का आंकड़ा भी पार किया है. पोन्नियिन सेलवन I को बड़े बजट पर बनाया गया है और 2022 में तमिल फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ ओपनिंग साबित हुई है, जिसने 1 दिन में दुनिया भर में 80 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था.

# 'इमली' ने ठुकरा दिया था बिग बॉस में आने का ऑफर! सलमान खान से लगता है डर



**टीवी शो 'इमली'** में लंबे वक्त तक इमली का किरदार निभा चुकीं एक्ट्रेस सुंबुल तौकीर खान ने बताया कि उन्होंने तब तक सलमान खान का शो नहीं देखा जब तक कि उन्हें इसमें पार्टिसिपेट करने का मौका नहीं मिल गया। बिग बॉस सीजन 16 के लिए इनविटेशन मिलने के बाद सुंबुल ने बिग बॉस के पुराने एपिसोड देखे। सुंबुल ने बताया कि जब उन्होंने बिग बॉस में आने के पहले टीम के द्वारा ऑफर किए गए क्लिप देखे तो उन्होंने इस शो का ऑफर ठुकराने के बारे में भी सोचा था।

**पापा के समझाने पर मानी थीं सुंबुल**

एक समाचार पत्र से बातचीत में सुंबुल तौकीर खान ने बताया, 'असल में मेरे पास इस शो का हिस्सा बनने के लिए कोई खास वजह नहीं है। जब मुझे ऑफर मिला तो मैंने अपने पापा से पूछा, फिर उन्होंने मुझसे पुराने कुछ सीजन्स के एपिसोड देखने को कहा।

मैंने कभी भी बिग बॉस फॉलो नहीं किया था। मेरा रिएक्शन था कि ये क्या है? ये सब क्या हो रहा है?' सुंबुल तौकीर खान ने बताया वो पुराने एपिसोड देखकर बहुत डर गई थीं।

**पापा से कहा था- मैं यह शो नहीं करूंगी**

सुंबुल ने बताया, 'मैंने अपने पिता से कहा कि मैं यह शो नहीं करूंगी, लेकिन उन्होंने मुझे समझाया कि मैं यह कर सकती हूं। फिर फाइनली मैंने इस शो में आने का फैसला किया।' सुंबुल ने बताया कि उन्होंने बिग बॉस सीजन 13 के कुछ क्लिप देखे थे जिनमें शहनाज गिल और सिद्धार्थ शुक्ला भी नजर आ रहे थे।

# 54 साल की माधुरी दीक्षित ने पहनी ऐसी बोल्ड ड्रेस, मीडिया के सामने हुई ऊप्स मोमेंट की शिकार



बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित आज भी अपनी खूबसूरती से लाखों दिलों पर राज करती हैं. माधुरी की खूबसूरती और अदाकारी की वजह से आज बड़ी से बड़ी अभिनेत्रियां फेल हो जाती हैं. यही नहीं माधुरी की अदायगी के आगे यंग एक्ट्रेसेस भी फेल हो चुकी हैं. माधुरी दीक्षित इन दिनों फिल्मों में नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन वह डांस रियलिटी शोज में जज के तौर पर एक्टिव रहती हैं. हाल ही में माधुरी दीक्षित एक इवेंट के दौरान नजर आई हैं जिसमें वह हमेशा की तरह खूबसूरत और ग्लैमरस लग रही हैं. इस इवेंट से माधुरी दीक्षित की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं.

उनके इस इवेंट की कुछ तस्वीरें और वीडियो जमकर वायरल हो रही हैं. वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे माधुरी दीक्षित की ड्रेस बार-बार कंधे से नीचे गिरती है, जिसे माधुरी दीक्षित को बार-बार ठीक करना पड़ता है.

माधुरी दीक्षित को इस ड्रेस से काफी दिक्कतें हैं. यह वीडियो में साफ नजर आ रहा है. हालांकि इस ड्रेस में माधुरी दीक्षित बेहद बोल्ड और खूबसूरत लग रही थीं और माधुरी दीक्षित की इस ड्रेस का गला भी काफी गहरा था, जिसकी वजह से उन्हें शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा.

# आमना शरीफ ने नियॉन शॉर्ट ड्रेस में लगाई इंटरनेट पर आग



**आमना शरीफ एक** फैशनिस्टा हैं इसका सबूत हैं उनकी ये हालिया तस्वीरें, जिनमें वो सुपरहॉट और गॉर्जियस लग रहीं हैं। इन तस्वीरों में आमना शरीफ नियॉन ड्रेस में अपने फैन्स को मदहोश करती नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों में आमना शरीफ समर्स वाली शॉर्ट ड्रेस में कहर ढाती दिखाई दे रहीं हैं। आमना शरीफ की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहीं हैं, जिनमें वो एक रिसॉर्ट में टहलती दिखाई दे रहीं हैं। आमना की इस नियॉन ग्रीन ड्रेस में एक नेकलाइन, फुल स्लीव्स और एक मिड्रिफ-बारिंग डिटेल थी। गोल्डन हूप इयररिंग्स, कुछ स्लिंग बैग और टिंटेड शेड्स में, आमना ने दिन के लिए अपने लुक को एक्सेसराइज़ किया। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए आमना शरीफ ने इन्हें कैप्शन दिया - एक दिन मुझे सही शब्द मिलेंगे और वे सरल होंगे...। आपको बता दें कि आमना शरीफ ने अब तक कई टीवी शोज़, रिएलिटी शोज़, म्यूज़िक वीडियोज़, वेब सीरीज़ और मूवीज़ में भी काम किया है।

## सिद्धू मूसेवाला के बाद अब पंजाबी सिंगर अल्फाज पर हुआ जानलेवा हमला



**पंजाबी सिंगर** अल्फाज पर जानलेवा हमला हुआ है. हमले में वह गंभीर रूप से घायल हैं. उन्हें मोहाली के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. अभी उनकी हालत स्थिर है. मोहाली पुलिस ने आरोपी विक्की को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी हरियाणा के पंचकूला के रायपुर रानी का रहने वाला है. पुलिस का कहना है कि अल्फाज की स्थिति खतरे से बाहर है. पंजाबी सिंगर हनी सिंह ने बताया कि अल्फाज को मोहाली के फोर्टिज अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. हनी सिंह ने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कर बताया कि अल्फाज पर बीती रात किसी ने जानलेवा हमला किया. जिसने भी ये किया है उसे छोड़ूंगा नहीं. आप सभी लोग अल्फाज के लिए दुआ करें. घटना शनिवार शाम की है.

बताया जा रहा है कि अल्फाज अपने दोस्तों के साथ मोहाली के एक ढाबे पर खाना खाने पहुंचे थे. ढाबे के मालिक और एक कस्टमर के बीच पैसे को लेकर विवाद हो गया था. वे दोनों आपस में झगड़ रहे थे. इस बीच ग्राहक भागने लगा तो अल्फाज उसकी गाड़ी के सामने आ गए. आरोप है कि ढाबे वाले ने गुस्से में अल्फाज पर गाड़ी चढ़ा दी. मोहाली पुलिस ने ढाबे के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. सोहाना पुलिस थाने की तरफ से बताया गया है कि रायपुर रानी के रहने वाले विक्की के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. पुलिस के अनुसार, पंजाबी सिंगर अल्फाज के दोस्तों ने हमलावर की पहचान की है. पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में सामने आया है कि जानबूझकर अल्फाज पर गाड़ी चढ़ाई गई थी. अल्फाज को टेंपो से टक्कर मारी गई है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. इससे पहले पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.

## करीना कपूर को अकेला देख भीड़ में किसी ने खींचा हाथ... किसी ने उतारा पर्स, भागने लगी बेबो



बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान की एक झलक पाने के लिए लोग बैचेन रहते हैं. वे जब भी घर से बाहर निकलती हैं तो पपराजी उन्हें स्पॉट कर लेते हैं. हालांकि इस दौरान वे भी पपराजी से अच्छे से पेश आती हैं और पोज़ देती हैं. उनसे तस्वीरें क्लिक करवाती हैं. लेकिन इस बार बेबो का एक वीडियो सामने आया है जहां करीना कपूर खान खुद को थोड़ी परेशानी में पा रही हैं और अपने अति उत्साहित फैंस से काफी परेशान नजर आ रही हैं.करीना कपूर खान को हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया.इस दौरान करीना कपूर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है. इस दौरान करीना कपूर कार से अकेले उतरकर अपनी फ्लाइट पकड़ने एयरपोर्ट जा रही थीं. ऐसे में जैसे ही वहां मौजूद उनके फैंस ने उन्हें पहचाना, वे पटौदी बेगम की तस्वीरें क्लिक करने और उनके साथ सेल्फी और वीडियो बनाने के लिए इकट्ठा हो गए और भीड़ उमड़ पड़ी.

# बिग बॉस 16 के सबसे छोटे कंटेस्टेंट को टीना दत्ता ने किया प्रपोज!



**टेलीविजन के सबसे** पॉपुलर शो 'बिग बॉस' सीजन 16 का आगाज हो चुका है. पहले दिन से ही फैंस को एंटरटेनमेंट का ओवरडोज मिलना शुरू हो गया है. बीबी हाउस में रह रहे 14 कंटेस्टेंट्स के बीच पहली दिन से ही जुबानी जंग शुरु हो गई है, वहीं कुछ के बीच प्यार के फूल भी खिलने लगे हैं. शो में एंट्री लेने वाले तजाकिस्तान के मशहूर सिंगर अब्दू रोजिक बिग बॉस हाउस में सबके चहेते बन गए हैं. इतना ही नहीं एक एक्ट्रेस का तो अब्दू रोजिक पर दिल आ गया और उन्हें शादी करने तक का ऑफर दे डाला. अब्दू रोजिक की क्यूटनेस पर फिदा एक्ट्रेस अब उन्हीं के आगे-पीछे घूम रही है.

'बिग बॉस 16' ऑफर होने के बाद अब्दू रोजिक सोशल मीडिया पर ट्रेंड हो रहे हैं. बीते ऐपिसोड में साजिद खान से बात करते हुए उन्होंने अपने जीवन के संघर्ष के बारे में भी बात की. उन्हें भी बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था. उन्होंने कहा, 'मेरी लाइफ बहुत कठिन रही है, लोग उन पर तरस खाया करते थे. मेरे घर की स्थिति कभी अच्छी नहीं रही. हाइट छोटी होने की वजह से कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा. मैं कभी क्लास में नहीं जाता था क्योंकि मुझे बच्चा समझा जाता था, और मैंने कभी किताबें भी नहीं खरीदीं.' अब्दू ने यह भी खुलासा किया कि वो उन लोगों को नजरअंदाज करने की कोशिश करते हैं जो उनका मजाक उड़ाते हैं. अब्दू रोजिक सलमान खान की आने वाली 'किसी का भाई किसी की जान' फिल्म में एक कैमियो भी किया है. फिलहाल वो बिग बॉस में सबके चहेते कंटेस्टेंट बने हुए हैं. वहीं, 'उतरन' फेम एक्ट्रेस टीना दत्त, अब्दू पर फिदा हो गई हैं. हाल ही में शो का एक प्रोमो वीडियो भी सामने आया है जिसमें टीना दत्त सिंगर अब्दू राजिक को छेड़ती नजर आ रही हैं. टीना कहती हैं, हम इसका (अब्दू) का स्वयंवर करा रहे हैं, क्या मैं आपको डेट कर सकती हूं? क्या मैं आपकी गर्लफ्रेंड बन सकती हूं?

# प्रोड्यूसर और उनकी मां को नहीं मिला कोई गिरफ्तारी वारंट : एकता कपूर के वकील



**बीते दिनों खबरें** आ रही थीं कि फिल्म मेकर एकता कपूर और उनकी मां शोभा के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया है। इतना ही नहीं कहा जा रहा था कि बिहार के बेगूसराय की एक अदालत ने एकता कपूर की वेब सीरीज XXX के खिलाफ अरेस्ट वारंट भेज दिया है। हालांकि, अब एकता की वकील ने इस मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए अपना बयान जारी किया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि एकता और उनकी मां को कोई भी वारंट नहीं मिला है।

**क्या था मामला?**

दरअसल कुछ समय पहले एकता पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने अपनी इस वेब सीरीज में सैनिक की पत्नी की छवि खराब करने की कोशिश की है, जिसकी वजह से बेगुसराय न्यायिक दंडाधिकारी विकास कुमार के न्यायालय से वारंट जारी किया गया है।

**खबरों के खिलाफ एकता के वकील का बयान**

इन खबरों के खिलाफ एकता कपूर के वकील ऋषिकेश पाठक का बयान सामने आया है। उन्होंने एकता और उनकी मां पर लगे इस तरह के आरोपों को झूठा और बेबुनियाद ठहराया है। वकील ने अपने बयान में कहा कि- 'बीते दिनों में बिहार के बेगूसराय में एक मजिस्ट्रेट कोर्ट के जरिए एकता कपूर और उनकी मां श्रीमती शोभा कपूर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आरोप लगाने वाली खबरें आ रही थी। ये सभी खबरें झूठी हैं, अभी तक एकता या उनकी मां शोभा को कोई भी वारंट नहीं मिला है।' 6 जून 2020 को पूर्व सैनिक शंभू कुमार ने सीजीएम कोर्ट में एक परिवाद पत्र दाखिल किया था। शंभू के अलावा कई दूसरे पूर्व सैनिक का मानना है कि ये सीरीज उनकी और उनके परिवार की छवि को खराब करती हैं। ऐसी वेब सीरीज देखने से समाज में गलत मैसेज जाएगा। हालांकि एकता ने दावा किया है कि उन्होंने सिरीज से ये सीन्स हाटा दिए हैं।





## पैर में नस चढ़ने से बचाव : हाथ के इस बिंदु को दबाएं और 2 मिनट में दूर करें समस्या



**लोगों को रात को** सोते वक्त पैर की नस पर नस चढ़ने की समस्या हो जाती है. बता दें कि यह समस्या बेहद दर्दनाक और उलझन पैदा हो सकती है. यह समस्या ज्यादातर पैर की नसों पर होती है हालांकि शरीर के किसी भी हिस्से की नस पर नस चढ़ सकती है. ऐसे में तुरंत इस समस्या को दूर करने के लिए 1 घरेलू उपाय आपके बेहद काम आ सकता है. आज का हमारा लेख इसी विषय पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि पैर में नस पर नस चढ़ने पर क्या करना चाहिए.

रात को सोते समय अचानक से पैर की नस चढ़ जाए तो ऐसे में घबराए नहीं या कोई गलत एक्सरसाइज करने की कोशिश ना करें. बल्कि जिस पैर की नस चढ़ी है उस तरफ के हाथ की बीच वाली उंगली आपकी इस समस्या को दूर कर सकती है. जी हां, आप उस उंगली के नाखून के नीचे वाले भाग को जोर-जोर से दबाएं और तब तक दबाएं जब तक नस पर नस चढ़ने वाला दर्द दूर ना हो जाए और समस्या ठीक ना हो जाए. बता दें कि यह समस्या उस बिंदु को दबाने से मात्र 2 या 3 मिनट में ठीक हो सकती है और परिस्थिति सामान्य हो सकती है.

**पैर की नस पर नस चढ़ने के अन्य उपाय**

इस समस्या को दूर करने में अन्य उपाय भी आपके बेहद काम आ सकते हैं. आप अपने पैर को झटके साथ ही ब्लड सरकुलेशन को बेहतर करने के लिए अपने हाथों से मसाज करें. इससे अलग पैर की नस पर नस चढ़ने की समस्या को दूर करने के लिए आप वॉक भी कर सकते हैं. कुछ कदम चलने से भी समस्या दूर हो सकती है.

## पूरे शरीर में झनझनाहट क्यों होती है? झनझनाहट के कारण



**अक्सर आपने** देखा होगा कि अचानक से हाथ पैरों में झनझनाहट शुरू हो जाती है. बता दें कि इस झनझनाहट के कारण व्यक्ति के रोजमर्रा के कार्य प्रभावित होते हैं. उसे ऐसा महसूस होता है कि शरीर में कोई सुई चुभो रहा है. ऐसी स्थिति तब पैदा होती है जब ब्लड सरकुलेशन पर प्रभाव पड़ता है और ब्लड एक ही स्थान पर इकट्ठा हो जाता है या रुक जाता है. ऐसे में इस समस्या के कारणों के बारे में पता होना जरूरी है. आज का हमारा लेख इसी विषय पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि पूरे शरीर में झनझनाहट के क्या कारण हैं.

जब रीढ़ की हड्डी की नसों पर अधिक दबाव पड़ता है तो व्यक्ति के पूरे शरीर में झनझनाहट हो सकती है.

जैसा कि हमने पहले भी बताया ब्लड सरकुलेशन के प्रभावित होने पर रक्त अधिक गाढ़ा हो जाता है तब भी यह समस्या हो सकती है.

कुछ मामले ऐसे भी हैं, जिसमें किसी कीट के काटने के कारण ही शरीर में झनझनाहट हो सकती है.

जब कोई व्यक्ति दवाओं का अधिक मात्रा में सेवन करता है या किसी दवाई का रिएक्शन हो जाता है तो इसके कारण भी व्यक्ति को शरीर में झनझनाहट की समस्या हो सकती है.

जब शरीर में कैल्शियम, पोटेशियम, सोडियम और विटामिन बी जैसे मुख्य पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, तब भी इस प्रकार की समस्या हो सकती है.

कीमो थेरेपी, रेडिएशन थेरेपी या नशीले पदार्थों के कारण भी नसों को नुकसान पहुंच सकता है, जिसके कारण पूरे शरीर में झनझनाहट महसूस हो सकती है.

जब व्यक्ति कुछ समस्याएं जैसे- डायबिटीज, थायराइड, मल्टीपल स्क्लेरोसिस आदि का भी शिकार हो जाता है तो उससे भी शरीर में झनझनाहट हो सकती है.

## चिंता में डूबेंगे तो डिप्रेशन-एंग्जाइटी का शिकार बनेंगे



**बहुत ज्यादा** चिंता और ओवरथिंकिंग यानी जरूरत से ज्यादा सोचना आपको बीमार बना रहा है। बहुत बीमार। यह आपको डिप्रेशन और एंग्जाइटी की ओर धकेल रहा है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने दिमाग को दूसरी ओर मोड़ें और मानसिक तौर पर खुद को थोड़ा आराम दें। ऐसा नहीं है कि चिंता और जरूरत से ज्यादा सोचने वाले आप अकेले हैं।

अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान के प्रोफेसर रहे सुसान नोलेन होएकसेमा कहते हैं कि हर कोई अपनी जिंदगी में कभी न कभी ऐसे दौर से गुजरता है, लेकिन जो इसे संभाल नहीं पाते वे डिप्रेशन या एंग्जाइटी का शिकार हो जाते हैं। चिंता भविष्य के लिए परेशान करती है, जबकि ओवरथिंकिंग पछतावा लाती है।

होएकसेमा कहते हैं हमारा दिमाग संभावित परेशानियों की एक तरह की लिस्ट बना लेता है। किसी परेशानी की जुगाली तमाम लोगों में खाने की विकृति पैदा कर देती है। किसी को बहुत ज्यादा भूख लगती है तो किसी को बिल्कुल भूख नहीं लगती। ऐसी हालत में कई लोग नशा करने लगते हैं।

**दिमाग को ओवरथिंकिंग से ऐसे बचाएं**

रेयूबेन बर्जर बॉन यूनिवर्सिटी के अस्पताल में साइकोथेरेपिस्ट हैं। वे ऐसी हालत में दिमाग को भटकाने के तरीके बताते हैं। वे कहते हैं- जब भी आप चिंता या बहुत ज्यादा सोचना जैसा महसूस करें, अपनी मातृभाषा में खुद से चिल्लाकर कहिए बंद करो। यह आपको हास्यास्पद लग सकता है, लेकिन जब भी ऐसा हो, करके देखिए। दिमाग परेशान करने वाली बातें सोचना छोड़ देता है।

अपने हाथ में रबर बैंड बांधिए और ऐसा कहते हुए उसे खींचिए। आप अपने आसपास ऐसे चित्र भी लगा सकते हैं। दरअसल, हमारा लक्ष्य दिमाग को स्थिर करना है। वे दूसरा तरीका बताते हैं, खुद से यह कहना कि हमारी सोच सही नहीं है। कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि जो लोग परेशानियों का समाधान अपने तजुर्बे से ढूंढ़ते हैं, वे डिप्रेशन का शिकार कम होते हैं। इसलिए अपने अनुभवों की सुनिए।

**दोस्तों से बात करें, खुद को व्यस्त रखें**

फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिक डॉ. एडवर्ड सेल्बी चिंता या ओवरथिंकिंग से बचने के लिए दिमाग भटकाने के कुछ और तरीके बताते हैं। वे कहते हैं- दिमाग को भटकाकर खुद को खुश रखिए। इसके कई तरीके हैं, जैसे दोस्तों से बात करिए, लेकिन उन्हें अपनी परेशानी मत बताइए। परेशानी बताने से आपका दिमाग वहीं रहेगा।

अलग-अलग विषयों पर फिल्में देखिए जिसे समझने में दिमाग को मेहनत करनी पड़े। जब भी परेशान हों तो नहा लीजिए। मन को सुकून मिलेगा। नए-नए गाने सुनिए। डांस करिए या फिर जिम जाइए। खुद को व्यस्त रखिए फिर चाहे किताब पढ़िए या ध्यान लगाइए।

ब्रेकअप के बाद ओवरथिंकिंग डिप्रेशन का शिकार बनाती है

यह ओवरथिंकिंग यानी बहुत ज्यादा सोचना ही है कि संबंधों में ब्रेकअप के बाद लोग आमतौर पर डिप्रेशन में चले जाते हैं। वे ब्रेकअप के लिए खुद को जिम्मेदार मानते हैं और ये सोचते हैं कि अब कोई उन्हें प्यार नहीं करेगा। ये भी कि उन्होंने सबकुछ खो दिया। उन्हें समय रहते और ध्यान देना चाहिए था। उन्हें अपनी पिछली ज्यादातर बातें अपनी गलती लगने लगती हैं।

## सफेद दाग किस विटामिन की कमी से होता है?



**जब त्वचा पर** सफेद दाग हो जाते हैं तो लोग उस व्यक्ति से दूरी बनाना शुरू कर देते हैं. व्यक्ति को पता ही नहीं होता कि उसकी त्वचा पर सफेद दाग क्यों आए. ऐसे में बता दें कि सफेद दाग के पीछे एक विटामिन जिम्मेदार होता है. जी हां, विटामिन की कमी से शरीर पर सफेद दाग आ सकते हैं. ऐसे में लोगों को इस विटामिन के बारे में पता होना जरूरी है. आज का हमारा लेख इसी विषय पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि शरीर पर सफेद दाग आने के पीछे कौन सा विटामिन जिम्मेदार है.

स्किन पर सफेद दाग तब होते हैं जब शरीर में विटामिन B12 की कमी हो जाती है. जी हां, इस विटामिन का काम न केवल मूड को बेहतर करना होता है बल्कि यह शरीर में रेड ब्लड सेल्स के उत्पादन में भी मददगार साबित होती है. ऐसे में यदि शरीर में इस विटामिन की कमी हो जाए तो इसके कारण मूड स्विंग्स होने लगते हैं. साथ ही सफेद दाग की समस्या भी हो जाती है.

बता दें कि जब शरीर में विटामिन बी की कमी हो जाती है तो सफेद दाग के अलावा व्यक्ति को कब्ज की समस्या हो जाती है. इससे अलग इसका प्रभाव व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है.

डाइट में विटामिन बी12 की कमी होने से याददाश्त पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है. व्यक्ति की सोचने समझने की क्षमता भी प्रभावित होती है. ऐसे में व्यक्ति किसी चीज को रख कर भूलना शुरू कर देता है या उसे याद नहीं रहती. बता दें कि विटामिन ए और विटामिन डी की कमी के कारण ही व्यक्ति को सफेद दाग की समस्या हो सकती है. ऐसे में इन दोनों को भी अपनी डाइट में जरूर जोड़ें.

**सफेद दाग के शुरुआती लक्षण**

सफेद दाग के लक्षणों की बात की जाए तो यह समस्या त्वचा के अलावा आंखों में, नाखून, बाल आदि पर हो सकती है. इस समस्या के दौरान व्यक्ति को त्वचा पर खुजली की समस्या भी हो सकती है.

## ज्यादा पसीना आने के कारण क्या हैं?

**लोगों को अगर** गर्मी के मौसम में ज्यादा पसीना आए तो आम बात है लेकिन अगर जरूरत से ज्यादा पसीना आए तो ये विचार करने वाली बात है. जी हां, जरूरत से ज्यादा पसीना आने के पीछ कुछ आम और गंभीर कारण एक्टिव हो जाती हैं तब ये समस्या हो सकती है.

जब मौसम में बदलाव होता है, तब भी ये समस्या हो सकती है.

तनाव, चिंता और अन्य मानसिक स्थितियों के कारण भी व्यक्ति को ज्यादा पसीना आने की



भी हो सकते हैं. ऐसे में लोगों को इन कारणों को बारे में पता होना जरूरी है. आज का हमारा लेख इसी विषय पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि लोगों के चेहरे पर ज्यादा पसीना क्यों आता है. साथ ही इसके उपाय के बारे में भी जानेंगे.

**ज्यादा पसीना आने के कारण**

जरूरत से ज्यादा पसीना आने के पीछे कुछ गंभीर कारण हो सकते हैं. बता दें कि ज्यादा पसीना आने की समस्या हाइपरहाइड्रोसिस है. वहीं इसे क्रानियोफेशियल हाइपरहाइड्रोसिस कहते हैं. इससे अलग इस समस्या के पीछे कुछ अन्य कारण भी छिपे हो सकते हैं. ये कारण निम्न हैं-

आनुवांशिक समस्याओं के कारण ज्यादा पसीना आ सकता है.

जब पसीने की ग्रंथियां ज्यादा

समस्या हो सकती है.

जब व्यक्ति अधिक मात्रा में कुछ दवाओं का सेवन करता है तो इससे व्यक्ति को ज्यादा पसीना आ सकता है.

यदि आप ड्रग्स, अल्कोहल या स्मोकिंग का सेवन करते हैं तो इससे भी ज्यादा पसीना आने की समस्या हो सकती है.

**ज्यादा पसीना आने के उपाय**

गर्म जगहों पर जाने से बचें और बाहर निकलने से पहले चेहरे पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें. इससे ज्यादा पसीना आने की समस्या से राहत मिल सकती है.ज्यादा पसीने की समस्या टमाटर के रस से दूर हो सकती है. इसके इस्तेमाल से चेहरे पर मौजूद छिद्र बंद हो सकती हैं और पसीना को भी कम किया जा सकता है. इससे अलग चेहरे पर नींबू और टमाटर के रस को लगाएं.

## सेंधा नमक का पानी पीने के ये स्वास्थ्य लाभ जानतें हैं आप?



**नमक के बिना** किसी भी खाने में स्वाद नहीं आता. नमक हमारे खानपान का अभिन्न हिस्सा है. आमतौर पर हम खाने में सफेद नमक का इस्तेमाल करते हैं. लेकिन सफेद नमक को स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं माना जाता. इसके अलावा सेंधा नमक, गुलाबी नमक और काला नमक का भी सेवन किया जाता है. आमतौर पर सफेद नमक की जगह बाकी सभी को स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है. इस लेख में हम खासतौर पर सेंधा नमक की बात करेंगे. सेंधा नमक के स्वास्थ्य लाभों के बारे में बहुत से लोग जानते भी हैं, लेकिन ज्यादातर लोग व्रत-त्योहार में ही इसका सेवन करते हैं.

खाने में सेंधा नमक का इस्तेमाल अलग बात है, लेकिन सेंधा नमक का पानी पीने से भी कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं. कोई भी स्वास्थ्य वर्धक या स्वास्थ्य के लिए अच्छी चीज का सेवन भी नियंत्रित रूप से ही किया जाना चाहिए. यही बात सेंधा नमक पर भी लागू होती है. सेधा नमक के पानी का सेवन करने से पहले अपने डॉक्टर से बात कर लें.

**पाचन में सुधार करता है**

अगर आप कब्ज, पेट में गैस, अपच, पेट फूलना, उल्टी-दस्त और पेट दर्द जैसी समस्याओं से पीड़ित रहते हैं तो सेंधा नमक का पानी आपके लिए रामबाण इलाज साबित हो सकता है. सुबह खाली पेट सेंधा नमक का पानी पीने से पाचन संबंधी कई समस्याओं में लाभ मिलता है और आपका पाचन तंत्र भी सुधर जाता है.

**गले की खराश होगी दूर**

अगर आपके गले में खराश है और गले में दर्द हो रहा है तो सेंधा नमक का पानी आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है. इसके लिए गुनगुने पानी में सेंधा नमक मिलाकर इसका सेवन करना चाहिए, ऐसा करने से गले की खराब में जल्द से जल्द राहत मिल सकती है. यही नहीं आप सेंधा नमक के पानी से गरारे भी कर सकते हैं.

**सोडियम की कमी नहीं होती**

शरीर में किसी भी खनिज का स्तर अधिक या कम होना नुकसानदायक हो सकता है. अधिक सोडियम के नुकसान आपने सुने होंगे, लेकिन सोडियम कम होना भी नुकसानदायक होता है. अगर आपके शरीर में सोडियम की कमी हो गई है तो सेंधा नमक का पानी पीने से सोडियम के स्तर को सामान्य रखा जा सकता है.

**मांसपेशियों के दर्द से छुटकारा**

नमक का सेवन कम करने से शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बिगड़ सकता है. शरीर में ज्यादा समय तक नमक और इलेक्ट्रोलाइट्स के सुंतलन में गड़बड़ी की स्थिति में मांसपेशियों में ऐंठन और दर्द की दिक्कत हो सकती है. ऐसी स्थिति से बचने के लिए आपको सेंधा नमक के पानी का सेवन करना चाहिए.

**पोषक तत्वों का खजाना**

जैसा कि हमने ऊपर बताया कि सेंधा नमक में सफेद नमक की तुलना में कई पोषक तत्व होते हैं. सेंधा नमक में जिंक, आयरन, मैंगनीज जैसे कई खनिज होते हैं. सेंधा नमक शरीर को जरूरी पोषण देता है और कई तरह की बीमारियों के जोखिम को भी कम करता है.

**शरीर को डिटॉक्स करता है सेंधा नमक**

सेंधा नमक का पानी पीने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती. सेंधा नमक का पानी पीने से शरीर में जमा गंदगी व टॉक्सिन्स बाहर निकल जाते हैं, यह शरीर को प्राकृतिक तौर पर डिटॉक्स करने के लिए जाना जाता है. इसका असर आपकी त्वचा की चमक पर भी पड़ता है.

## कम उम्र में बाल झड़ने का आयुर्वेद में इलाज हैं?

**प्रश्न : मेरी उम्र 65 वर्ष है। मैंने सुना है आयुर्वेद में ऐसे रसायन कल्प है जिनके सेवन से मै आने वाले वर्षों में भी स्वस्थ और सक्रिय रह सकता हूं। कृपा कर उनके बारे में बताएं।**

**– प्रभाकर आदित्य शर्मा, सिकंदराबाद**

उत्तर : आयुर्वेद में रसायन चिकित्सा का वर्णन आता है। अष्टांग आयुर्वेद में ₹रसायन₹ और ₹वाजीकरण₹ का महत्वपूर्ण स्थान है। जो कल्प या योग रस- रक्तादि सभी धातु को पुष्ट कर, अष्टम धातु ओज का भी निर्माण करें- उसे ₹रसायन₹ कहते हैं। रसायनों में ₹वयस्थापक रसायन₹ वे है जो बढ़ती उम्र के प्रभाव को कम करें, शरीर में वृद्धावस्था के आगमन पर रोक लगाएं। पंचकर्म से शरीर को पहले शुद्ध कर इन वयस्थापकों का प्रयोग करने से शरीर की चयापचय प्रक्रिया सुचारू रूप से कार्य करती है। आमलकी रसायन, च्यवनप्राश सुप्रीम, रजवाड़ीप्राश, कोहिनूरप्राश, स्वर्णिमप्राश, अश्वगंधावलेह, अश्वगंधादि चूर्ण, धातु पौष्टिक चूर्ण, पूर्णचंद्र रस, नवरत्न कल्पामृत रस इसी श्रेणी में आते हैं। इनके अलावा व्यक्ति खूब पानी पिएं। दूध, दही, घी, शहद आदि का प्रयोग करें । इन सब में बढ़ती उम्र के प्रभाव को कम करने के गुण हैं। भोजन के बाद ऊंझा द्राक्षासव या ग्रेप्सविन और ऊंझा सारस्वतारिष्ट प्रत्येक की 10 मिलीलीटर दवा को दोगुने पानी में मिलाकर पीने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं रहती। शरीर और मन ताजा बने रहते हैं। रसायन लेने की कोई उम्र नहीं होती। आयुर्वेदाचार्य नित्य रसायन सेवन करने की सलाह देते हैं।

**प्रश्न : मेरी उम्र 20 वर्ष है। मेरे बाल झड़ने लगे हैं, यही चिंता का कारण है। आपसे इसका आयुर्वेदिक इलाज बताने की प्रार्थना है।**

**– संजना राव, खम्मम**

उत्तर : बालों के झड़ने के कई कारण हो सकते हैं। रूसी याने डैंड्रफ रहने से, फफूंद के संक्रमण से, बालों की जड़ों का पोषण नहीं होने से, बोरिंग के पानी का प्रयोग करने से, बहुत अधिक मानसिक चिंता से, खून की कमी से, कुछ अंग्रेजी दवाएं जैसेः क्लोरोमायसेटिन, रिफैंपिसिन आदि के प्रयोग से- बाल झड़ने लगते हैं। बालों के गिरने को आयुर्वेद में ₹खालित्य₹ और असमय पकने को ₹पालित्य₹ कहते हैं।

नीम की ट्री शैंपू के प्रयोग से डैंड्रफ यानी रूसी से छुटकारा मिलता है। केशकाम्य शैंपू भी इसमें उपयोगी है। फफूंद व अन्य जीवाणुओं के



संक्रमण से राहत मिलती है। इसके नियमित प्रयोग से बालों के झड़ने को रोका जा सकता है। ऊंझा महाभृंगराज केश तैल या नर्चर केश तैल को थोड़ा गुनगुना करके बालों की जड़ों में नित्य मालिश करने से खालित्य रोग पर अंकुश लगता है। कमजोरी से बाल टूटने की स्थिति में आमलकी रसायन व ऊंझा ताप्यादि लौह टिकिया का सेवन तुरंत लाभ देता है। केशयोग कैप्सूल का सेवन भी बालों के झड़ने को रोकने में मदद करता है। शुद्ध नारियल का तैल, भृंगाआमलकी तैल का प्रयोग भी इसमें उपयोगी है।

**प्रश्न : मेरे कूल्हों में बहुत दर्द रहने लगा है। एक्स-रे की रिपोर्ट के अनुसार कूल्हों की संधियों में संधि अवकाश छोटा हो गया है। क्या मुझे अंकेलोजिंग स्पोंडिलाइटिस हो गया है या आमवात? कृपा कर आयुर्वेदिक उपचार बताएं।**

**– सत्यनारायण राव, महबूबनगर**

उत्तर : आपने जिन रोगों के नाम लिए हैं- इन दोनों में जीवन भर ही मैनेजमेंट जरूरत पड़ती है। तभी मुश्किल से संधियों में लचीलापन बना रहता है। साथ ही शरीर की आकृति में विकृति नहीं आती। आपके वर्णन से एक बात और स्पष्ट हो रही है कि रोग अभी प्रारंभिक अवस्था में ही है। नित्य हल्का शारीरिक व्यायाम करना जरूरी है । पीड़ा वाली संधियों पर महाविषगर्भ तेल या गुनगुना करके ऊंझा महानारायण तेल की नित्य मालिश करें। बैठने और सोने के पोश्चर को सही करें । ध्यान रहे कि किसी भी परिस्थिति में आप कब्जियत के शिकार न बने। उसके लिए आमदोषपाचन और निर्हरण हेतु ऊंझा निरोग चूर्ण या औरा लैक्झोल पाउडर का प्रयोग करें । ऊंझा सिंहनाद गुग्गुलु, आमवातारी रस का प्रयोग संधि में लचीलापन व दर्द को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। औरा सल्लकी टिकिया, रुमाटाइज टिकिया व महावातविध्वंसन रस का प्रयोग भी लाभकारी होता है। भोजन के बाद ऊंझा महारास्नादि क्वाथ 15 मीलीलीटर को 30 मिलीलीटर गुनगुने पानी में मिलाकर लेने से काफी लाभ मिलता है । यह सारे चिकित्सा कर्म दक्ष आयुर्वेद चिकित्सक की निगरानी में ही और उनके परामर्श के अनुसार ही करने चाहिए।


**डॉ.च.पुरुषोत्तम बिदादा**

**email :**
purushottambidada@gmail.com


**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य कचपकाएं।**

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी
**स्वतंत्र वार्ता**
396, लोअर टैंक बंड, हैदराबाद-80



## घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम एक साल में 5 बार बढ़े, कॉमर्शियल सिलेंडर 11 बार सस्ता हुआ




नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। क्या आप जानते हैं कि आखिरी बार घरेलू एलपीजी के दाम कब बदले थे? इस साल 6 जुलाई को 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के भाव में बदलाव किया गया था। वह भी उपभोक्ताओं की जेब पर 50 रुपये का बोझ डालते हुए। करीब पिछले एक साल में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट 5 बार बदले और और हर बार महंगा ही हुआ। इसके विपरीत 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के रेट में कुल 17 बार बदलाव हुए। इसमें 11 बार सिलेंडर सस्ता हुआ और केवल 6 बार महंगा। इस एक साल में घरेलू एलपीजी सिलेंडर दिल्ली में जहां 153.5 रुपये महंगा हुआ, वहीं कॉमर्शियल सिलेंडर केवल 125.5 रुपये। 6 अक्टूबर 2021 899.50 15 रुपये बढ़ा 22 मार्च 2022 949.50 50 रुपये बढ़ा 7 मई 2022 999.50 50 रुपये बढ़ा 19 मई 2022 1003 3.50 रुपये बढ़ा 6 जुलाई 2022 1053 50 रुपये बढ़ा 1 अक्टूबर 2022 1859.50 25.50 रुपये सस्ता 1 सितंबर 2022 1885.00 91.50 रुपये सस्ता 1 अगस्त 2022 1976.50 36 रुपये सस्ता 6 जुलाई 2022 2012.50 8.50 रुपये सस्ता 1 जुलाई 2022 2021.00 207 रुपये सस्ता 1 जून 2022 2219.00 135 रुपये सस्ता 19 मई 2022 ।

# 200 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

### रेल मंत्री ने कहा- लाउंज, फूड कोर्ट के साथ कई चीजें होंगी खास



नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। औरंगाबाद। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि देश के कम से कम 200 रेलवे स्टेशनों का आधुनिक सुविधाओं से कायाकल्प किया जाएगा। उन्होंने महाराष्ट्र के औरंगाबाद रेलवे स्टेशन पर एक कोच रखरखाव कारखाने के शिलान्यास समारोह में यह बात कही। वैष्णव ने कहा, "47 रेलवे स्टेशनों के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि 32 स्टेशनों पर काम शुरू हो गया है। रेलवे का कायाकल्प हो रहा है।" उन्होंने कहा, "केंद्र सरकार ने 200 रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प के लिए मास्टर प्लान तैयार किया है। स्टेशनों पर ओवरहेड स्पेस बनाए जाएंगे, जिसमें बच्चों के मनोरंजन से जुड़ी सुविधाओं के अलावा प्रतीक्षा लाउंज और फूड कोर्ट सहित कई अन्य विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी।" वैष्णव ने यह भी कहा कि रेलवे स्टेशन क्षेत्रीय उत्पादों की बिक्री के 'मंच' के रूप में काम करेंगे। रेल मंत्री ने यहां वंदे भारत ट्रेन के निर्माण में महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के योगदान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, "भविष्य में देश में 400 'वंदे भारत' ट्रेन होंगी। इनमें से 100 ट्रेन का निर्माण मराठवाड़ा के लातूर स्थित एक कोच फैक्टरी में किया जाएगा। कारखाने में पहले से ही आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत देश के सभी हिस्सों को अब या तो राजमार्गों या फिर रेलवे के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। इस योजना के तहत मराठवाड़ा क्षेत्र के कुछ हिस्सों को भी जोड़ा जाएगा। वैष्णव ने कहा कि औरंगाबाद स्थित कोच रखरखाव कारखाने की मौजूदा क्षमता 18 कोच है, लेकिन महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने इसे बढ़ाकर 24 कोच किए जाने की मांग की है।

उन्होंने अधिकारियों को दानवे की मांग की समीक्षा करने और अगले 15 दिनों में प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया है।

# त्योहारी सीजन में बढ़ा गोल्ड का भाव

### चांदी 930 रुपये प्रति किलो उछली



नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। त्योहारी सीजन में सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी की चमक लगातार बढ़ रही है। सोने-चांदी के भाव में आज भी बदलाव देखने को मिल रहा है। सोने के हाजिर भाव में आज 89 रुपये और चांदी में 930 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5863 रुपये ही सस्ता रह गया है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 18740 रुपये सस्ती है। चांदी शुक्रवार के बंद भाव की तुलना में महंगी होकर 57268 रुपये पर खुली। 24 कैरेट सोना आज 50391 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर खुला। जबकि 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 50189 रुपये पर है। वहीं, 22 कैरेट 46158, जबकि 18 कैरेट 37793 और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 29479 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इसमें जीएसटी और ज्वैलर का मुनाफा नहीं जुड़ा है। सोना-चांदी जिस रेट पर खुलते हैं, उससे कहीं अधिक दाम आपको देना पड़ता है। मसलन इसमें जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज तो जुड़ता ही है, साथ में ज्वेलर का मुनाफा भी ऐड होता है। ऐसे में आज आइए आपको बताते हैं कि जीएसटी औल ज्वेलर का एक अनुमानित मुनाफा जोड़ने के बाद आपको आईबीजेए द्वारा जारी रेट से कितना अधिक चुकाना पड़ता है...जीएसटी और मुनाफा जोड़ने के बाद सोना 57000 के पार आज 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी यानी 1511 रुपये जोड़ने के बाद इसका रेट 51902 रुपये हो जा रहा है। वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा जोड़ने के बाद सोने का भाव 57093 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 58986 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 64884 रुपये में देगा। 23 कैरेट गोल्ड पर भी 3 फीसद जीएसटी और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 56864 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से। जबकि, 22 कैरेट सोने का भाव तीन फीसद जीएसटी के साथ यह 47542 रुपये का पड़ेगा।

# पीएनबी देगा सीनियर सिटीजन को एफडी पर एक्स्ट्रा ब्याज, दरें लागू हैं

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। आरबीआई ने जब से रेपो रेट में इजाफा किया है, बैंको ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर इंटरेस्ट रेट्स में बढ़ोतरी की झड़ी लगा दी है। इसी क्रम में पंजाब नेशनल बैंक ने भी एफडी रेट्स में इजाफा कर दिया है।

इस इजाफे के बाद पंजाब नेशनल बैंक 80 साल और उससे ज्यादा की उम्र के सभी सुपर सीनियर सिटीजन को 80 बेसिस प्वाइंट का एडिशनल ब्याज देगा। यह एडिशनल इंटरेस्ट रेट 7 दिन से लेकर 10 साल तक की एफडी पर लागू होगा। इसके अलावा पंजाब नेशनल बैंक 60 साल और उससे अधिक की उम्र के सभी सीनियर सिटीजन को एडिशनल 0.50 पर्सेंट का ब्याज देगा। आपको बता दें कि वर्तमान में कोई भी बैंक सभी टेन्योर पर अपने सुपर सीनियर सिटीजन ग्राहकों को इतना ब्याज नहीं दे रहा है। बैंक की ऑफिशियल वेबसाइट के अनुसार बढ़ी हुई ब्याज दरें 13 सितंबर से लागू है। ब्याज दरों में इजाफे के बाद पंजाब नेशनल बैंक 7 दिन से 14 दिन की एफडी पर 3.80 पर्सेंट, 15 से 29 दिन की एफडी पर 3.80 पर्सेंट, 30 से 45 दिन की एफडी पर 3.80 पर्सेंट, 46 से 90 दिन की एफडी पर 4.05 पर्सेंट,91 से 179 दिन की एफडी पर 4.80 पर्सेंट, 180 दिन से 270 दिन की एफडी पर 5.30 पर्सेंट, 271 दिन से लेकर 1 साल से कम की एफडी पर 5.30 पर्सेंट, 1 साल की एफडी पर 6.30 पर्सेंट, 1 साल से ज्यादा और 404 दिन की एफडी पर 6.30 पर्सेंट, 406 दिन से लेकर 2 साल की एफडी पर 6.30 पर्सेंट, 2 साल से ज्यादा और 3 साल तक की एफडी पर 6.40 पर्सेंट, 3 साल से ज्यादा और 5 साल तक की एफडी पर 6.55 पर्सेंट, 5 साल से ज्यादा और 10 साल की एफडी पर 6.45 पर्सेंट और 1111 दिन की एफडी पर 6.55 पर्सेंट का ब्याज देगा। covid-19 पेंडामिक के दौरान कई बड़े बैंकों ने 5 साल और उससे अधिक की समयावधि पर सीनियर सिटीजन के लिए स्पेशल फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम लॉन्च किया था। इसमें से कुछ ही बैंकों ने अभी भी इस स्पेशल एफडी स्कीम को जारी रखा है। जिसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की 'वी केयर सीनियर सिटीजन एफडी योजना' और एचडीएफसी बैंक की 'एचडीएफसी वरिष्ठ नागरिक एफडी योजना'' शामिल है।

# जी-20 देशों के स्पीकरों का सम्मेलन जकार्ता में

### ओम बिरला और हरिवंश शामिल होंगे

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। जी-20 देशों की पार्लियामेंट के स्पीकरों (संसद के प्रमुखों) की आठवीं शिखर बैठक 6 से 7 अक्तूबर को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में हो रही है। इसमें लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश शामिल होंगे। स्पीकर ओम बिरला जकार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। सूत्रों ने बताया कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल 4 अक्तूबर को जकार्ता के लिए रवाना होगा। जी-20 संगठन 19 देशों और यूरोपीय संघ से मिलकर बना है। ये 19 देश हैं- अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, कोरिया गणराज्य, दक्षिण अफ्रीका, रूस, सऊदी अरब, तुर्की, ब्रिटेन और अमेरिका। भारत अगले साल यानी 2023 में दिल्ली में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। 17 वां जी-20 शिखर सम्मेलन नवंबर 2022 में इंडोनेशिया में आयोजित किया जाएगा। भारत दिसंबर 2022 से एक साल के लिए जी-20 की अध्यक्षता करेगा। जी20 की अध्यक्षता हर साल सदस्य देशों के बीच बारी बारी से सौंपी जाती है। यह पद धारण करने वाला देश, पिछला अध्यक्ष देश और अगला अध्यक्ष बनने वाला देश मिलकर जी-20 के एजेंडे की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए 'ट्रोइका' बनाता है। अभी इटली, इंडोनेशिया और भारत ट्रोइका देश हैं। इंडोनेशिया वर्तमान में इस संगठन का अध्यक्ष है।

# मंथली इनकम अकाउंट से होगी हर महीने कमाई

### अब इसमें मिलेगा 6.7% ब्याज, यहां जानें इस योजना से जुड़ी खास बातें

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकार ने पोस्ट ऑफिस की कई स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। इसी के चलते अब नेशनल सेविंग्स मंथली इनकम अकाउंट पर अब 6.6% की बजाय 6.7% सालाना ब्याज मिलेगा।

इस स्कीम की सबसे अच्छी बात ये है कि इसके जरिए आप आपने लिए हर महीने इनकम का इंतजाम कर सकते हैं। हम आपको इसके बारे में बता रहे हैं। इस स्कीम के तहत अकाउंट को मिनिमम 1000 रुपए से खुलवा सकते हैं। वहीं अगर अधिकतम की बात करें तो अगर आपका अकाउंट सिंगल है तो आप 4.5 लाख रुपए तक अधिकतम जमा कर सकते हैं। वहीं अगर आपका ज्वाइंट अकाउंट है तो इसमें अधिकतम 9 लाख रुपए जमा किए जा सकते हैं। इसमें 6.7% सालाना ब्याज मिल रहा है। सालाना मिलने वाले ब्याज को 12 महीनों में बांट दिया जाता है और वह अमाउंट आपको हर महीने मिलता रहता है। अगर आप मंथली पैसा न निकालें तो वह आपके पोस्ट ऑफिस सेविंग्स अकाउंट में रहेगी और मूलधन के साथ इन पैसों को भी जोड़कर आपको आगे ब्याज मिलेगा। मान लीजिए अगर आप इस योजना के तहत 4.5 लाख रुपए का निवेश करते हैं तो अब आपको 6.7% सालाना ब्याज के हिसाब से सालाना 30,150 रुपए ब्याज मिलेंगे। वहीं अगर आप इसमें ज्वाइंट अकाउंट के तहत 9 लाख का निवेश करते हैं तो आपको 60,300 साल का ब्याज मिलेगा। इसे 12 महीनों में बराबर बांटें तो हर महीने 5,025 रुपए का रिटर्न मिलेगा। अगर रिटर्न को विद्ड्रॉ नहीं करते हैं तो उस पर भी ब्याज मिलता है। इसमें निवेश करने पर आपको अधिकतम 6.7% ब्याज मिल रहा है। ऐसे में रूल ऑफ 72 के अनुसार अगर आप इस स्कीम में पैसा लगाते हैं तो पैसे को डबल होने में करीब 10 साल 8 महीने का समय लगेगा। एक्सपर्ट्स इसे सबसे सटीक रूल मानते हैं, जिससे यह तय किया जाता है कि आपका निवेश कितने दिनों में डबल हो जाएगा।

# चिंताजनक: नई चालबाजी से प्रतिरक्षा को गच्चा देने लगा कैंसर

### खुल सकता है इलाज में सुधार का रास्ता

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। शरीर में कैंसर का प्रसार रोकने के लिए प्रतिरक्षा तंत्र के मजबूत हमले की जरूरत पड़ती है लेकिन अब इस रोग की कोशिकाओं ने खुद को बचाने की तरकीब ढूंढ ली है, जिसने वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया हैं। हाल ही में हुए एक शोध में विशेषज्ञों ने पाया है कि कुछ कैंसर कोशिकाएं टी सेल्स (प्रतिरक्षा) के प्रहार से नष्ट न हो पाएं, इसके लिए वह दूसरी बड़ी कैंसर कोशिकाओं के भीतर छिप जाती हैं। दरअसल, शोधकर्ता अध्ययन के दौरान एक खास तरह की कैंसर थेरेपी पर काम कर रहे थे। यह उन प्रोटीनों का खात्मा करती है, जो गांठों पर टी सेल्स के हमले को रोकते हैं और इसका मेलानोमा, बड़ी आंत (कोलन) कैंसर और फेफड़ों के कैंसर में इस्तेमाल होता है। लेकिन वैज्ञानिक तब चौंक गए, जब टी सेल्स द्वारा नष्ट किए जाने के बाद गांठ वापस उभरने लगी। शोधकर्ताओं ने जब इंसानी कोशिकाओं में इसकी पड़ताल की तो उनमें भी कमोबेश यही स्थिति सामने आई। हालांकि, रक्त कैंसर व ग्लियोब्लास्टोमा के मामले में ऐसा नहीं दिखा और इनकी कोशिकाओं ने विशाल संरचना नहीं बना रखी थी। शोध के नतीजों को देखकर कुछ अन्य विशेषज्ञों ने कहा है कि यह खोज मरीजों के इलाज में अधिक सुधार का रास्ता खोल सकती है। चूहों में मेलानोमा और स्तन कैंसर पर शोध कर रहे तेल अवीव यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर यारोन करमी ।

# सितंबर में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों की अच्छी स्थिति बरकार



नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियां सितंबर के महीने में आंशिक रूप से सुस्त पड़ने के बावजूद अच्छी स्थिति में बनी रहीं और कंपनियों ने नए कर्मचारियों की भर्ती की। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह आकलन पेश किया गया। एसएंडपी के वैश्विक भारत मैन्युफैक्चरिंग पर्चेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के सितंबर आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय मैन्युफैक्चरिंग उद्योग की सेहत में तगड़ा सुधार देखा गया है। इस दौरान कंपनियों ने अपना उत्पादन बढ़ाने के साथ ही नए कर्मचारियों की भर्ती भी की। सितंबर में पीएमआई 55.1 पर रहा जो मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में विस्तार को दर्शाता है। यह लगातार 15वां महीना है जब मैन्युफैक्चरिंग में सुधार दर्ज किया गया है। हालांकि सितंबर का पीएमआई अगस्त के 56.2 की तुलना में थोड़ा कम रहा। एसएंडपी की पीएमआई सर्वेक्षण कहता है कि विनिर्माण विस्तार की दर अगस्त की तुलना में थोड़ा सुस्त पड़ने के बावजूद ऐतिहासिक रूप से ऊंचे स्तर पर बनी रही। बिक्री में बढ़त और उत्पादन बढ़ाने की जरूरत को पूरा करने के लिए कंपनियों ने अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती की। लागत मूल्य में कमी आने से कंपनियों की खरीद में बढ़त का रुख रहा। सर्वेक्षण के मुताबिक, "कंपनियों की मैन्युफैक्चरिंग पर्चेसिंग से जुड़ी लागत दो साल में सबसे धीमी रफ्तार से बढ़ी जबकि उत्पादन भार मुद्रास्फीति सात महीने के निचले स्तर पर आ गई।" पीएमआई के 50 से अधिक रहने को विनिर्माण गतिविधियों में सुधार का संकेत माना जाता है जबकि इस सूचकांक के 50 से नीचे रहने को मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में सुस्ती का इशारा माना जाता है।

एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की आर्थिक सह निदेशक पॉलियाना डि लीमा ने कहा, "पीएमआई के नए आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय विनिर्माण क्षेत्र वैश्विक चुनौतियों और मंदी की आशंका के बावजूद अच्छी स्थिति में बना हुआ है।"

# दिल्ली में चलाई पुरानी कार तो हो सकती है जब्त और स्क्रैप

### सरकार ने जारी किया आदेश



नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार ने पुराने वाहनों के मालिकों को राष्ट्रीय राजधानी में सड़कों पर वाहन चलाने के खिलाफ आगाह किया। सरकार ने कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन है। दिल्ली सरकार ने शनिवार को कहा कि ऐसे पुराने वाहनों को सड़कों पर पाए जाने पर तुरंत जब्त कर लिया जाएगा और साथ ही स्क्रैप भी कर दिया जाएगा। यह 2018 में जारी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप है, जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी में 10 साल से पुराने डीजल और 15 साल पेट्रोल वाहनों को चलाना प्रतिबंधित है। आदेश में यह भी कहा गया है कि इस आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा। परिवहन विभाग द्वारा जारी बयान में कहा गया है, अब, यह ध्यान में आया है कि इन आदेशों के बावजूद, ऐसे वाहन अभी भी दिल्ली की सड़कों पर चलते और खड़े पाए जाते हैं। परिवहन विभाग की प्रवर्तन शाखा ऐसे वाहनों को दिल्ली की सड़कों पर चलाने या खड़ी रहने पर पकड़े जाने पर जब्त करने के लिए मजबूत प्रवर्तन अभियान चला रही है। विज्ञापन दिल्ली सरकार ने अपने आधिकारिक बयान के जरिए यह भी कहा कि 15 साल पुराने वाहनों को जब्त करने के बाद स्क्रैपिंग के लिए अधिकृत स्क्रैप सेंटर को तुरंत सौंप दिया जाएगा। सरकार ने लोगों को सलाह दी कि वे ऐसे वाहनों को न तो ड्राइव करें और न ही किसी सार्वजनिक जगह पर रखें या पार्क करें। बयान में आगे कहा गया है, यदि किसी के पास ऐसा कोई वाहन है, तो उन्हें परिवहन विभाग के अधिकृत स्क्रैप सेंटर से इसे तुरंत रद्द करने का निर्देश दिया जाता है। विभाग ने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और बाजार संघों से कहा कि वे पाए जाने वाले ऐसे किसी भी वाहन के बारे में उन्हें उनके व्हाट्सएप नंबर पर सूचित करें। यह कदम राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के खतरे को रोकने के लिए दिल्ली सरकार की पहल के हिस्से के रूप में आया है। प्रदूषण लंबे समय से शहर में अधिकारियों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय रहा है।

# फल-फूल रहा धुएं उड़ाने का कारोबार

### जिसने गरबा को भी नहीं बख्शा

नई दिल्ली।सोशल मीडिया पर आजकल गुजरात के वडोदरा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक युवती गरबा में धुआं उड़ाती नजर आ रही है। माना जा रहा है कि युवती गरबा करते समय ई-सिगरेट का सेवन कर रही थी। देश में 2019 में ही ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। तब सरकार ने कहा था कि ई-सिगरेट की ऑनलाइन बिक्री करने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। लेकिन इस तरह की सिगरेट की बिक्री जारी है। ई-सिगरेट में परंपरागत तंबाकू की जगह पर लिक्विड केमिकल्स को गर्म किया जाता है। पीने वाला व्यक्ति इसके धुएं को अंदर खींचता है। ई-सिगरेट भी सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। यही वजह है कि सरकार ने इस पर बैन लगाने का फैसला लिया था। भारत सरकार सितंबर 2019 में देश में ही ई-सिगरेट पर बैन लगा था लेकिन इसके बावजूद सिगरेट की दुकानों और ऑनलाइन मार्केटप्लेस में यह आसानी से उपलब्ध है। भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाली ई-सिगरेट ऐसी हैं जिन्हें एक बार यूज करने के बाद दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। इनकी कीमत 500 रुपये से 3500 रुपये तक है। इनमें से ज्यादातर सिगरेट चीन में बनी हैं। आईगेट, यूओटो और डायबो जैसे ब्रांड्स ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को लुभाने के लिए 'रसीला फल', 'कोला आइस' और 'आइस्ड स्ट्रॉबेरी'' जैसे फ्लेवर्स के साथ ई-सिगरेट बेचते हैं। भारत में बैन के बावजूद ई-सिगरेट्स को अच्छे ऑर्डर मिल रहे हैं। यही वजह है कि चोरी-छिपे विदेशों से ई-सिगरेट भारत लाई जा रही है। हाल में गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर डीआरआई की टीम ने 48 करोड़ रुपये की ई-सिगरेट जब्त की थी। चीन से मुंद्रा पोर्ट पहुंचे दो कंटेनरों में डीआरआई को 48 करोड़ रुपये की ई-सिगरेट मिली थी। डीआरआई टीम को एक कंटेनर में ई-सिगरेट की 2 लाख 400 छड़ें मिलीं थीं। भारत ही नहीं अमेरिकी भी चीन से आ रही ई-सिगरेट की समस्या से परेशान है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी में अब भी कम से कम 20 ब्रांड ई-सिगरेट बेच रहे हैं जिनमें से अधिकांश चीन में बने हैं। नॉर्मल सिगरेट और ई-सिगरेट में सबसे बड़ा फर्क है कि इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट में तंबाकू नहीं होता। ई-सिगरेट एक खास प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट है। ई-सिगरेट को बिल्कुल सिगरेट की तरह जाता है। इसे बैटरी के जरिए चलाया जाता है। इसके अंत में एक एलईडी बल्ब लगा होता है। कश लगाने पर ये बल्ब जलता है और सिगरेट के तंबाकू जलने जैसा फील देता है। इसके कई फ्लेवर आते हैं। इस गैजेट को साधारण सिगरेट और तंबाकू के बदले इस्तेमाल किया जाता है। इस गैजेट का आकार और रूप असली सिगरेट की तरह होता है। प्रस्तुतकर्ता और सामरिक खुफिया की जुलाई 2019 में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में ई-सिगरेट का मार्केट तेजी से फलफूल रहा था। 2018 में इसका मार्केट 78 लाख डॉलर का था और माना जा रहा था कि 2024 तक यह 26।4 फीसदी की सालाना रफ्तार से 4।53 करोड़ डॉलर पर पहुंच जाएगा।

# गिरावट में बंद हुआ शेयर बाजार : सेंसेक्स 638 अंक गिरकर 56,788 पर बंद

### अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 9% लुढ़का



नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। मंदी की आशंकाओं से ग्लोबल बाजारों में खराब संकेत के चलते भारतीय शेयर बाजार में पहले कारोबारी दिन, यानी सोमवार को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 638 अंक की गिरावट के साथ 56,788 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 208 अंक गिरकर 16,885 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 27 शेयरों में गिरावट रही। वहीं सिर्फ 3 शेयरों में तेजी दिखी। अडाणी एंटरप्राइजेज, आयशर मोटर्स, अडाणी पोर्ट्स, टाटा कंज्यूमर, मारुती, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंडसइंड बैंक, हिंडाल्को निफ्टी-50 के टॉप लूजर्स रहे। वहीं ओएनजीसी, डॉ रेड्डी, सिप्ला, बीपीसीएल, कोल इंडिया, एनटीपीसी, डिविस लैब और भारती एयरटेल टॉप गेनर्स रहे। वहीं नायका के शेयरों में शुरुआती कारोबार में 11% की तेजी देखने को मिली थी। हालांकि, इसका शेयर 2.55% की तेजी के साथ 1,304.55 पर बंद हुआ। बोनस शेयर की अनाउंसमेंट के बाद नायका के शेयरों में यह तेजी देखने को मिली है। बता दें कि कंपनी के बोर्ड ने 5:1 के रेश्यो के साथ बोनस शेयर देने की अनाउंसमेंट की है। यानी अगर किसी निवेशक के पास कंपनी का एक शेयर है, तो उसे 5 बोनस शेयर दिए जाएंगे। कंपनी ने इसके लिए 3 नवंबर 2022 को रिकॉर्ड डेट फिक्स की है। वहीं एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 10 गिरावट देखने को मिली। सिर्फ फार्मा सेक्टर में करीब 1% की तेजी रही। ऑटो, एफएमसीजी और पीएसयू बैंक सेक्टर में 2% से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली। इसके अलावा बैंक, प्राइवेट बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेस, मेटल, मीडिया, रियल्टी और आईटी सेक्टरों में भी गिरावट रही। शेयर बाजार में शुक्रवार (30 सितंबर) को जोरदार तेजी देखने को मिली थी। लगातार सात कारोबारी दिनों की गिरावट के बाद बाजार तेजी में बंद हुआ था। सेंसेक्स 1016 अंक की तेजी के साथ 57,426 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 276 अंक बढ़कर 17,094 के स्तर पर बंद हुआ था।

# सीएसआईआर - राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह संपन्न




हैदराबाद, 3 अक्टूबर ((स्वतंत्र वार्ता)। सीएसआईआर - राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह संस्थान के एस.बी. हाल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. वी.एम. तिवारी ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, हैदराबाद के कुलपति माननीय प्रो. ई. सुरेश कुमार जी उपस्थित हुए।

प्रो. सुरेश कुमार जी ने अपने वक्तव्य के दौरान सरल एवं सुबोध हिन्दी में एकल भाषिकता और बहु भाषिकता की तुलना की। उन्होंने विदेशों का उदारण देते हुए कहा कि एक मात्र भाषा बोलने वाले लोगों में पार्श्विक सोच (लैटरल थिंकिंग) की क्षमता बहुत कम होती है। वही यदि भारत जैसे बहु भाषी देशों में अधिक होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी दूसरी भाषा सीखने के लिए पहले अपनी मातृभाषा पर पकड़ या सही रूप में प्रयोग करने की क्षमता होनी चाहिए। मातृभाषा के ज्ञान के अभाव में किसी दूसरी भाषा को सीखना बिलकुल असंभव सी बात है। उन्होंने देश की दूसरी भाषाओं को सीखने के लिए सभी से आग्रह किया। उन्होंने भाषाई क्षेत्र में अपनी यात्रा के बारे में विस्तृत रूप से उदाहरणों के साथ बताया।

संस्थान के निदेशक डॉ. वी.एम. तिवारी जी ने स्मृति चिह्न और शाल के साथ प्रो. सुरेश कुमार जी का सम्मान किया।

इससे पहले माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का हिन्दी दिवस के अवसर पर दिए गए संदेश को संस्थान के कनि. हिन्दी अनुवादक श्री अजित कुमार जी ने पढ़कर सुनाया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में संस्थान के निदेशक डॉ. वी.एम. तिवारी जी ने हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. ई. सुरेश कुमार जी और सभा में उपस्थित सभी दर्शकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इन पुरस्कारों से राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी आपकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि बाकी कर्मचारी भी राजभाषा संबंधी प्रगति कर आने वाले दिनों में पुरस्कार प्राप्त करेंगे। हाल ही में संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किए गए संस्थान का राजभाषा संबंधी निरीक्षण के बारे में उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी के सफल योगदान के कारण यह अत्यंत सफल रहा है। इसके लिए उन्होंने सभी के लिए आभार प्रकट किया है। उन्होंने उम्मीद की कि इसी स्फूर्ति को लेकर आगे भी राजभाषा कार्यान्वयन में सभी ऐसे ही योगदान देते रहेंगे और संसदीय समिति की अपेक्षाओं को पूरा करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि राजभाषा हिन्दी हो या अन्य भारतीय प्रादेशिक भाषाएँ हो, सभी को हमें लोकभाग्य बनाने की जरूरत है, जिससे कि हमारी ग्रामीण जनता में अंग्रेजी को लेकर जो लघुता ग्रंथि है, उसे हटाया जा सके। इस दिशा में हमें अभ्यास करना चाहिए ताकि भारतीय भाषाओं का फिर से उत्थान हो।

उन्होंने कहा कि संस्थान की वैज्ञानिक उपलब्धियों और कार्य क्षेत्र के बारे में आम जनता को बताने की आवश्यकता है। इसके लिए बहुत अच्छा माध्यम हिन्दी भाषा है। उन्होंने सभी वैज्ञानिक एवं तकनीकी समूह के कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने वैज्ञानिक अनुसंधान के बारे में हिन्दी में लिखें, और उसका प्रचार -प्रसार करें।

इस अवसर पर हिन्दी पखवाड़ा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र कुमार, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने कहा कि अंग्रेजी की वैज्ञानिक विषय वस्तु का अनुवाद हिन्दी में करते समय आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों के बारे में उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि अंग्रेजी शब्द का सही हिन्दी शब्द न मिलने पर अंग्रेजी शब्द को लिप्यंतरित न करके उसके लिए नया शब्द हिन्दी में बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। हिन्दी में विज्ञान लेखन के लिए ऐसी क्षमता होनी जरूरी है। उन्होंने संस्थान में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए 16 सितंबर 2022 से 30 सितंबर 2022 तक आयोजित हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि संस्थान में हिन्दी वर्तनी, हिन्दी वक्तृत्व, हिन्दी गीत गाना, हिन्दी कविता वाचन, हिन्दी टंकण, हिन्दी प्रशासन शब्दावली और हिन्दी निबंध लेखन तथा हिन्दी अंताक्षरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई हैं, जिनमें संस्थान के कर्मचारी एवं उनके परिवार सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। उन्होंने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हिन्दी पखवाड़े के दौरान संस्थान में संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले आंतरिक हिन्दी व्याख्यानों के अंतर्गत इस वर्ष संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. पी.एस.आर प्रसाद जी द्वारा "राजालाकार हाइड्रेट – संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ" शीर्षक विषय पर हिन्दी में व्याख्यान दिया गया। उन्होंने इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. ई. सुरेश कुमार जी, संस्थान के निदेशक डॉ. वी.एम. तिवारी जी तथा संस्थान के हिन्दी अनुभाग को धन्यवाद दिए।

इस समारोह में पखवाड़े दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त कर्मचारियों और उनके परिवार सदस्यों को मुख्य अतिथि के कर कमलों से पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का शुभारम्भ शोध छात्र श्री शरबजीत दास द्वारा प्रस्तुत वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि का परिचय संस्थान के वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी श्री चि.वें. सुब्बाराव ने दिया। संस्थान के प्रशासन नियंत्रक श्री डी.वी.एस. शास्त्री द्वारा गणमान्य अतिथियों के प्रति प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम का समन्वयन एवं संचालन संस्थान के वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी श्री चि.वें. सुब्बाराव ने किया।

# सेवा पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया




हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आयुष मंत्रालय और केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद के निर्देश के अनुपालन में, राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान, सीसीआरएएस, हैदराबाद डॉ. जी. पी. प्रसाद, प्रभारी सहायक निदेशक के मार्गदर्शन में सेवा पखवाडा का उद्घाटन किया गया। डॉ. बिश्व रंजन दास, अनुसंधान अधिकारी (होमियोपैथी) को इस कार्यक्रम के तहत की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। गतिविधियों के एक भाग के रूप में इस कार्यक्रम के तहत प्रभारी सहायक निदेशक जी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच औषधीय पौधे वितरित किए।

इस कार्यक्रम के क्रम में डॉ. जी. पी. प्रसाद,प्रभारी सहायक निदेशक जी द्वारा समापन समारोह में सेवा पखवाड़ा के लिए आयोजित सभी गतिविधियों की जानकारी दी गई और प्रभारी सहायक निदेशक जी ने सभी कर्मचारियों को कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थान के डॉ. श्रीदेवी, अनुसंधान अधिकारी( आयुर्वेद), डॉ. अशफाक अहमद, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी), डॉ. टी. साकेत राम, अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद), डॉ. रमेश कुमार केएल, अनुसंधान अधिकारी( आयुर्वेद), और अन्य अधिकारी और कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. बिश्व रंजन दास, अनुसंधान अधिकारी (होमियोपैथी) द्वारा किया गया।

# सीएसआईआर-आईआईसीटी में हिंदी पखवाड़ा का हुआ समापन




हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। रासायनिक क्षेत्र की जानी मानी राष्ट्रीय प्रयोगशाला सी ए स आ ई आ र - भा र ती य रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-आईआईसीटी), हैदराबाद में को हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. डी. श्रीनिवास रेड्डी, निदेशक, आईआईसीटी, मुख्य अतिथि प्रो. अरुण कुमार तिवारी, पूर्व-वैज्ञानिक एवं लेखक, डॉ. अशोक कुमार तिवारी, अध्यक्ष, हिंदी दिवस आयोजन समिति, 2022 एवं हिंदी अनुभाग के प्रभारी श्री चंदन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ।

कार्यक्रम का प्रारंभ माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के हिंदी दिवस संदेश के साथ किया गया । ततपश्चात संस्थान के निदेशक डॉ. डी. श्रीनिवास रेड्डी ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी और संस्थान में राजभाषा हिंदी के विकास में नियमित रूप से प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी अभिभाषण के आयोजन और प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस के आयोजन की जानकारी दी । उन्होंने इस पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई दी ।

इस अवसर पर हिंदी दिवस आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने अपने वक्तव्य में हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की संक्षित जानकारी दी तथा मुख्य अतिथि का परिचय प्रस्तुत किया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. अरुण कुमार तिवारी ने "पिण्ड और ब्रह्माण्ड" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया । उन्होंने कहा कि ब्रह्माण्ड, तारा, परमाणु और मानव शरीर के अंदर के सूक्ष्म जगत में गहरे संबंध है । हमारा उद्भव और अस्तित्व ब्रह्माण्ड की बहुत ही विशेष 'ट्यूनिंग' पर निर्भर करता है । जो शक्तियां जीवन को नियंत्रित करती हैं, वे वास्तव में पूरे ब्रह्माण्ड को भी नियंत्रित करती हैं ।

ब्रिटिश खगोलशास्त्री मार्टिन रीस की पुस्तक का उद्धरण देते हुए उन्होंने कहा कि सृष्टि में महत्व बतलाने वाली छह संख्याएं हैं जिनमें दो संख्याएँ ब्रह्माण्ड में सक्रिय बुनियादी ताकतों से; दो संख्याएँ ब्रह्माण्ड के आकार और समग्र बनावट से और दो संख्याएँ ब्रह्माण्ड के गुणों को स्वतः ठीक करते रहने से संबंधित हैं ।

ब्रह्माण्ड कैसे अस्तित्व में आया इस पर उन्होंने स्टीवन वेन्वर्ग की पुस्तक 'द फर्स्ट थ्री मिनट्स' के बिग बैंग विस्फोट का वर्णन किया। खगोलशास्त्री हबल के विचार 'ब्रह्माण्ड का निरंतर विस्तार हो रहा है' पर चर्चा की । उन्होंने कहा कि विज्ञान के दो महान 'स्तंभ' क्वांटम यांत्रिकी और गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत हैं । क्वांटम यांत्रिकी सूक्ष्म सृष्टि चलाती है, और आइंस्टीन का गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत, जो क्वांटम अवधारणाओं को शामिल नहीं करता है, ब्रह्माण्ड में महत्त्वपूर्ण है । मनुष्य ही वह एकल ढांचा है जो उन्हें समेट कर एकीकृत कर सकता है।

श्रीमद्भगवद्गीता एवं कबीर का उद्धरण देते हुए कहा कि पिण्ड बनें इसीलिए तो ब्रह्माण्ड बना ।

मुख्य अतिथि के व्याख्यान के पश्चात संस्थान के निदेशक ने उनको स्मृतिचिह्न और शॉल से सम्मानित किया । ततपश्चात हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं, वर्ष भर हिंदी में मौलिक कार्य करने वाले कार्मिकों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायकों को मुख्य अतिथि प्रो. अरुण कुमार तिवारी पूर्व-वैज्ञानिक, डीआरडीओ एवं लेखक के हाथों पुरस्कृत किया गया । समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. डी. श्रीनिवास रेड्डी ने की ।

प्रतियोगिता का संचालन श्री चंदन कुमार, अनुभाग अधिकारी सह प्रभारी, हिंदी अनुभाग ने किया । कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी श्री सतीश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया । संपूर्ण कार्यक्रम का समन्वय श्री आदर्श कुमार, हिंदी अनुवादक द्वारा किया गया ।

# स्वीडन के स्वांते पाबो को मेडिसिन का नोबेल

## 40 हजार साल पहले विलुप्त हुई मनुष्यों की प्रजाति की डीएनए सीक्वेंसिंग की



स्टॉकहोम, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। स्वीडन के वैज्ञानिक स्वांते पाबो को फिजियोलॉजी/मेडिसिन के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार विलुप्त हो चुके निएंडरथल मानव के जीनोम का सीक्वेंस तैयार करने के लिए मिला है।

निएंडरथल मानव 40 हजार साल पहले विलुप्त हो गए थे, जिनके जीनोम की खोज पाबो ने की है। द नोबेल कमेटी के सेक्रेटरी थॉमस पर्लमैन ने विजेता के नाम की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पाबो ने अपने शुरुआती रिसर्च में कुछ ऐसा किया है जो पूरी तरह से असंभव था। उन्होंने आगे कहा कि इस नोबेल पुरस्कार के साथ ही 2022 में घोषित होने वाले वाले पुरस्कारों की शुरुआत हो गई। यह कार्यक्रम एक हफ्ते तक चलेगा।

थॉमस पर्लमैन के मुताबिक फिजिक्स के लिए पुरस्कार की घोषणा 4 अक्टूबर को होगी। 5 अक्टूबर को केमिस्ट्री और 6 अक्टूबर को साहित्य के लिए नोबेल की घोषणा की जाएगी। जबकि 7 अक्टूबर को नोबेल शांति पुरस्कार और 10 अक्टूबर को इकोनॉमिक्स कैटेगरी के पुरस्कार की घोषणा की जाएगी। स्वांते पाबो एक स्वीडिश जेनेटिसिस्ट हैं, जो इवोल्यूशनरी जेनेटिक्स के क्षेत्र में एक्सपर्ट हैं। उन्होंने पैलियोजेनेटिक्स के फाउंडर्स के रूप में निएंडरथल जीनोम पर बड़े पैमाने पर काम किया है। उनके ग्रुप ने विलुप्त होमिनिन से कई अतिरिक्त जीनोम सीक्वेंस का एनालिसिस पूरा कर लिया है। पाबो की खोज ने एक यूनिक रिसोर्स इस्टैबलिश्ड किया है।

इसका इस्तेमाल साइंटिफिक कम्युनिटी के जरिए ह्यूमन इवोल्यूशन और माइग्रेशन को बेहतर ढंग से समझने के लिए बड़े पैमाने पर किया जाता है। फिलहाल वो जर्मनी के मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट ऑफ इवोल्यूशन एंथ्रोपोलॉजी से जुड़े हैं।

इसके अलावा वो ओकिनावा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी जापान का भी हिस्सा हैं। निएंडरथल मानव होमो वंश का एक विलुप्त मेंबर है।

जर्मनी में निएंडर की घाटी में आदिमानव की कुछ हड्डियां प्राप्त हुईं थीं, जिनके आधार पर इनका नाम निएंडरथल मानव रखा गया था। इनका कद अन्य मानवजातियों की अपेक्षा छोटा था। अभी तक की स्टडी से मिली जानकारी के मुताबिक कद 4.5 से 5.5 फिट तक था।

# मसाले और सूखे मेवे दिव्य सेवा में पवित्र किए गए



तिरुमाला, हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जापान सेब, मस्कट अंगूर, कोरियाई नाशपाती, थाई आम, अमेरिकी चेरी के बाद अब केसर धागे और पिस्ता-बादाम मालाओं की बारी है जिन्होंने श्री वेंकटेश्वर की दिव्य सेवा में उनके जीवन को पवित्र कर दिया। स्नैपाना तिरुमंजनम के दौरान जो सोमवार को तिरुमाला के रंगनायकुला मंडपम में आयोजित किया गया था। सोमवार को सातवें दिन दोपहर में, श्रीदेवी और भूदेवी के साथ श्री मलयप्पा के जुलूस देवताओं को एक विशेष मंच पर बैठाया गया और उन्हें सुगंधित सामग्री के साथ पवित्र स्नान कराया गया। मंच को रोशन किया गया और छत से लटकाए गए ऑर्किड और कमल के साथ रंगीन बनाया गया। गार्डन के उप निदेशक श्री श्रीनिवासुलु के अनुसार, इस वर्ष, स्नैपाना तिरुमंजनम के दौरान एक विशेष आकर्षण के रूप में, पहली बार केसर के धागों (क्रोकस सैटिवस-आमतौर पर केसर के फूलों के रूप में जाना जाता है) के साथ माला और मुकुट तैयार किए गए थे। एक किलो केसर की कीमत लगभग 2 लाख रुपये है और एक माला तैयार करने के लिए लगभग 3 किलो का इस्तेमाल किया गया था। दानकर्ता तमिलनाडु के तिरुपुर के श्री राजेंद्रन, श्री शनमुगा सुंदरम और श्री बाला सुब्रमण्यम थे, जबकि पूरी तैयारी और निर्माण हैदराबाद के अंबिका फ्लोरा द्वारा किया गया था। लगभग 60 फूलवाले अम्बिका के प्रमुख श्री श्रीनिवास की देखरेख में दिन-रात काम करते थे और इन मालाओं को मसालों और मेवाओं से चतुराई से बनाते थे। स्नैपनम के दौरान देवताओं को अलंकृत अन्य मालाओं और मुकुटों में अंजीर और खुबानी, पिस्ता-बादाम-इलायची, ज्वार आदि शामिल थे। प्रत्येक पवित्र स्नान के पूरा होने के बाद, एक किस्म की माला और मुकुट को सजाया गया था। इसी प्रकार सात प्रकार की मालाओं और मुकुटों को अंत में तुलसी की माला से सजाया जाता था। तिरुमाला के एचएच श्री पेद्दा जीयर स्वामी, टीटीडी के अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी, ईओ एवी धर्म रेड्डी, सीवीएसओ नरसिम्हा किशोर, मंदिर के डीईओ रमेश बाबू और अन्य उपस्थित थे।

# सीडीओ ने टीकाकरण वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



जौनपुर, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। । यूपी के जौनपुर जिले के मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम द्वारा लंपी स्किन डिजीज टीकाकरण कार्य हेतु मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी बी सिंह, पी डी जयकेश त्रिपाठी , उपायुक्त मिलेगा भूपेंद्र सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी राजेश सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।



अष्टमी के पावन अवसर पर चारमीनार स्थित भाग्य लक्ष्मी मंदिर में दर्शन करने पधारे नव स्थापित आल इंडिया ओल्ड टेंपल रेनोवेशं ट्रस्ट के रिद्धिश जागीरदार, आर के जैन का अभिनंदन करते हुए मंदिर की ट्रस्टी शशिकला एवं जय प्रकाश ।



जामबाग संभाग के पार्षद राकेश जायसवाल ने गांधी व शास्त्रीजी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर भाजपा नेता ंनितन मुकेश व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# जब जीप घोटाले में गिरफ्तार हुई थीं इंदिरा गांधी

## जनता पार्टी के ऑपरेशन ब्लंडर की पूरी कहानी

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। 3 अक्टूबर 1977 का दिन था। सीबीआई के अफसर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के घर पहुंचते हैं और उन्हें चुनाव प्रचार के लिए जीप की खरीदी में भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार करते हैं। उस समय मोरारजी देसाई के नेतृत्व में जनता पार्टी की सरकार थी और गृहमंत्री चौधरी चरण सिंह थे।

जनता पार्टी की इस राजनीतिक भूल को 'ऑपरेशन ब्लंडर' कहा जाता है। इंदिरा को गिरफ्तारी का नुकसान नहीं बल्कि फायदा हुआ।यह गिरफ्तारी इंदिरा और कांग्रेस के लिए कैसे संजीवनी साबित हुई?

**इमरजेंसी का गुस्सा इंदिरा गांधी को जेल भेजकर निकालना चाहते थे जनता पार्टी के नेता**

1971 की बात है। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस भारी बहुमत के साथ जीतती है। रायबरेली से चुनाव जीतकर इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनती हैं, लेकिन 4 साल बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट चुनाव में धांधली के मामले में उनकी संसद की सदस्यता रद्द कर देता है। इसके बाद इंदिरा गांधी 25 जून 1975 को पूरे देश में इमरजेंसी लगा देती हैं और सभी विपक्षी नेताओं को जेल भेज देती हैं।

करीब 2 साल बाद 1977 में अचानक लोकसभा चुनाव की घोषणा करती हैं। इस चुनाव में कांग्रेस के साथ ही रायबरेली सीट से इंदिरा गांधी की करारी हार होती है। सरकार बनती है जनता पार्टी की। मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बनते हैं और गृहमंत्री बनते हैं चौधरी चरण सिंह।

सरकार बनने के बाद जनता पार्टी की कैबिनेट बैठकों में ये बात उठने लगी कि इंदिरा को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। इन बैठकों में राजनरायण और जॉर्ज फर्नांडिस जैसे नेता होते थे। वहीं चौधरी चरण सिंह जब इमरजेंसी के समय तिहाड़ जेल में बंद थे तो वे कहते थे कि यदि मैं सत्ता में आता हूं तो इंदिरा को इसी कोठरी में बंद करूंगा। यहां तक कि उस समय अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी भी इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी के फेवर में थे।

**मोरारजी देसाई की शर्त थी- इंदिरा को हथकड़ी नहीं पहनाई जाएगी**

चरण सिंह इंदिरा की गिरफ्तारी पर अड़े हुए थे। जबकि उस वक्त के प्रधानमंत्री रहे मोरारजी देसाई और कानून मंत्री शांति भूषण का मानना था कि ऐसा कोई भी कदम बहुत सोच समझकर उठाया जाना चाहिए। इसके बाद चौधरी चरण सिंह अपने अफसरों को इंदिरा गांधी पर मजबूत केस बनाने के लिए कहते हैं।

इसी बीच 27 मई 1977 में बिहार के बेलछी में 11 दलितों की बेरहमी से हत्या कर दी जाती है।

बेलछी का इलाका बाढ़ से प्रभावित था। ऐसे में इंदिरा हाथी पर बैठकर गांव में पहुंचती हैं। वे यहां 5 दिन तक रहती हैं। इसके बाद देशभर में हर तरफ इंदिरा की चर्चा थी। इसके बाद वह अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचती हैं। यहां पर भी उन्हें लोगों का खूब समर्थन मिलता है।

इस तरह का समर्थन देख जनता पार्टी में घबराहट का माहौल बनता है। इसी बीच चरण सिंह एसपी लेवल के अफसरों की एक लिस्ट मंगवाते हैं। इसके बाद ऑपरेशन अरेस्ट के लिए एक खास अफसर एनके सिंह को चुनते हैं जो उस वक्त सीबीआई में थे। सबसे बड़ी बात है कि इसे पूरे प्लान को बनाते वक्त न तो अटॉर्नी जनरल और न ही




सॉलिसिटर जनरल को भरोसे में लिया गया।

इसके बाद चरण सिंह, प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई से इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी की अनुमति लेते हैं। देसाई कहते हैं कि अगर फूल प्रूफ प्लान है तो वह गिरफ्तारी की अनुमति देते हैं, लेकिन एक शर्त भी रखी। कहा- इंदिरा गांधी को हथकड़ी नहीं पहनाई जाएगी।

प्लान के मुताबिक इंदिरा गांधी को गिरफ्तार करने के लिए 3 अक्टूबर का दिन चुना जाता है। चरण सिंह सीबीआई डायरेक्टर को तलब करते हैं। प्लान बनाया जाता है कि कैसे इंदिरा गांधी को गिरफ्तार किया जाएगा। इसके बाद एफआईआर दर्ज होती है।

आरोप लगाया जाता है कि लोकसभा चुनाव के दौरान रायबरेली में इंदिरा के लिए 100 जीपें खरीदी गई थीं। इनका भुगतान कांग्रेस ने नहीं बल्कि उद्योगपतियों ने किया था। वहीं दूसरा आरोप था- एक फ्रेंच कंपनी को ऑफशोर ड्रिलिंग का कॉन्ट्रैक्ट देने का, जिससे भारत सरकार को 11 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। यह तय होता है कि इंदिरा को शाम को गिरफ्तार किया जाएगा, ताकि वे एक रात जेल में बिता सकें।

**इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी में 3 घंटे लग गए**

इसके बाद ये तय हुआ इंदिरा को गिरफ्तार करने एनके सिंह जाएंगे। वे उन्हें घर पर ही पर्सनल बॉन्ड पर बेल भी ऑफर करेंगे। यानी वो जमानत लेना चाहेंगी तो इंदिरा को उसी वक्त जमानत मिल जाएगी। ये भी तय हुआ कि उनके साथ डिप्टी एसपी एमवी राव होंगे, एक इंस्पेक्टर होगा और एक सब इंस्पेक्टर होगा। इस दौरान दो कारें होंगी। एक में गिरफ्तार होने के बाद इंदिरा गांधी बैठेंगी और दूसरे में उनका सामान रखा जाएगा और सब इंस्पेक्टर रहेंगे।

इसी बीच इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी का पूरा रोडमैप तैयार था। 3 अक्टूबर 1977 का दिन था। शाम के 5:15 मिनट थे। सीबीआई अफसर इंदिरा के घर पहुंचते हैं। घर के लॉन में संजय गांधी और मेनका गांधी बैडमिंटन खेल रहे थे। संजय गांधी ने एनके सिंह को देखते ही पहचान लिया। वहीं इंदिरा गांधी अपने ड्राइंग रूप में कुछ नेताओं से बात कर रहीं थीं।

जैसे ही पता चलता है कि सीबीआई अफसर एनके सिंह आए हैं। तुरंत ही इंदिरा गांधी के निजी सचिव रहे आरके धवन बाहर आते हैं। वे एनके सिंह से पूछते हैं कि माजरा क्या है। यानी वे क्यों आए हैं। तब एनके सिंह कहते हैं कि मामला अर्जेंट है। मैं सिर्फ इंदिरा गांधी से ही बात करूंगा। एनके सिंह की बात इंदिरा गांधी को बताई जाती है। इंदिरा कहती हैं कि आप पहले से अप्वाइंटमेंट लेकर क्यों नहीं आए।

एनके सिंह कहते हैं कि मैं जिस काम के लिए आया हूं उसमें अप्वाइंटमेंट की जरूरत नहीं है। तब धवन कहते हैं कि इंदिरा गांधी अंदर कुछ लोगों के साथ बात कर रही हैं और ये लोग जैसे ही जाएंगे आप उनसे मिल सकते हैं। अंदर हलचल का माहौल था। संजय गांधी अपने वकीलों और करीबी कांग्रेस नेताओं लोगों से लगातार फोन पर बात कर रहे थे। इसी बीच जैसे ही इंदिरा गांधी से मिलने वाले लोग बाहर आए। कई और लोग उनसे मिलने के लिए जाने लगे। इनमें मशहूर वकील फ्रैंक एंटनी, नेपाल में भारत के राजदूत रहे चुके सीपीएन सिंह जैसे लोग थे। एनके सिंह यह देखकर भड़क जाते हैं और कहते हैं कि उन्हें अंदर जाने के लिए कहा गया था। ऐसे में ये लोग क्यों अंदर जा रहे हैं। इस पर जवाब आता है, इनका पहले से अप्वाइंटमेंट था।

तभी सीबीआई के सब इंस्पेक्टर आते हैं और एनके सिंह से बताते हैं मेनका और संजय गांधी लगातार फोन कर रहे हैं और बाहर से लोगों को बुला रहे हैं। ऐसे में एनके सिंह को गुस्सा आ जाता है और वे धमकी भरे लहजे में कहते हैं कि यदि 15 मिनट के अंदर उन्हें इंदिरा गांधी से नहीं मिलने दिया गया तो उन्हें कड़ा फैसला लेना पड़ेगा।

करीब 1 घंटा बीत जाने के बाद एनके सिंह इंदिरा गांधी से मिलते हैं। एनके सिंह कहते हैं कि मैं आपसे अकेले में बात करना चाहता हूं। इंदिरा गांधी, एनके सिंह के साथ कॉरिडोर में जाती हैं। यहां पर एनके सिंह अपना आईडी कार्ड निकालते हैं और इंदिरा गांधी को दिखाते हैं। एनके सिंह बताते हैं कि आपको करप्शन के एक मामले में आरोपी बनाया गया है। एक एफआईआर दर्ज की गई है जिसमें आप मुख्य आरोपी हैं। मुझे आपको गिरफ्तार करने का थैंकलेस जॉब मिला है।

यह सुनते ही इंदिरा गांधी अपना आपा खो देती हैं और चिल्लाते हुए कहती हैं कि उन्हें किसी गिरफ्तारी का डर नहीं है। साथ ही पर्सनल बॉन्ड पर जमानत लेने से इनकार कर देती हैं। तेजी से चिल्लाते हुए कहती हैं- हथकड़ियां लाइए। इंदिरा गांधी के घर पर कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ ही आम कार्यकर्ताओं का हुजूम पहुंचने लगा था। अब इंदिरा गांधी शांत होती हैं और एनके सिंह से कहती हैं उन्हें तैयार होने के लिए कुछ वक्त चाहिए। इसके बाद वे अपने बेडरूम में जाती हैं और अंदर से गेट बंद कर लेती हैं।

इधर समय जैसे बीतता जा रहा था, एनके सिंह परेशान हो रहे थे। करीब डेढ़ घंटे बाद सफेद साड़ी पहने और एक झोला लिए इंदिरा गांधी रात 8:30 बजे बाहर निकलती हैं। अब घर के बाहर और तेजी से नारे लगते हैं। इंदिरा भी इस मौके को पूरी तरह से भुनाना चाहती थीं। कार में बैठने से पहले ही वह खड़े होकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकारती हैं और गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बताती हैं। इसके बाद अंदर बैठ जाती हैं। तभी गांधी पीस फाउंडेशन की निर्मला देशपांडे ने इंदिरा गांधी के साथ जाने की इच्छा जताई। उन्हें इंदिरा के साथ जाने दिया गया। इंदिरा और निर्मला को एंबेसडर कार की पीछे की सीट पर बैठाया जाता है। आगे की सीट पर एनके सिंह बैठते हैं। इंदिरा गांधी को फरीदाबाद में बड़खड़ लेक के एक गेस्ट हाउस में ले जाना था। जैसे ही कार चलती है कांग्रेस कार्यकर्ता कार के सामने लेट जाते हैं। पुलिस कार्यकर्ताओं को काफी जद्दोजहद के बाद हटाती है। इंदिरा की कार जैसे ही आगे बढ़ती है। उसके जस्ट पीछे संजय गांधी की ब्लू मेटाडोर कार, फिर राजीव गांधी की मेटाडोर कार और कांग्रेस के लीडर की कार चल रही थी। फरीदाबाद पहुंचते ही काफिला बड़खड़ लेक की तरफ मुड़ता है। तभी रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के चलते काफिला वहीं पर रुक जाता है। इंदिरा गांधी कार से उतरती हैं और वहां पर बने एक चबूतरे पर बैठ जाती है।

तभी क्रॉसिंग से ट्रेन गुजरती है और फाटक खुलता है। एनके सिंह, इंदिरा गांधी से कार में बैठने के लिए कहते हैं, लेकिन इंदिरा मना कर देती हैं और कहती हैं कि उनके वकीलों ने कहा है कि मुझको दूसरे स्टेट में नहीं ले जाया जा सकता है। एक बार फिर दिल्ली की तरफ चलता है।

इंदिरा गांधी को ग्राउंड फ्लोर पर वीआईपी कमरे में रखा गया। निर्मला देशपांडे उनके साथ थीं। एनके सिंह वहां से जाने लगे तो इंदिरा गांधी ने उन्हें बुलाकर कहा कि जो कुछ भी आज हुआ वो उसके लिए माफी चाहती हैं। इसके बाद एनके सिंह वहां से चले जाते हैं।

**जज ने एक से डेढ़ मिनट में केस को खारिज कर दिया**

अगले दिन यानी 4 अक्टूबर को इंदिरा गांधी को चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना था। एनके सिंह 4 अक्टूबर की सुबह 8 पुलिस मेस में पहुंचते हैं। वहां संजय और राजीव गांधी पहले से थे। वे लोग अपनी मां इंदिरा गांधी के लिए नाश्ता लेकर आए थे। इसके बाद इंदिरा गांधी को पार्लियामेंट स्ट्रीट पर चीफ मेट्रोपोलिटन कोर्ट में पेश किया गया था। उस वक्त चीफ मेट्रोपोलिटन जज आर दयाल थे।

इंदिरा के वहां पहुंचते ही भारी भीड़ उमड़ती है। पुलिस लोगों को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ती है। इसी बीच वहां पर प्रणब मुखर्जी और वसंत साठे जैसे कांग्रेसी नेता भी पहुंचते हैं। इंदिरा गांधी के लिए एक कुर्सी लाई जाती है, लेकिन उन्होंने बैठने से इनकार कर दिया।

मजिस्ट्रेट ने फिर प्रॉसीक्यूशन के वकील से पूछा कि आपके पास क्या सबूत हैं। तब प्रॉसीक्यूटर ने कहा कि एफआईआर तो कल ही दायर की हुई है। ऐसे में एडिशनल सबूत जमा करने में समय लगेगा।

इसके बाद एक से डेढ़ मिनट में जज ने कहा कि प्रॉसीक्यूशन के पास कोई सबूत नहीं है, ऐसे में केस को डिसमिस किया जाता है। यह सुनते ही संजय गांधी भागते हुए बाहर जाते हैं और डिसमिस, डिसमिस चिल्लाते हैं। कोर्ट के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ जाती है और नारे लगने लगते हैं।

# बेटे की चाह में पंजाब-हरियाणा की राह पर यूपी

## यहां होंगी देश की 40% कन्या भ्रूण हत्याएं, 10% बढ़ेंगे कुंवारे

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। आज अष्टमी है। हम सभी कन्यापूजन की तैयारी में लगे हैं या कर रहे हैं। लेकिन, अथाह श्रद्धा से कन्यापूजन करने वाले इस देश में कन्याओं की स्थिति कितनी दर्दनाक रही है, और आज भी है। इससे जुड़ी हम आपको रुला देने वाली दो सच्ची कहानियां बताते हैं।

**पहली कहानी:** बरसों पुरानी है, मगर यह एक साइंटिफिक रिसर्च का हिस्सा है। एक समय पंजाब के एक समुदाय में जन्म लेते ही बेटियों को मार देने की कुप्रथा थी। हत्या के बाद नवजात के मुंह में गुड़ और हाथ में कपड़े का टुकड़ा रख दिया जाता था। फिर प्रार्थना की जाती कि बेटी, तुम इस दुनिया में दोबारा मत आना, अपने भाइयों को भेज देना।

**दूसरी कहानी:** पिछले साल अगस्त की है। मुंबई की रहने वाली 40 साल की महिला ने पति पर केस दर्ज कराया। आरोप था कि बेटे की चाह में पति ने 13 साल में 8 बार उसका गर्भपात कराया। प्रेग्नेंट होने पर पति गर्भ में पल रहे बच्चे की जांच करवाता था और बेटी का पता चलने पर हॉन्गकॉन्ग ले जाकर अबॉर्शन करवा देता था। इस वजह से महिला को कम से कम 1500 तरह की दवाएं और इंजेक्शन लेने पड़े।

हरियाणा-पंजाब में तो आप बरसों से ऐसे मामलों के बारे में सुनते-पढ़ते आ रहे होंगे। तमाम रिसर्च हुईं। अनगिनत खबरें छपीं। सरकारों का भी ध्यान हरियाणा-पंजाब पर बना रहा। इस बीच उत्तर प्रदेश की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया, जहां खतरा पंजाब और हरियाणा से कम नहीं है। ऐसे में देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य में बेटों के




लिए बेटियों की हत्या का सिलसिला जारी रहा।

कुछ वक्त पहले आई एक रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि 2030 तक यूपी में 20 लाख बच्चियों को गर्भ में ही मार दिया जाएगा। इसकी पुष्टि आईआईटी दिल्ली की प्रोफेसर और एंथ्रोपोलॉजिस्ट रविंदर कौर की रिसर्च से भी होती है।

उत्तर प्रदेश में फीमेल फीटिसाइड के मुद्दे पर रिसर्च कर रहीं प्रोफेसर रविंदर कौर के मुताबिक आने वाले सालों में देश की 30 से 40 फीसदी कन्या भ्रूण हत्याएं अकेले यूपी में ही सामने आएंगी।

बेटियों की संख्या कम होने की वजह से बड़ी संख्या में लड़कों की शादियां नहीं हो सकेंगी। प्रोफेसर कौर की ही एक और रिपोर्ट के अनुसार 2012 में यूपी में 10 फीसदी पुरुषों की शादियां नहीं हो सकी थीं। 2050 तक ऐसे पुरुषों की संख्या बढ़कर 17 फीसदी तक हो जाएगी, जिन्हें बिना किसी जीवनसाथी के अकेले जिंदगी बितानी पड़ेगी।

**यूपी में भी दिख रहा पंजाब-हरियाणा जैसा ट्रेंड**

नेपाल-बांग्लादेश से खरीदकर लाते हैं दुल्हन

सबसे पहले बात पश्चिमी यूपी की, जहां प्रतिबंध के बावजूद न सिर्फ अल्ट्रासाउंड जांच के बाद कन्या भ्रूण हत्या जारी है, बल्कि इसमें खुद स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हैं। खासकर पहला बच्चा होने के बाद दूसरी प्रेग्नेंसी में आशा वर्कर की मदद से भ्रूण के लिंग की जांच होती है। और अगर लड़की मिलती है, तो निजी अस्पताल ले जाकर अबॉर्शन करा दिया जाता है। आशा वर्कर इस क्रूरता के लिए पैसे लेती हैं।

ये बात द यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबरा, स्कॉटलैंड में रिसर्चर श्रुति चौधरी ने 2021 में प्रकाशित अपनी किताब 'मूविंग फॉर मैरिजः इनइक्वलिटी, इंटिमेसी एंड वुमेंस लाइव्स इन रूरल नॉर्थ इंडिया' में बताई है। उन्होंने यह रिसर्च 2012-2013 में की। 1901 की जनगणना के समय यूपी में सेक्स रेशियो 938 था। अल्ट्रासाउंड जांच शुरू होने के बाद 1981 में सेक्स रेशियो घटकर 882 तक आ गया।

2011 में हुई जनगणना के मुताबिक यहां 1000 लड़कों पर 912 लड़कियां ही बची थीं। कन्या भ्रूण हत्या में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई तो हरियाणा-पंजाब की तरह ही यहां भी बेटों की शादी के लिए बांग्लादेश, नेपाल, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के गरीब परिवारों की लड़कियों को खरीदकर बहू बनाने का सिलसिला तेज हो गया।

**उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा खराब होंगे हालात**

बेटियों को लेकर भारत में ही नहीं, विदेशों में भी चिंता जताई जा रही है। 2017 से 2030 के बीच भारत में 68 लाख बेटियां जन्म लेने से पहले ही मार दी जाएंगी। 2017 से 2025 के बीच हर साल 4.69 लाख बच्चियों की गर्भ में हत्या की आशंका है, जबकि 2026 से 2030 के बीच हर साल 5.19 लाख बेटियों को जन्म नहीं लेने दिया जाएगा।

सऊदी अरब की किंग अब्दुल्ला यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में प्रोफेसर फेंग्किंग चाओ ने 2020 में आई अपनी रिसर्च में ये बातें कही हैं।

जर्नल 'प्लोस' में छपी उनकी रिपोर्ट में बताया गया है कि सबसे खराब हालात उत्तर प्रदेश में होंगे। सिर्फ यूपी में ही 2017 से 2030 के बीच 20 लाख बेटियां दुनिया नहीं देख सकेंगी। बेटे की चाहत में उन्हें गर्भ में ही मार दिया जाएगा। ये कोरा अनुमान नहीं है, यह बात उन्होंने वैज्ञानिक रिसर्च के आधार पर की है।

**सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य में कम पैदा हो रहीं लड़कियां**

डेमोग्राफर श्रीनिवास गोली कहते हैं कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला राज्य है। सबसे ज्यादा बच्चों का जन्म भी यहीं होता है।

'हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम' के अनुसार 2019-20 के दौरान पूरे देश में 2.12 करोड़ बच्चों का जन्म हुआ। इनमें से 40.71 लाख बच्चे सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही पैदा हुए। इस दौरान यहां 1000 बच्चों पर महज 927 बच्चियों का जन्म हुआ।

2015-16 के एनएफएचएस-4 के दौरान यूपी में फर्टिलिटी रेट प्रति महिला बच्चों की संख्या 2.7 थी, जो 2019-21 में घटकर 2.4 रह गई। यहां के फर्टिलिटी रेट में गिरावट होती रही और यूपी पर ध्यान न दिया गया, समय रहते कदम न उठाए गए, तो पूरे देश पर इसका असर दिखेगा।

# कुम्हारी हत्याकांड पर सियासी बवाल

## चंदेल बोले- 4 करोड़ मुआवजा दें, उच्च स्तरीय जांच हो
## कांग्रेस का जवाब लाशों पर राजनीति न करें

रायपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। कुम्हारी के कपसदा गांव में एक ही परिवार के चार सदस्यों की हुई हत्या के बाद अब सियासी बवाल मचना शुरू हो चुका है। इस मामले में भाजपा मुआवजे की मांग कर रही है । उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रही है। तो दूसरी तरफ कांग्रेस कह रही है कि पुलिस ने अपना बेहतर काम किया है लाशों पर राजनीति न करें।

छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने इस हत्याकांड को लेकर अपना बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि पीड़ित परिवार को सरकार 4 करोड मुआवजा दे। सामूहिक हत्याकांड के बाद पीड़ित परिवार से प्रशासन का कोई नुमाइंदा मिलने नहीं पहुंचा। मंत्री रूद्र गुरु मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कोई संवेदना नहीं दिखाई। इस हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।

**लाशों पर राजनीति न करें**

चंदेल को जवाब देते हुए कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि लाशों पर राजनीति न करें। नेता प्रतिपक्ष से शुक्ला ने आगे कहा कि 4 लोगों की हत्या के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है ।



पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की है। नेता प्रतिपक्ष अन्य विषयों पर राजनीति करलें बहुत से विषय हैं। यदि उन्हें ऐसा लगता है कि घटना की कुछ जांच की जानी चाहिए तो संबंधित जानकारी पुलिस को जरूर दें। ऐसे मामलों में बयानबाजी करना शोभा नहीं देता।

मृतक भोलाराम का झगड़ा उसके दोस्त आकाश से हुआ था। भोलाराम के भाई किस्मत का भी भोलाराम से विवाद था ऐसे में किस्मत और आकाश की दोस्ती हो गई । आकाश ने किस्मत को बताया कि वह और भोलाराम ओडिशा में घुरकोटी के बाबा से मोहनी दवा लाते थे, और लड़कियों को वश में करते थे। भोलाराम की बाड़ी में बने मकान में शराब की पार्टियां चला करती थी। ये जानने के बाद किस्मत ने भी मोहनी दवा लाने की बात कही। इस पर आकाश ने 15 हजार रुपए लगने की बात कही थी।

किस्मत भोलाराम से उसी के लिए रुपए मांगने गया था। भोलाराम ने मना कर दिया तो उसने उसकी हत्या का प्लान बनाया।

इसके बाद किस्मत, आकाश और टीकम दास धृतलहरे ने साथ बैठकर शराब पी। उसके बाद वह लोग कुल्हाड़ी, सब्बल और फसल काटने का पट्टा लेकर गए और भोलाराम, उसकी पत्नी नैला और 12 साल के बेटे व 7 साल की बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी।

# छत्तीसगढ़ की बेटी का नासा के प्रोजेक्ट में चयन

## सरकारी स्कूल के 11वीं की छात्रा ट्रेनिंग लेने इसरो पहुंची




रायपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद की बेटी रितिका ध्रुव का चयन नासा के प्रोजेक्ट के लिए हुआ है। सिरपुर की रहने वाली रितिका नयापारा स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीस अंग्रेजी स्कूल में 11वीं की छात्रा है। वह प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए श्री हरिकोटा स्थित इसरो के सेंटर पर पहुंच गई है। उसकी इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम सायसिंह टेकाम ने उसे शुभकामनाएं दी हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए देश भर से 6 बच्चों का चयन हुआ है। रितिका का यह चयन नासा के सिटीजन साइंस प्रोजेक्ट के तहत क्षुद्रग्रह खोज अभियान के लिए हुआ है। यह प्रोजेक्ट इसरो के साथ अंतरराष्ट्रीय खगोलीय खोज सहयोग कार्यक्रम के तहत साझेदारी का हिस्सा है। सोसायटी फॉर स्पेस एजुकेशन रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने छात्रों को प्रोत्साहित करने को कहा है। रितिका की ट्रेनिंग 6 अक्तूबर तक सतीश धवन स्पेस सेंटर आंध्रप्रदेश में होगी। फिर अगले चरण में नवंबर में बेंगलुरु स्थित इसरो में होने वाले क्षुद्रग्रह ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा लेंगी। रितिका की बचपन से ही विज्ञान में रुचि है। उसने पहली बार 8वीं क्लास में अंतरिक्ष विज्ञान प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। इसके बाद से लगातार विज्ञान संबंधी प्रतियोगिताओं में उसकी भागीदारी रही।

नासा के प्रोजेक्ट के लिए आवेदन करने के बाद रितिका ने पहले बिलासपुर में विषय पर हुई प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसके बाद भिलाई स्थित आईआईटी में अपनी प्रस्तुति दी। इसके बाद रितिका को इसरो के श्री हरिकोटा (आंध्र प्रदेश) सेंटर में प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया गया।

# अवैध खननः हेमंत सोरेन की बढ़ेंगी मुश्किलें

## ईडी को पंकज मिश्रा के घर से मिली सीएम की पासबुक और चेकबुक

रांची, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। अवैध खनन के मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सीएम की एक बैंक पासबुक, हस्ताक्षरित और अहस्ताक्षरित चेक बुक उनके करीबी और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता पंकज मिश्रा के आवास से छापे के दौरान बरामद की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का कहना है कि राज्य में कथित अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मिश्रा मुख्य आरोपी है। मिश्रा को 19 जुलाई को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत मिश्रा को गिरफ्तार किया गया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में मिश्रा के अलावा उनके सहयोगी बच्चू यादव और प्रेम प्रकाश को आरोपी बनाया गया है। दोनों को क्रमशः चार और पांच अगस्त को गिरफ्तार किया गया था और वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

ईडी ने मिश्रा और अन्य के खिलाफ साहिबगंज जिले में एफआईआर के आधार पर 8 मार्च को कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी जांच शुरू की थी। 16 सितंबर को विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष दायर आरोपपत्र के बराबर अभियोजन की शिकायत में संघीय एजेंसी ने झामुमो के पूर्व कोषाध्यक्ष रवि केजरीवाल का बयान दर्ज किया था। जिसने कथित तौर पर कहा था कि यह उनकी उपस्थिति में था कि मुख्यमंत्री ने मिश्रा को 'पत्थर और रेत खनन व्यवसायों से संथाल परगना से आने वाले धन को सीधे प्रेम प्रकाश को सौंपने' का निर्देश दिया था।

24 अगस्त को रांची में छापेमारी के दौरान प्रकाश के आवास से झारखंड पुलिस की दो एके-47 बरामद की गई थी। सोरेन वर्तमान में खुद को खनन पट्टा आवंटित करने को लेकर लाभ के पद का सामना कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने अगस्त में राज्यपाल रमेश बैस को सोरेन को अयोग्य घोषित करने वाली याचिका पर अपनी राय भेजी थी। मुख्यमंत्री के अनुरोध के बावजूद, आयोग ने राय को सार्वजनिक करने से इनकार कर दिया है।



# 'सरकार के 5 साल पूरा होने पर संशय'

## बोले सीएम गहलोत के सलाहकार संयम लोढ़ा



जयपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। इस बीच सीएम गहलोत के सलाहकार संयम लोढ़ा ने आज बड़ा बयान दिया है। गहलोत समर्थित निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा ने गहलोत सरकार के पांच साल पूरा करने पर संशय जाहिर किया है। सिरोही जिले मीडिया से बात करते हुए संयम लोढ़ा ने कहा कि अगर सरकार जनवरी तक रही तो प्रदेश में काम होंगे। विधायक लोढ़ा के बयान का अर्थ यह लगाया जा रहा है कि गहलोत सरकार जनवरी से पहले गिर सकती है। हालांकि, विधायक ने सीधे तौर पर सरकार गिरने की बात नहीं कही है। आपकों बता दें विधायक संयम लोढ़ा सीएम गहलोत के बेहद करीबी माने जाते हैं। विधानसभा चुनाव 2018 में कांग्रेस का टिकट नहीं मिला था। इसके बाद निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर शानदार जीत हासिल की।

### राजस्थान में जारी है बयानबाजी का दौर

राजस्थान में राजनीतिक संकट की बीच पार्टी आलाकमान ने एडवाइजरी जारी की है। लेकिन गहलोत गुट के नेता उसका पालन नहीं कर रहे हैं। जबकि पायलट गुट के नेता खामोश है। सचिन पायलट कैंप की तरफ से बयानबाजी नहीं हो रही है। गहलोत कैंप के कुछ विधायक बयानबाजी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले रविवार को गहलोत कैंप के विधायकों ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर दिया था। जिसके कारण पार्टी के दोनों पर्यवेक्षकों को बिना मीटिंग लिए वापस लौटना पड़ा।

### गहोलत-पायलट कैंप के बीच खींचतान जगजाहिर

राजस्थान में गहलोत-पायलट कैंप के बीच खींचतान जगजाहिर है। वर्ष 2020 में पायलट कैंप के विधायकों ने बगावत कर दी थी। पायलट कैंप के विधायक गुड़गांव के मानेसर चले गए थे। जिसकी वजह से गहलोत सरकार संकट में आ गई थी। लेकिन राजस्थान में एक बार फिर गहलोत और पायल कैंप आमने-सामने हो गए है।

# दिव्या मदेरणा बोलीं- मेरी निष्ठा आलाकमान के साथ

## यूजर्स बोले- मंत्री बनने के लिए आलाकमान की अदल-बदल



जयपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में गहलोत-पायलट की खींचतान के बीच कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा फायर ब्रांड नेता के तौर पर उभरी है। राजस्थान का राजनीति में दिव्या मदेरणा के बयान खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। उन बयानों पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। दिव्या मदेरणा रोजाना ट्वीट कर चर्चा में बनीं हुई है। दिव्या मदेरणा ने ट्वीट कर लिखा- मैं कांग्रेस के प्रति निष्ठा को बुलंदी के साथ आवाज देती रहूंगीं। क्योंकि वह एआईसीसी की एडवाइजरी में नहीं आती है। इस पर यूजर्स की मिली जुली प्रतिक्रिया रही है। एक यूजर्स ने लिखा- राजस्थान में कांग्रेस के जनक परसराम मदेरणा ने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। हमेशा पार्टी और आलाकमान को सर्वोपरी माना है। जबकि एक यूजर्स ने लिखा-लीला जी की जगह जिला प्रमुख का टिकट जाखड़ परिवार के सदस्य को मिल जाता कांग्रेस से तब भी ऐसी ही निष्ठा रहती की क्या। दिव्या जी हमने सुना था निर्दलीय भी तैयारी कर ली थी जिला प्रमुख बनने की।

### इधर से नहीं मिला तो उधर से मिल जाए

एक यूजर्स ने एक अखबार की कटिंग शेयर कर दिव्या मदेरणा की कांग्रेस आलाकमान की निष्ठा पर सवाल उठाए है। लिखा- राजनीति में जो होता है वह दिखता नहीं है, जो होता है वह दिखता नहीं है। राजस्थान की सियासत में ये पंक्तियां बिलकुल फिट बैठती है। यही कारण है कि कांग्रेस की एक फायरब्रांड नेता की जुबान पर इन दिनों आलाकमान का नाम चढ़ा हुआ है।लेकिन विपक्षियों से संपर्क भी। चर्चा है कि उनके आलाकमान आने वाले दिनों में बदल भी सकते हैं। शीर्ष नेता से मुलाकात भी हो चुकी है। नजर पड़ोस की संसदीय सीट पर है। एक यूजर्स ने लिखा- आपकी निष्ठा आलाकमान मतलब गांधी परिवार के प्रति नहीं बल्कि सचिन पायलट के प्रति है। ताकि आपको मंत्री बनाया जाए। उधर कुछ नहीं मिला, हो सकता है इस उम्मीद में कुछ इधर मिल जाए।

### सीएम गहलोत से रही है पुरानी अदावत

उल्लेखनीय है कि जोधपुर के ओसिया विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक दिव्या मदरेणा इन सीएम गहलोत पर इसारों में जमकर निशाना साध रही है। दिव्या मदेरणा गहलोत को बार-बार 1998 याद दिला रही है। आपको बता दें 1998 में एक लाइन के प्रस्ताव की वजह से दिव्या मदेरणा के दादा परसराम मदेरणार राजस्थान के सीएम नहीं बन पाए थे। दिव्या मदेरणा को यह खीझ आज भी सता रही है। इसलिए बार-बार पार्टी आलाकमान का नाम लेकर इशारों में सीएम गहलोत को निशाने पर लेने से नहीं चूक रही है।



# राजस्थान में बारिश का अलर्ट

## दशहरा से दो दिन 13 जिलों में गरज-चमक के साथ गिर सकता है पानी

जयपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होगा। बंगाल की खाड़ी में बन रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम से राज्य के मौसम में बदलाव आ रहा है। मौसम विभाग ने 5 और 6 अक्टूबर को 13 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम एक्सपर्ट के मुताबिक जो सिस्टम अभी बंगाल की खाड़ी में बना है। वह अगले दो दिन में मूव करते हुए उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान की पूर्वी सीमा तक पहुंच जाएगा। मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश से राजस्थान पहुंचते-पहुंचते ये सिस्टम ज्यादा प्रभावी हो जाएगा। इसके कारण इन एरिया में हवा के साथ आसमान में बिजली चमकने और कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

### इन जिलों में बारिश के आसार

जयपुर मौसम केन्द्र के मुताबिक 5 अक्टूबर को बारां, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर में बादल छाने के साथ बारिश हो सकती है। 6 अक्टूबर को बारां, भरतपुर, बूंदी, दौसा, धौलपुर, झालावाड़, करौली, कोटा और सवाई माधोपुर में विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया है। 4 अक्टूबर को प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा।

राजस्थान में इस मानसून सीजन ने पिछले 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। प्रदेश में अब तक कुल 593.6MM औसत बरसात हो चुकी है, जो पिछले 10 साल में किसी भी मानसून सीजन में हुई बरसात में सर्वाधिक है।

अभी के मौसम की स्थिति देखें तो दिन में तेज गर्मी और रात को हल्की सर्दी है। पश्चिमी राजस्थान में गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर, फलौदी में जहां दिन में तेज गर्मी पड़ रही है। वहीं, चित्तौड़गढ़, हनुमानगढ़, सिरोही, जालोर में रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है।

इन दिनों प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ है। राज्य के कई हिस्सों में दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस टोंक में दर्ज हुआ। गंगानगर में भी अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इनके अलावा हनुमानगढ़, करौली, चूरू, बीकानेर, फलौदी और पिलानी में भी दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से ऊपर है।

# पूनिया बोले- कांग्रेस विधायकों के इस्तीफे विधानसभा अध्यक्ष मंजूर करें

## राठौड़ और देवनानी बोले- अल्पमत में गहलोत सरकार, बीजेपी मध्यावधि चुनाव को तैयार



जयपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में कांग्रेस विधायकों के सामूहिक इस्तीफे मंजूर करने की मांग को लेकर बीजेपी ने विधानसभा अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस सरकार पर प्रेशर बनाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस सरकार ने क्लेम किया है कि 92 विधायकों ने स्पीकर को इस्तीफे सौंपे हैं। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा- सरकार या तो बताए कि यह पाखंड है। अगर हकीकत है तो स्पीकर से इस बात के लिए अपील करे कि वह इस्तीफे मंजूर करें। उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और बीजेपी विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा- कांग्रेस सरकार अल्पमत में है। 102 में से 92 इस्तीफे होने के बाद विधानसभा अध्यक्षों को संविधान और नियमों के अनुसार उन्हें स्वीकार करना चाहिए। बीजेपी मध्यावधि चुनाव के लिए तैयार है। राठौड़ बोले- इस मामले को लेकर बीजेपी जल्द राज्यपाल से भी मुलाकात करेगी।

### इस्तीफे दे दिए तो उन्हें स्वीकार करना चाहिए

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा- विधायकों ने इस्तीफे दे दिए, इसमें भी बड़ा विरोधाभास है। इस्तीफे दे दिए तो उन्हें स्वीकार करना चाहिए। क्योंकि उन विधायकों की कोई मंशा रही होगी। अच्छी, भली-बुरी, राजनीतिक या जो भी व्यक्तिगत तौर पर हो, लेकिन मंशा तो थी। ताज्जुब की बात है कांग्रेस के मंत्री दफ्तरों को भी एंटरटेन कर रहे हैं। बंगलों में भी काबिज हैं। उन्हें सुरक्षा भी मिली हुई है। वह सरकार की गाड़ियां भी तोड़ रहे हैं। तबादलों की सूचियां भी जारी कर रहे हैं। तो यह कौन सा इस्तीफा है। सरकार या तो बताए कि यह पाखण्ड है, अगर हकीकत है तो स्पीकर से इस बात के लिए अपील करनी चाहिए कि वह उनके इस्तीफे मंजूर करें।



सतीश पूनिया ने कहा- 2018 में जब से कांग्रेस सरकार बनी है, तब ही से बीजेपी मध्यावधि चुनाव के लिए तैयार है। क्योंकि इस सरकार को जल्दी चले जाना चाहिए था, जितनी देरी हुई उतना ही राजस्थान का अहित हुआ है। किसानों से वादाखिलाफी की गई। बेरोजगारों का अहित हुआ, उनके सपने तोड़े। अपराध के आंकड़ों ने खासकर महिलाओं को शर्मसार किया है। करप्शन के हालात ये हैं कि जीरो टोलरेंस की बात करने वाली सरकार इस वक्त भ्रष्टाचार में पीक पर है। सीएम अशोक गहलोत के दिल्ली से जयपुर लौटते ही ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में पहुंचने, विकास कार्यों और शिलान्यासों के प्रोग्राम करने, इंवेस्ट राजस्थान समिट में जुटने पर निशाना साधते हुए पूनिया बोले- ये आचरण ऐसा है जैसे चोर सामान समेटने की फिराक में रहता है। सीएम को खेल भी अभी दिख रहे हैं। समिट भी अभी दिख रहा है और उदारता भी अभी दिख रही है, इसका मतलब है कि वो जा रहे हैं।

### सरकार अल्पमत में है, राज्यपाल के पास जाएंगे

बीजेपी के सीनियर लीडर और विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा- विधायकों के सामूहिक इस्तीफे के बाद विधानसभाध्यक्ष डॉ सीपी जोशी को उन्हें मंजूर करना चाहिए। जब 90 फीसदी विधायक और मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है, तो मुख्यमंत्री आपात बैठक बुलाकर विधानसभा भंग करने की घोषणा करें।

# मोर्फ्ड पोर्न वीडियो बना दिल्ली के युवक से ठगे पैसे, पुलिस ने राजस्थान से किया गिरफ्तार

जयपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने एक शख्स को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि यह युवक दिल्ली में रहने वाली एक शख्स को यह धमकी देता था कि वो उनका पोर्नोग्राफिक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर देगा। ऐसा नहीं करने की एवज में उसने युवक से पैसे भी लिए थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक गोविंद राम भरतपुर जिले का रहने वाला है। इस अपराध में उसने तीन मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस ने इन तीनों मोबाइलों को भी बरामद कर लिया है।

पीड़ित युवक का कहना है कि इसी साल अप्रैल के महीने में उन्हें एक महिला ने व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा था। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि दोनों के बीच वीडियो कॉल के जरिए भी बातचीत होती थी। कुछ समय पहले



शिकायतकर्ता को एक मोर्फ्ड वीडियो मिला था। इस वीडियो में वो एक महिला के साथ नजर आ रहे थे। इस वीडियो में पोर्नोग्राफ से जुड़े कुछ दृश्य शामिल थे। इसके बाद आरोपी ने युवक से पैसे भी मांगे और कहा कि अगर पैसे नहीं मिले तो वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया जाएग। इस बात से सहमे युवक ने आरोपियों को 12,500 रुपये दिये। डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (आउटर), समीर शर्मा, ने कहा कि जांच-पड़ताल के दौरान बैंक अकाउंट और फोन नंबर की जांच की गई। जिसके बाद यह पता चला कि यह मोबाइल नंबर राजस्थान में सक्रिय था। आरोपी से जुड़े बैंक अकाउंट के ईमेल आईडी को भी सर्विलांस पर रखा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वो बतौर इलेक्ट्रिशियन काम करता है।

# गहलोत 7-8 अक्टूबर को जयपुर में करेंगे 'इंवेस्ट राजस्थान समिट'

## 10 लाख करोड़ निवेश होगा, 1.42 लाख करोड़ के पैकेज मंजूर, 32 हजार रोजगार



जयपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। पॉलिटिकल क्राइसिस का दौर कुछ हल्का होते ही सीएम अशोक गहलोत राजस्थान में 7 और 8 अक्टूबर को होने जा रही 'इंवेस्ट राजस्थान समिट' की तैयारियों में जुट गए हैं। जयपुर के सीतापुरा में होने वाली इस समिट में सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट का टारगेट रखा है। जानकारी के मुताबिक अब तक साढ़े 10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रपोजल सरकार को मिल चुके हैं। सीएम गहलोत ने प्रदेश में 1.42 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के इंवेस्टमेंट को प्रमोशन के लिए 32 प्रोजेक्ट्स को कस्टमाइज्ड पैकेज की मंजूरी दी है। इससे प्रदेश में 32 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार के मौके मिलेंगे। बैठक में अप्रूव्ड किए गए प्रस्तावों में प्रमुख रूप से रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में एज्योर पावर प्राइवेट लिमिटेड, रिन्यू पावर प्राइवेट लिमिटेड, प्लास्टिक एंड ग्लास मैन्युफेक्चरिंग में असाही इंडिया ग्लास लिमिटेड, इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर में हीरो इलेक्ट्रिक, ओकाया ईवी प्राइवेट लिमिटेड के अलावा कपड़ा, माइंस एंड मिनरल्स, फूंड एंड बेवरेजज, हॉस्पिटैलिटी, सीमेंट, ऑटो एंड ऑटो कम्पोनेंट और एग्रीकल्चर, एग्रो प्रोसेसिंग के प्रोजेक्ट्स को बोर्ड ने मंजूरी दी है। भारत के प्रमुख इंडस्ट्रीयलिस्ट अंबानी और अडानी ग्रुप भी राजस्थान में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में बड़ा इंवेस्टमेंट करेंगे। प्रदेश में करीब 1 लाख करोड़ रुपए के इंवेस्टमेंट के लिए मुकेश अंबानी की फर्म रिलायंस न्यू सोलर ने राजस्थान सरकार से करार किया है।

# 'कल तक दोस्ती निभा रहे थे, आज क्या हो गया', सीएम गहलोत का मीडिया पर तंज



जयपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने मीडिया की भूमिका पर सवाल उठाए है। सीएम गहलोत ने कहा कहा- मैं हमेशा फ्रेंडली माना जाता रहा हूं। तो भी मुझे मीडिया नहीं छोड़ता है। कोई न कोई कुचापात करता ही रहता है। उसका मैं क्या करूं। मेरे पास इलाज नहीं है। जब-जब कोई संकट आ गया राजस्थान के अंदर, सरकार गिरने का आ गया हो, कोई स्थिति आ जाए। आप, देखिएगा बख्शते नहीं है वो लोग। अरे, भाई कल तक दोस्त निभा रहे थे, आज तुम्हें क्या हो गया है। पता, मेरे लिए क्या सुकून की बात है, पर मैं मायने नहीं करता हूं। मीडिया में जो खबरें आती है। जनता में भी इतनी समझ है। हिंदुस्तान के लोगों का कॉमन सेंस एक्सट्रा ऑर्डनरी है। उसी ढ़ंग से लोग समझ लेते हैं कि सच्चाई क्या है। अल्टीमेटली नुकसान मीडिया को ही होता है। उनकी विश्वसनीयता को होता है। लोग कहेंगे क्या करेंगे देखकर, खबरें तो उल्टी-सीधी आती रहती है। कोई फायदा नहीं मिलता है। सीएम गहलो ने इनवेस्ट राजस्थान प्रेस मीट में कहा कि आज मीडिया की विश्वसनीयता दांव पर है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान में इन दिनों कांग्रेस में सियासी खींचतान की खबरों की बीच सीएम गहलोत का यह बयान काफी अहम माना जा रहा है। सीएम गहलोत ने रविवार को मीडिया से जो बातें की है। उनकों अलग ढंग से पेश किया गया। माना जा रहा है कि सीएम गहलोत का इशारा इसी तरफ था। सीएम ने रविवार को कहा था कि 102 विधायक क्यों भड़क गए। यह रिसर्च का विषय है। मीडिया ने इस तरह की खबरें चलाई की सीएम गहलोत ने कांग्रेस एडवाइजरी का पालन नहीं किया है।

# गहलोत ने परिवार के साथ किया हवन

### अशोक गहलोत बोले- हमारी वेलफेयर स्कीम्स के केंद्र में महिलाएं

जयपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीएम अशोक गहलोत ने आज मुख्यमंत्री निवास मे स्थित श्री राज राजेश्वरी दुर्गा मंदिर में हवन किया और परिवार के साथ पूजा-अर्चना की। कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी और पॉलिटिकल क्राइसिस के हालात के बीच धार्मिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों में गहलोत की भागीदारी बढ़ी है। दुर्गा अष्टमी के मौके पर गहलोत ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहूतियां दीं और आरती की। सीएम गहलोत की धर्मपत्नी सुनीता गहलोत, बेटे आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत, पुत्रवधू हिमांशी गहलोत सहित परिवार जनों ने मातृ शक्ति की आराधना की। गहलोत ने प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली और शांति की कामना की। गहलोत हर साल नवरात्र में सीएम निवास पर मंदिर में देवी की विशेष आराधना और पूजा करते हैं।

मुख्यमंत्री गहलोत ने प्रदेशवासियों को दुर्गाष्टमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा - देवी उपासना का यह पर्व अपने आप में महत्वपूर्ण है। दुर्गाष्टमी मातृशक्ति की आराधना की प्रेरणा देती है। हमारी संस्कृति में हमेशा ही मातृशक्ति का आदर करने की गौरवशाली परम्परा रही है। उन्होंने प्रदेश के लोगों से महिला सशक्तिकरण और गर्ल्स



एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए हर संभव कोशिश करने की अपील की है। साथ ही भ्रूण हत्या जैसी कुरीति को समाज से नष्ट करने और महिलाओं की सुरक्षा और उनका सम्मान करने का संकल्प लेने को कहा है।

# राजस्थान में घमासान, क्या है समाधान? क्यों सोनिया नहीं सुना रहीं फैसला



जयपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव को लेकर राजस्थान में शुरू हुए घमासान का आखिर समाधान क्या है? राजस्थान में मुख्यमंत्री बदला जाएगा या फिर गहलोत कुर्सी बरकरार रख पाएंगे? इस तरह के सवाल पिछले कई दिनों से जस के तस हैं। 4 दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से अशोक गहलोत और सचिन पायलट की मुलाकात के बाद से ही इस फैसले का इंतजार किया जा रहा है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी शुक्रवार को कहा था कि 1-2 दिन में मुख्यमंत्री पर फैसला हो जाएगा। हालांकि, अब तक पार्टी की ओर से ना तो कोई फैसला सुनाया गया है और ना ही कोई संकेत दिया गया है।

दिल्ली में सोनिया गांधी से माफी मांगकर लौटे अशोक गहलोत ने रविवार को एक बार फिर अपने तेवर दिखाए और इशारों में साफ कर दिया कि सचिन पायलट उन्हें अपने उत्तराधिकारी के रूप में मंजूर नहीं हैं। गहलोत ने इशारा किया कि राज्य में अधिकतर विधायक उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि इस बात पर गौर किया जाना चाहिए कि राज्य में नए मुख्यमंत्री के नाम पर विधायकों में नाराजगी क्यों है। उन्होंने कहा, "नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति किए जाने पर 80 से 90 फीसदी विधायक पाला बदल लेते हैं, वे नए नेता के साथ हो जाते हैं, मैं इसे गलत भी नहीं मानता, लेकिन राजस्थान में ऐसा नहीं हुआ।"गहलोत ने सचिन पायलट का नाम लिए बिना कहा, "जब नए मुख्यमंत्री के आने की संभावना थी तो क्या कारण था कि उनके नाम से ही विधायक बुरी तरह से भड़क गए, जो आज तक कभी नहीं हुआ... उन्हें इतना भय किस बात का था... क्या उनके मन में कुछ चल रहा था और सबसे बड़ी बात तो यह है कि कैसे उन्हें इस बारे में मालूम पड़ा।"

गहलोत को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा था। इससे राजस्थान में नेतृत्व परिवर्तन और पायलट को नया मुख्यमंत्री बनाए जाने की अटकलों के बीच गहलोत के वफादार कई विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। हालांकि, गहलोत ने बाद में घोषणा की थी कि वह कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे। अटकलें हैं कि पार्टी हाईकमान गहलोत से नाराज है और उन्हें सीएम पद से भी हटाना चाहती है।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस हाईकमान राज्य में बदलाव के पक्ष में है। पार्टी नेतृत्व 2018 से ही 'सीएम इन वेटिंग' सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने को तैयार है। हालांकि, विधायकों पर 'गहलोत का जादू' आड़े आ रहा है।

# करमनघाट सीरवी समाज द्वारा माताजी का जागरण सम्पन्न



हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। करमनघाट अलमासगुडा स्थित श्री आईमाता मंदिर में नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर एक शाम आईमाताजी के नाम भव्य जागरण शंकर टॉक एंड पार्टी की मधुर आवाज मे आयोजित किया गया। जारी प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा, सचिव हीरालाल सैंणचा, कोषाध्यक्ष दीपाराम काग ने संयुक्तरुप से बताया कि प्रात:वेला में पूजा-अर्चना, हवन-यज्ञ एवं शाम 6.15 बजे से डांडिया नृत्य व रात्रि 8.15 बजे से एक शाम श्री आईमाताजी के नाम जागरण का आयोजन किया गया। इसमें शंकर टॉक ने माई के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में महिला मंडल द्वारा प्रति माह बीज को आयोजित जागरण व भोजन-प्रसादी के लिए विशेष बोली का आयोजन किया गया, जिसके लाभार्थी सुरेश, प्रकाश, दिनेश काग, सोहनलाल भायल परिवार तुर्कायामजाल रहे। कार्यक्रम मे बत्तौर मुख्यअतिथि शिक्षा मंत्री बी.सबिता इन्द्रा रेड्डी उपस्थित रही। जिनका समाज की महिलाओं ने विशेष सम्मान किया। अवसर पर सबिता रेड्डी ने नवरात्रि की समाज बन्धुओं को शुभकामनाएं देते हुए भरोसा दिलाया कि समाज के विकासशील कार्यों मे वे हमेशा सहयोग करेगी। पधारे सम्मानित अतिथियों व परबत सोलंकी का पदाधिकारियों द्वारा विशेष सम्मान किया गया।

अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा ने कार्यक्रम में पधारे समाज बन्धुओं व भक्तों का तहदिल से आभार प्रकट किया। नवरात्रि महोत्सव के तहत पुजा-अर्चना, हवन पूर्णाहुति कार्यक्रम मंगलवार 4 अक्टुबर प्रात: 7.15 बजे से 11 बजे तक एवं समाज बन्धुओं व भक्तों के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था शाम 6.15 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगी। मंच का संचालन

## यूओएच फैकल्टी को यूनेस्को चेयर से सम्मानित किया गया

हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर प्रमोद के नायर को यूनेस्को द्वारा भेद्यता अध्ययन में चेयर से सम्मानित किया गया है। स्टैनफोर्ड के एक अध्ययन के अनुसार साहित्य अध्ययन में विश्व स्तर पर 120 वें स्थान पर हैं। विश्वविद्यालय में स्थित इस प्रतिष्ठित चेयर को "शिक्षण और अनुसंधान" के तहत सम्मानित किया गया है और शिक्षण और आउटरीच कार्यक्रमों को विकसित करने और भेद्यता अध्ययन के क्षेत्र में अनुसंधान करने और अनुशासन को आकार देने में मदद करने के लिए अनिवार्य है। अध्यक्ष के रूप में प्रोफेसर नायर साहित्यिक अध्ययन से लेकर शिक्षा, भूगोल और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों तक कई विषयों के 15 शिक्षकों की वैश्विक टीम का नेतृत्व करेंगे। वर्ष 2018 में भारत के राष्ट्रपति की ओर से कला, मानविकी और सामाजिक विज्ञान में सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान के लिए विज़िटर अवार्ड के विजेता, प्रोफेसर नायर ने मानवाधिकार और साहित्य, अनिश्चित जीवन और अन्य संज्ञानात्मक क्षेत्रों पर व्यापक रूप से प्रकाशित किया है। प्रोफेसर बीजे राव, कुलपति, ने कहा कि "मैं यूओएच में आयोजित होने वाले प्रोफेसर प्रमोद के नायर को भेद्यता अध्ययन में प्रतिष्ठित यूनेस्को चेयर के पुरस्कार पर प्रसन्न हूं। यह उनके काम और वैश्विक प्रतिष्ठा के काफी निकाय की मान्यता है। चेयर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस के तहत हमारे विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीयकरण की सुविधा प्रदान करेगा"। यूनेस्को चेयर का प्रारंभिक कार्यकाल चार साल का होता है।

## जीएचएमसी वेबसाइट अब तेलुगु, हिंदी में

हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) की आधिकारिक वेबसाइट जो अब तक अंग्रेजी में थी, अब तेलुगु और हिंदी में भी उपलब्ध कराई गई है। उपयोगकर्ता अब जीएचएमसी वेबसाइट-https://www.ghmc.gov.in/ पर लॉग इन करके और पृष्ठ के शीर्ष पर 'भाषा का चयन करें' पर क्लिक करके भाषा विकल्प का चयन कर सकते है। नागरिक निकाय भी वेबसाइट पर और अधिक सुविधाएँ जोड़ रहा है। पालतू कुत्ते के लाइसेंस के लिए आवेदन, संपत्ति कर स्व-मूल्यांकन फॉर्म, शिकायत की स्थिति, व्यापार लाइसेंस बकाया की जांच आदि की सुविधा को जोड़ा गया है।

# जनता की समस्याओं के समाधान के लिए है प्रजावाणी कार्यक्रम : जिलाधीश



आसिफाबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद जिला कलेक्टर राहुल राज ने कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रजावाणी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

सोमवार को जिला केंद्र स्थित समाहरणालय के भावना परिसर स्थित कलेक्टर कक्ष में आवेदकों के आवेदन प्राप्त हुए। कागज नगर मंडल के नजरूल नगर गांव के अशोक देबनाथ ने एक आवेदन प्रस्तुत किया जिसमें अनुरोध किया गया था कि आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा उनके पिता को सौंपी गई भूमि उनके नाम पर वसीयत की जाए और एक अन्य व्यक्ति का नाम तेलंगाना सरकार की नई पट्टादारु पास बुक, धरणी में दर्ज किया गया था।

पोर्टल, और इसे संशोधित करने और अपने नाम पर पंजीकृत करने का अनुरोध किया। पेंचिकलपेट मंडल के एल्कापल्ली गांव की संघर साईं राधा ने एक अर्जी देकर अपने चाचा के नाम का घर अपने नाम पर बदलने की मांग की है। रेबेना मंडल के गोलेटी गांव के वेमुला चंद्रैया ने कहा कि उन्होंने वन अधिकारों के लिए आवेदन किया था और उनका नाम सर्वेक्षण सूची में दर्ज नहीं किया गया था और उन्होंने अपना नाम शामिल करने के लिए आवेदन जमा किया था. वांकिडी मंडल के एनगोंडी गांव की मदवी कल्पना ने कहा कि उसने इंटरमीडिएट की पढ़ाई की है, हैंडबॉल और साहसिक खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और प्रमाण पत्र प्राप्त किया है और एक गरीब व्यक्ति के रूप में एक आश्रम स्कूल में रोजगार पाना चाहती है। केरामेरी मंडल के इंदापुर गांव के गावुत्रे नागुबाई ने अपने बैंक खाते से पैसे जारी करने की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया कि उनकी बेटी की शादी के लिए कल्याण लक्ष्मी चेक स्वीकृत हो गया है। जिले के विभिन्न हिस्सों के कलाकारों और चित्रकारों ने एक आवेदन प्रस्तुत कर उनसे जिले में सरकार से संबंधित पेंटिंग कार्यों को अनुदान और समर्थन देने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि जनता से प्राप्त आवेदनों की गहनता से जांच की जाएगी और संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर समाधान की दिशा में प्रयास किया जाएगा। इस कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य ने भाग लिया।

## एक शाम गौमाता के नाम जागरण 7 को

हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मूसापेट गुड्स शेड रोड़ स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे एक शाम गौमाता के नाम भाग्यनगर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर श्री नृत्य गोपालदास गौसेवा धाम ट्रस्ट के सान्निध्य में समस्त राजस्थानी समाज बोराबंडा, मोतीनगर, मूसापेट, प्रशांतिनगर, मैत्रीनगर गौभक्तों के तत्वावधान मे शुक्रवार 7 अक्टूबर रात्रि 9.15 बजे से भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसमें भजन सम्राट डॉ.ओम मुंडेल डिगराना व मुकेश वैष्णव गौमाता के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। जारी प्रेस विज्ञप्ति मे गौभक्त प्रकाश चोयल ने बताया कि नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति गौसेवार्थ एक शाम गौमाता के नाम भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन समस्त राजस्थानी समाज बोराबंडा, मोतीनगर, मूसापेट, प्रशांतिनगर, मैत्रीनगर गौभक्तों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में पधारे गौभक्तों के लिए महाप्रसादी की व्यवस्था 7 बजे से 11 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर रहेगी। मदनमोहन दास महाराज ने छत्तीस कोम के गौभक्तों व प्रवासी बन्धुओं से निवेदन किया है कि उपरोक्त कार्यक्रम मे सपरिवार समयपर पधारकर दान-पुण्यकर दर्शन, भजनों व महाप्रसादी का लाभ लेवे।



**गुजराती पाटीदार समाज अमीरपेट द्वारा अयोजित नवरात्रि उत्सव में मां दुर्गा का आशीर्वाद प्रप्त करते हुए भजपा नेता उत्तम सिंह राजपुरोहित। साथ में हंसराज पटेल, जयराम पटेल, मोहन पटेल, रितेश पटेल, हसमुख पटेल, अरविंद पटेल, रसिक पटेल, ईश्वर पटेल और अन्य।**

## माँ जेष्ठायनी सेवा समिति द्वारा विशाल जागरण संपन्न



हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। माँ जेष्ठायनी सेवा समिति द्वारा श्रृंग ऋषि भवन दालमंडी फीलखाना में विशाल जागरण का शुभारम्भ मुख्य गायक श्यामसुंदर तिवारी के मधुर स्वरों में हुआ। उपस्थित स्वजातीय बंधुओं ने माता की ज्योति एवं भजन संध्या का रसपान कर धर्म लाभ लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामदेव नागला, मोतीलाल तिवारी, रामप्रकाश नागला, रामरतन नागला, मनोज नागला तिवारी, रामनारायण तिवारी, जुगलकिशोर पांडिया, प्रभुदयाल पांडिया, श्यामसुंदर पांडिया, कन्हैयालाल ओझा, सत्यनारायण तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, जगदीश तिवारी, रामजीवन सिखवाल, रामनिवास पांडिया, रंगलाल ओझा, मानिकचंद पांडिया, मोहनलाल व्यास, नंदकिशोर तिवारी, शैलेन्द्र नागला, नन्दकिशोर तिवारी, सुरेश कुमार तिवारी, सुनील कुमार तिवारी एवं महिला प्रकोष्ठ के सभी गणमान्य सदस्यों उपस्थिति रहे।



**धम्माईगुडा स्थित श्री भवानी फंक्शन हॉल में राजस्थानी मित्र मंडल द्वारा आयोजित रंगारंग गरबा डांडिया नृत्य का पूजा-अर्चनाकर आनंद लेते हुए अध्यक्ष सोहनसिंह राजपुरोहित, पदाधिकारी, समाज बन्धु व महिलाएँ।**



**मैलारदेवपली स्थित बाबु रेड्डी नगर में बोडुराई नव दूर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित जागरण में माता दूर्गा की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान पधारे मेहमानों रामदेवरा मन्दिर के चेयरमैन श्याम सुंदर गिल्डा, तेलंगाना जाट एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष धर्माराम ढाका, पूर्व पार्षद प्रेम दास, रामदेव प्रेम भक्त हनुमान राठी, राजकुमार लड्डा, नारायण व्यास व अन्य का कमेटी के पूर्व पार्षद एस. वेंकटेश, समाजसेवी जगदीश अग्रवाल द्वारा सम्मान किया गया।**

## संकीर्तन होगा हिन्दू संरक्षण समिति के रावन दहन कार्यक्रम में विशेष आकर्षण

हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दू संरक्षण समिति भाग्यनगर के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बड़े धूम धाम से आयोजित होने वाले विजयदशमी महोत्सव रावन दहन कार्यक्रम में हरे राम हरे कृष्णा संकीर्तन होगा विशेष आकर्षण।

भाग्यनगर के पुराने शहर में स्तीथ कुली कुतुब शाह स्टेडियम, सिटी कालेज के पास 5 अक्टूबर को विजयदशमी महोत्सव भाग्यनगर वासियों में धर्मजागरण व मनोरंजन के उद्देश से आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में रंगारग आतिशबाजी के बीच कार्यक्रम साधु संत महात्माओं के मार्गदर्शन भी होगा। 45वां रावण दहन कार्यक्रम में आतिश बाजी व रावण दहन सयोजक अंजलि अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, अनूप अग्रवाल होंगे। समिति अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र नारनौली, राजकमल भट्टड़, तरुण अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, महेश अग्रवाल, हरिभाई, आलोक अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, पवन व अन्य कार्यकर्ताओं ने सभी नगरवासियों को अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर महोत्सव में भाग लेने की अपील की है।



**एसएसके समाज रहीमपुरा द्वारा आयोजित नवरात्रि डांडिया उत्सव में वरिष्ठ नेता एच. कुमार, एसएसके समाज महासचिव कटिघर शंकर राव, एसएससी महिला मंडल की अध्यक्ष चव्हाण राजकुमारी, यश्वताराव चव्हाण, रतन दीप, जेजे सरस्वती, एस मंजू, एस रानी व अन्य महिला सदस्याएं।**



**चारमीनार स्थित खोखरवाडी नवयुवक संघ द्वारा आयोजित माता की चौकी व भजन संध्या में भाग लेते हुए चारमीनार एसीपी भिक्षम रेड्डी एवं समाज सेवी अरुण डाकोतिया का सम्मान करते हुए अभिषेक, अर्पित, मयंक, रोहित, हरीश, राहुल, निकुंज, अक्षय, हरिहरन एवं अन्य।**

# अमृतधाम आश्रम में श्रद्धापर्व मनाया गया



हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व जागृति मिशन के प्रणेता, मानवता और धर्म के ध्वजासंवहक पूज्य सदुरुजी के आह्वान पर लगातार 25वर्षों से 2 अक्टूबर को मनाये जा रहे माँ पिता और वरिष्ठ जनों के सम्मान दिवस श्रद्धापर्व के रूप में अमृतधाम आश्रम में हैदराबाद मंडल द्वारा मनाया गया।

श्रध्दापर्व के कार्यक्रम मिशन के राष्ट्रीय प्रधान प्रेमसिंह राठौर के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मिशन के सत्संग प्रभारी राजकुमार दायमा मंच संचालन किया तथा कार्यक्रम में पधारे वरिष्ठ जनों का पुष्पमाला व शॉल पहनाकर सत्कार किया गया। कार्यक्रम में राजकुमार दायमा, राजू भागचंदानी, मानमल सैन, भिक्षापति, रामचंद्र राव, धनराज नागरे, लक्ष्मण बिरादर, प्रकाश देवकर, राजकुमार मालगे आदी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राजू भागचंदानी के धन्यवाद ज्ञापन देकर संपन्न हुआ।

# विजयशांति ने मंदिर में किया दर्शन-पूजन



हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। दशहरा नवरात्रि के हिस्से के रूप में न्यू बोइनापल्ली बापूजीनगर में श्री देवी नल्लापोचम्मा मंदिर में भव्य पूजा की जा रही है। इसी के तहत भाजपा नेता और फिल्म अभिनेत्री विजयशांति ने मंदिर में दर्शन-पूजन किए। मंदिर समिति के अध्यक्ष जम्पना प्रताप तथा समिति के सदस्यों ने विजयाशांति का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देवी विजयशांति के लिए विशेष पूजा करवाई। बाद में श्रद्धालु और महिला प्रशंसक मंदिर पहुंचे और उनके साथ तस्वीरें ली गईं। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एससी मोर्चा के प्रकाश नायुडू, अजय, समिति सदस्य नरसिम्हा, अजित कल्याण, प्रेम मुदिराज, भारद्वाज जहांगीर गौड़, शेखर यादव, श्रीकांत, रामा राव, नरेंद्र और अन्य ने भाग लिया।

## तुडुमधेब्बा जिला उपाध्यक्ष कोटना विजय कुमार की चेतावनी

आसिफाबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आदिवासी अधिकार संघर्ष समिति तुडुमधेब्बा जिला उपाध्यक्ष कोटना विजय कुमार कहा कि कोमुराम भीम आसिफाबाद जिले के वांकिडी मंडल में लंबाडा जनजाति को उप तहसीलदार के रूप में नियुक्त करने का पूरी तरह से विरोध किया और कलेक्टर राहुल राज को आज उप तहसीलदार को तुरंत स्थानांतरित करने के लिए ज्ञापन सौंपा। भले ही वह लंबाडा जनजाति के हों और किसी और को नियुक्त करें। उन्होंने कहा कि लंबाडा जन जाति महाराष्ट्र से एसटी के अवैध प्रवास और एसटी प्रमाण पत्र को अवैध रूप से प्राप्त किया है और इससे आदिवासी बहुत नाराज हैं, जब उन्हें नियुक्त किया गया था। भले ही वे लंबाडा जनजाति के थे। उन्होंने कहा कि अगर उनका तबादला नहीं किया गया तो आदिवासी की ओर से भारी मात्रा में आंदोलन किया जाएगा।

## नवरात्रि पर बिहार सहयोग समिति महिला एसोसिएशन द्वारा डांडिया प्रोग्राम



हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। नवरात्रि के शुभ अवसर पर बिहार सहयोग समिति महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष माधवी यादव एवं उनकी पूरी टीम द्वारा डांडिया प्रोग्राम एवं 56 भोग माता को लगाया गया। अपने समाज के सभी बच्चीयों ने डांडिया में बढकर चढकर भाग लिया और महिलाओं ने माता 56 भोग लगाकर पूजा अर्चना की और अध्यक्ष द्वारा आये हुए सभी महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर टीआरएस नेता और मलकाजगीरी मेघना, नागेश्वर राव ने डांस प्रोग्राम में भाग लिया। इस मौके पर बिजेपी के सिटी अध्यक्ष संतोष गौड, संतोष यादव, राकेश यादव और बिहार समाज संघ के चेयरमैन राजू ओझा, भोजपुरी समाज से अध्यक्ष वकिल पंडित, नारायन ओझा, संजय यादव, रानीगंज के सुनील श्रीवास्तव मौजूद रहे।



**राजस्थानी प्रगति समाज एवं प्रदर्शनी सोसायटी द्वारा अयोजित 50वीं रामायण मेला के अंतर्गत गरबा-डांडिया के चौथे डांडिया का आनंद उठाते हुए अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल व प्रधान संयोजक गोविंद राठी। साथ में हैं गिरधारीलाल डागा, नंदगोपाल भट्टड, सुरेंद्र रेड्डी, मनोज जायसवाल, सुमीत राठी व अन्य।**



**माथुर वैश्य भवन आगपुरा में माता का जागरण में भाग लेती हुईं भाजपा नेता सपना गुप्ता, प्रदीप, विमल, सीता, भाग्य श्री, विनीत व अन्य।**



**दुर्गा अष्टमी पर येल्लम्मा मंदिर अशोक बाजार में पूजा अर्चना करते हुए एनआर लक्ष्मण राव, बजरंगसेना तेलंगाना मीडिया अध्यक्ष रमनदीप**

# विराट को तीसरे टी-20 से आराम

## टीम इंडिया जीत चुकी है सीरीज, इंदौर में कल होगा साउथ अफ्रीका से आखिरी मुकाबला



इंदौर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला मंगलवार को इंदौर में खेला जाना है। भारतीय टीम तिरुवनंतपुरम और गुवाहाटी में हुए पहले दो मैच को जीतकर पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुकी है। इसलिए भारतीय टीम मैनेजमेंट ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को तीसरे मैच से आराम देने का फैसला किया है।

विराट मुंबई रवाना हो गए

तीसरे मैच से आराम मिलने के बाद विराट कोहली अपने परिवार से मिलने मुंबई रवाना हो गए। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों में 3 और 49 रन की नाबाद पारियां खेली थीं। इसी महीने ऑस्ट्रेलिया में वर्ल्ड कप शुरू होना है। इसे देखते हुए विराट को आराम देने का फैसला किया गया है।

श्रेयस अय्यर को मिल सकती है प्लेइंग-11 में जगह

विराट की गैरहाजिरी में अब तीसरे टी-20 मैच में श्रेयस अय्यर को प्लेइंग-11 में शामिल किया जा सकता है। दीपक हुड्डा के चोटिल हो जाने के कारण अय्यर को इस सीरीज के लिए स्क्वॉड में शामिल किया गया था। अय्यर पहले दो मैचों में प्लेइंग-11 में शामिल नहीं थे।

**ऋषभ पंत को भी मिलेगा एक्सपोजर**

भारतीय टीम पिछले कुछ मुकाबलों से दिनेश कार्तिक को फर्स्ट चॉइस विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में टीम में शामिल कर रही है। इस कारण ऋषभ पंत को प्लेइंग-11 में शामिल होने के बावजूद साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैचों में बैटिंग का मौका नहीं मिल पाया। विराट के न होने से पंत को बैटिंग का एक्सपोजर दिया जा सकता है ताकि वे वर्ल्ड कप से पहले लय हासिल कर लें। पंत वर्ल्ड कप के लिए घोषित 15 सदस्यीय टीम में शामिल हैं।

# विमेंस एशिया कप में भारत की दूसरी जीत

## मलेशिया को डकवर्थ लुईस सिस्टम से 30 रन से हराया



सिलहट, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। विमेंस एशिया कप में भारतीय टीम ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली है। अपने पहले मुकाबले में श्रीलंका को हराने वाली टीम इंडिया ने सोमवार को मलेशिया को बारिश से बाधित मैच में डकवर्थ लुईस नियम के तहत 30 रन से मात दी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 180 रन बनाए।

जवाब में मलेशिया ने 5.2 ओवर में 2 विकेट खोकर 30 रन बनाए थे। तभी बारिश शुरू हो गई और इसके बाद खेल संभव नहीं हो सका। डकवर्थ लुईस नियम के तहत भारत को विजेता घोषित कर दिया गया।

r

भारतीय टीम को मेघना सिंह और शेफाली वर्मा ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 116 रन की पार्टनरशिप हुई। ओपनर मेघना ने 69 रन की पारी खेली। उन्होंने 8 चौके और 1 छक्के की बदौलत अपना

### शेफाली-मेघना ने की 116 रन की पार्टनरशिप

अर्धशतक 38 गेंदों में ही पूरा कर लिया। शेफाली वर्मा ने 39 गेंदों पर 46 रन बनाए। वहीं ऋचा घोष ने 19 गेंदों पर नाबाद 33 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 1 छक्का भी जड़ा। मलेशिया की ओर से विनिफ्रेड दुरासिंघम ने 3 ओवर में 36 रन




देकर 2 विकेट और नूर दानिया ने 1 ओवर में 9 रन देकर 2 विकेट लिए।

**मलेशिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही**

182 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी मलेशिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मलेशिया ने पहले ही ओवर में अपना पहला विकेट गंवा दिए था। ओपनर विनिफ्रेड दुरासिंघम चौथे गेंद पर ही टीम का खाता खुले बिना ही पवेलियन लौट गईं। वहीं मलेशिया का दूसरा विकेट 6 रन पर ही गिर गया। वान जूलिया 6 गेंदों का सामना कर 1 रन बनाकर आउट हो गईं। जब बारिश की वजह से 5.2 ओवर में खेल रोका गया, तब मलेशिया का स्कोर 2 विकेट पर 16 रन था। वहीं मास एलिसा 14 रन बनाकर और एल्सा हंटर 1 रन बनाकर खेल रही थीं। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने 1 और राजेश्वरी गायकवाड ने 1-1 विकेट लिए।

**भारत की लगातार दूसरी जीत**

एशिया कप में यह भारत की लगातार दूसरी जीत है। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को 41 रन से हराया था। भारत का अगला मैच 4 अक्टूबर को यूएई के साथ है। वहीं 7 अक्टूबर को पाकिस्तान के साथ भिड़ना है। भारतीय टीम अभी पॉइंट टेबल में टॉप पर है।

# वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

## साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए रजत पाटीदार और मुकेश कुमार नया चेहरा; शिखर धवन को कप्तानी

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 6 अक्टूबर से होने वाली घरेलू वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा कर दी गई है। टीम में रजत पाटीदार और मुकेश कुमार को पहली बार जगह दी गई है। शिखर धवन इस वनडे सीरीज के कप्तान होंगे। वहीं, श्रेयस अय्यर को वाइस कैप्टन बनाया गया है।

घरेलू टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन का रजत और मुकेश को इनाम

दलीप ट्रॉफी और रणजी ट्रॉफी जैसे घरेलू टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले रजत पाटीदार और तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पहली बार टीम का हिस्सा होंगे। रजत पाटीदार ने हाल ही में दलीप ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं, बंगाल से खेलने वाले तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने का इनाम मिला है। मुकेश ने राजकोट में चल रहे ईरानी कप और इंडिया-ए से




खेलते हुए न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 घरेलू सीरीज से टीम से बाहर हुए आवेश खान और कुलदीप यादव की वनडे टीम में वापसी हुई है। एशिया कप में फीवर की वजह से




आवेश बीच टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। जबकि कुलदीप यादव को एशिया कप और ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज में टीम में जगह नहीं दी गई थी।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 मैचों की सीरीज के बाद टी-20 वर्ल्ड कप के लिए मुख्य टीम के ऑस्ट्रेलिया जाने की वजह से टीम की जिम्मेदारी एक बार फिर शिखर धवन को सौंपी गई है। जबकि श्रेयस अय्यर को वाइस कैप्टन बनाया गया है।

# वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान के ओपनर फेल

## इंग्लैंड ने 7 टी-20 इंटरनेशनल की सीरीज 4-3 से अपने नाम की

### पाक की कमजोरी उजागर, अंग्रेजों के इरादे जाहिर



इंग्लैंड ने 67 रन से जीता निर्णायक मैच

लाहौर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। 13 दिन बाद ऑस्ट्रेलिया में टी-20 वर्ल्ड कप शुरू होने जा रहा है। लिमिटेड ओवर क्रिकेट के सबसे बड़े टूर्नामेंट से पहले वनडे के वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड ने अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। उधर, पाकिस्तान की कमजोरी भी उजागर हो गई है।

अंग्रेजों ने पाकिस्तान को उसी के घर में 7 मैचों की रोमांचक सीरीज में 4-3 से हराया है। सीरीज में पाकिस्तान की बैटिंग में खामी नजर आई है। रविवार रात इंग्लैंड ने सीरीज के आखिरी और निर्णायक मुकाबले में मेजबान टीम को 67 रनों के बड़े अंतर से हराया। इस जीत में इंग्लैंड की तैयारियों की झलक दिखी। उसके गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, ओपनर्स के फेल होने पर पाकिस्तान के अन्य बल्लेबाज बेबस नजर आए।

67 रन की बड़ी जीत से दौरे का अंत

इंग्लैंड ने बड़ी जीत से दौरे का अंत किया। उसने लाहौर में पहले तो 209/3 का स्कोर खड़ा किया। उसके बाद पाकिस्तानी बल्लेबाजों को तय ओवर में 142/8 पर चलता कर दिया। इस जीत में डेविड मलान ने अहम योगदान दिया। उन्होंने 47 गेंदों पर 78 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। हैरी ब्रूक ने नाबाद 46 रन बनाए। मलान मैन ऑफ द मैच रहे, जबकि ब्रूक प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने 238 रन स्कोर किए।

इंग्लैंड के छह बल्लेबाजों ने फिफ्टी जमाई, पाक के तीन

सीरीज में पाकिस्तानी ओपनर्स कमाल प्रदर्शन कर रहे थे। कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने मिलकर 601 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक और 5 अर्धशतक शामिल हैं। इन दोनों के अलावा टीम का कोई बल्लेबाज टॉप-5 में नहीं है। रिजवान टॉप स्कोरर हैं और कप्तान बाबर उनसे महज 30 रनों से पीछे हैं।

ऐसे में पूरी टीम बाबर-रिजवान पर निर्भर हो गई है। आखिरी मुकाबले में जब बाबर और रिजवान जल्दी आउट हो गए तो टीम 200+ का बड़ा स्कोर चेज नहीं कर सकी। हालांकि, शान मसूद (56) ने अर्धशतक जमाया, जबकि खुर्शीद शाह ने 27 रन का योगदान दिया, लेकिन, बाकी के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए और टीम 150 का आंकड़ा भी नहीं छू सकी।

गौर करने वाली बात यह है कि 7 मैचों की सीरीज में इंग्लैंड 6 बल्लेबाजों ने अर्धशतक जमाए हैं। जबकि पाकिस्तान के 3 बल्लेबाज ही ऐसा कर सके हैं। सीरीज में कुल 14 अर्धशतक आए हैं। इसमें 7 इंग्लैंड और 7 पाकिस्तान की ओर से आए।

टॉप-3 विकेट टेकर गेंदबाज अंग्रेज रहे, जबकि स्कोरर में ब्रुक का नाम आया। करेन-विली ने एक समान 7-7 और मार्क वुड ने 6 विकेट लिए हैं।

### शेरिफ डब्ल्यूटीए खिताब जीतने वालीं मिस्र की पहली खिलाड़ी, फाइनल में मारिया को 7-5, 6-3 से हराया



पारमा, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। मायार शेरिफ महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) टूर खिताब जीतने वालीं मिस्र की पहली खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने पारमा लेडीज ओपन के फाइनल में शीर्ष वरीय और दुनिया की सातवें नंबर की यूनान की मारिया सकारी को 7-5, 6-3 से पराजित कर दिया। छब्बीस साल की शेरिफ ने खिताब जीतने के बाद कॅरिअर में पहली बार शीर्ष दस में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया। उत्तरी अफ्रीका में ट्यूनीशिया की ओंस जेबुएर के बाद शेरिफ महिला टेनिस की लोकप्रियता को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। ओंस ने इस साल विंबलडन और यूएस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया।

एक दिन में जीते दो मैच : 74 वीं वरीयता की शेरिफ ने एक दिन में दो मैच (सेमीफाइनल और फाइनल) जीते। पहले उन्होंने छठी वरीयता की अना बोगडेन को सेमीफाइनल में 6-4, 3-6, 6-4 से हराया। सेमीफाइनल बारिश के कारण अगले दिन के लिए स्थगित कर दिया गया था। सकारी ने अन्य सेमीफाइनलल में डेंका कोविनिच को 7-5, 6-2 से हराया था।

इस जीत के बाद शेरिफ ने कहा ₹इस खिताब का मेरे देश, परिवार के लिए बड़ा महत्व है।

# 7 साल बाद देश में अफ्रीका से सीरीज जीता भारत

## दूसरे टी-20 में साउथ अफ्रीका को 16 रन से हराया

### काम नहीं आई मिलर की सेंचुरी



गुवाहाटी, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया ने एक हाई स्कोरिंग मैच में साउथ अफ्रीका को 16 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम पहली बार साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत में कोई टी-20 सीरीज जीतने में कामयाब हुई है। दोनों के बीच पहली भारत में पहली टी-20 सीरीज 2015 में खेली गई थी। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 237 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने भी पूरा जोर लगाया, लेकिन टीम 3 विकेट पर 221 रन ही बना पाई।

इस मैच में बल्लेबाजों का बोलबाला रहा। भारत की ओर से केएल राहुल (57), रोहित शर्मा (43), सूर्यकुमार यादव (61) और विराट कोहली (49) ने शानदार बल्लेबाजी की। वहीं, साउथ अफ्रीका के लिए डेविड मिलर ने शानदार शतक जमाया और नाबाद 106 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक भी 69 रन बनाकर नाबाद रहे।

**7 साल से नहीं जीत पा रही थी टीम इंडिया**

इस जीत के साथ भारतीय टीम को पहली बार अपने घर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच 2015 में पहली बार क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट की सीरीज खेली गई थी और इसमें टीम इंडिया को 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था।

इसके बाद 2019 में हुई टी-20 सीरीज 1-1 से बराबरी पर रही थी। वहीं, इस साल जून में भी सीरीज खेली गई थी और ये सीरीज भी 2-2 से बराबर रही। यानी पिछले 7 साल में भारत में दोनों टीमों के बीच 3 टी-20 सीरीज हुई और एक बार भी टीम इंडिया को जीत नहीं मिली।

साउथ अफ्रीका की टीम में एक बदलाव के साथ उतरी थी। स्पिनर तबरेज शम्सी दूसरा मुकाबला नहीं खेले। उनकी जगह लुंगी एनगिडी आए। वहीं, टीम इंडिया ने प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं किया।

मैच के दौरान एक बड़ी घटना भी देखने को मिली। भारतीय पारी के सातवां ओवर जैसे खत्म हुआ, मैदान पर सांप निकल आया। जिसके कारण मैच को 10 मिनट तक रोकना पड़ा। कुछ देर बाद ग्राउंड स्टाफ ने सांप को हटाया फिर मुकाबला शुरू हुआ।

## आईएसएल 2022-23: पहला मैच केरला ब्लास्टर्स और ईस्ट बंगाल के बीच




नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंडियन सुपर लीग अपने नए फॉर्मेट के साथ वापसी कर रही है। इस बार सभी मैच गुरुवार से रविवार के बीच खेले जाएंगे। इसका मतलब है कि सोमवार से लेकर बुधवार के बीच कोई मैच नहीं होगा। इन दिनों आमतौर पर लोग काम करने जाते हैं। विदेशी लीगों में भी गुरुवार और रविवार के बीच ही मैच होते हैं। इस बार भारतीय फुटबॉल लीग में भी ऐसा हो रहा है। इस लीग की शुरुआत सात अक्तूबर से हो रही है। पहला मैच केरला ब्लास्टर्स और ईस्ट बंगाल के बीच है। वहीं, प्लेऑफ के मुकाबले मार्च के महीने में होंगे। नए फॉर्मेट में अंक तालिका के टॉप में रहने वाली दो टीमें सीधे सेमीफाइनल में पहुंच जाती हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम पांचवें स्थान की टीम और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम छठे स्थान पर रहने वाली टीम के साथ क्वार्टर फाइनल खेलती है।

आईएसएल का नया प्लेऑफ प्रारूप

एलिमिनेटर 1: तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम बनाम छठे स्थान पर रहने वाली टीम

एलिमिनेटर 2: चौथे स्थान पर रहने वाली टीम बनाम 4वीं की टीम

सेमीफाइनल 1 पहला चरण: पहली टीम बनाम (विजेता एलिमिनेटर 1)

सेमीफाइनल 2 पहला चरण: दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम बनाम (विजेता एलिमिनेटर 1)

सेमीफाइनल 1 दूसरा चरण: (विजेता एलिमिनेटर 2) बनाम प्रथम स्थान वाली टीम।

## मैदान पर भिड़े यूसुफ पठान-मिचेल जॉनसन एक-दूसरे को धक्का मारा

### रॉस टेलर की 84 रन की पारी पड़ी भीलवाड़ा किंग्स पर भारी




जोधपुर, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। जोधपुर के बरकतुल्ला खां स्टेडियम में रविवार की शाम धमाकेदार मैच हुआ। मैच में भीलवाड़ा किंग्स के धाकड़ बल्लेबाज यूसुफ पठान और इंडिया कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। दोनों एक दूसरे के बहुत करीब आ गए और एक दूसरे को भला बुरा कहने लगे। नौबत हाथापाई तक पहुंच गई।

यूसुफ पठान ने जॉनसन को धक्का तक मार दिया। पलटकर उन्होंने भी धक्का मारा। बात आगे बढ़ती इससे पहले ही लेडी अंपायर अंपरायर्स ने जॉनसन को अलग किया। इस नोक-झोंक के बाद यूसुफ का विकेट जॉनसन ने लिया। यूसुफ 48 रन पर आउट हुए। मैच के बाद यूसुफ व जॉनसन पर कार्रवाई करने को लेकर क्रिकेट रैफरी और प्रशासकों के बीच चर्चा हुई।

हाई स्कोरिंग मैच में चौकों-छक्कों की बारिश हुई। दोनों इनिंग मिलाकर 40 ओवर में बल्लेबाजों ने 457 रन बटोर लिए। भीलवाड़ा किंग्स और इंडिया कैपिटल्स के बीच हुए मैच में इंडिया कैपिटल्स की टीम ने जबरदस्त जीत हासिल की और लीजेंड्स लीग के फाइनल में जगह बनाई।

भीलवाड़ा किंग्स के इरफान पठान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। फैसले को सही साबित करते हुए टीम के बल्लेबाजों ने 226 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टारगेट का पीछा करने उतरी इंडिया कैपिटल्स की टीम ने 3 विकेट जल्दी खो दिए थे। इसके बाद रॉस टेलर ने धमाकेदार 84 रन की पारी खेलकर टीम की जीत की उम्मीदों को हवा दे दी।

## आईसीसी रैंकिंग : सूर्य कुमार यादव करेंगे मोहम्मद रिजवान की कुर्सी पर कब्जा!

नई दिल्ली, 3 अक्टूबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी सूर्य कुमार यादव इस वक्त जबरदस्त फार्म में हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही टी20 सीरीज के दूसरे मैच में सूर्य कुमार यादव ने गजब की पारी खेली और पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया। सीरीज के दो मैच हो चुके है और भारतीय टीम ने दोनों में जीत दर्ज की है। दोनों मैचों में सूर्य कुमार यादव ने कमाल की बल्लेबाजी की। इस बीच अब पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की कुर्सी ऐसा लगता है कि जाने वाली है। अगर वे इस तरह से खेलते रहे तो आईसीसी की टी20 रैंकिंग में सूर्या कुमार यादव नंबर वन की कुर्सी पर कब्जा कर लेंगे। मोहम्मद रिजवान ने पिछले मैच में जिस कर प्रदर्शन किया है, उससे साफ है कि उनकी रेटिंग गिरने वाली



है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही टी20 सीरीज में सूर्य कुमार यादव ने पहले मैच में 33 गेंद पर नाबाद 50 रन की बेहतरीन पारी खेली। इसके बाद दूसरे मैच में तो सूर्या और भी घातक हो गए। उन्होंने 22 गेंद पर 61 रन ठोक दिए। अभी सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच बचा हुआ है और इसमें भी सूर्या का करिश्मा देखने के लिए मिल सकता है। वहीं मोहम्मद रिजवान की बात की जाए तो इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टी20 सीरीज के आखिरी मैच में मोहम्मद रिजवान केवल एक ही रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि इससे पहले छठे मैच में उन्होंने 63 रन बनाए थे, लेकिन ये रन 46 गेंद पर बनाए गए थे। सूर्य कुमार यादव के पास अभी सीरीज का एक और मैच है, वहीं इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेली जा रही सीरीज अब खत्म हो गई है। हालांकि पाकिस्तानी टीम अब न्यूजीलैंड के दौरे पर जाने वाली है, जहां पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच तीन देशों की त्रिकोणीय सीरीज खेली जानी है।

# चुनाव आचार संहिता से टीआरएस की प्रस्तावित बैठक पर कोई प्रभाव नहीं : केसीआर



हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने आज स्पष्ट किया कि टीआरएस आम सभा की बैठक हमेशा की तरह दशहरा (5 अक्टूबर) को सुबह 11 बजे तेलंगाना भवन में होगी। एक बयान में, सीएम केसीआर ने कहा कि मुनुगोडु विधानसभा के लिए उपचुनाव की अधिसूचना दशहरे पर आयोजित आम सभा की बैठक को प्रभावित नहीं करेगी और कहा कि पार्टी के सदस्यों को भ्रमित होने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि, जैसा कि पहले घोषित किया गया था, पार्टी की आम बैठक 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे तेलंगाना भवन में होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय के भीतर बैठक में शामिल हों।

उधर, टीआरएस पार्टी की आम सभा की बैठक दशहरा पर 5 अक्टूबर को तेलंगाना भवन में होगी। सोमवार को सीएम कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि टीआरएस अध्यक्ष केसीआर राष्ट्रीय राजनीति को लेकर अपने दृष्टिकोण को लोगों के सामने रख सकते हैं और अपनी पार्टी के पदाधिकारियों के साथ इस पर चर्चा कर सकते हैं। बयान में कहा गया है कि जैसा कि पहले घोषित किया गया था पार्टी की आम बैठक 5 अक्टूबर को सुबह 11 बजे तेलंगाना भवन में होगी। नेताओं से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय के भीतर बैठक में शामिल हों। केसीआर ने कहा कि मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की अधिसूचना से दशहरे पर आयोजित आम सभा की बैठक पर कोई असर नहीं पड़ेगा और सदस्यों को भ्रमित होने की जरूरत नहीं है। चुनाव आयोग ने सोमवार को मुनुगोड़े विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की, जो कांग्रेस के मौजूदा विधायक के विधायक के रूप में इस्तीफा देने के बाद खाली हो गई थी। योजना के विवरण पर काम किया जा रहा है और तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) का नाम बदला जा सकता है। सूत्रों ने पहले संकेत दिया था कि रीब्रांडेड संगठन को तुरंत राष्ट्रीय पार्टी घोषित नहीं किया जा सकता है। पार्टी तेलंगाना में लागू की जा रही कल्याणकारी योजनाओं जैसे किसानों के लिए 'रैतु बंधु' निवेश सहायता योजना और 'दलित बंधु' (किसी भी व्यवसाय या व्यापार को शुरू करने के लिए प्रत्येक दलित परिवार को 10 लाख रुपये का अनुदान) और सवाल करेगी कि ऐसे उपाय देश में लागू क्यों नहीं किए जा रहे हैं।

## सीएम केसीआर ने अखिलेश को फोन कर ली मुलायम की सेहत की जानकारी

हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को फोन पर फोन किया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य की जानकारी ली, जिनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव से कहा कि वह दशहरा उत्सव के बाद उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलेंगे। इस बीच, टीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और उद्योग मंत्री केटी रामा राव ने अपनी शुभकामनाएं दीं और मुलायम सिंह यादव के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी को फोन किया और अस्पताल में भर्ती मुलायम सिंह का हालचाल जाना।

## वाहन चालक सावधान! पुलिस ने लॉन्च किया "ऑपरेशन रोप"

हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। नगर पुलिस ने आज एक विशेष यातायात अभियान "ऑपरेशन रोप" शुरू किया और शहर के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद और यातायात संयुक्त पुलिस आयुक्त रंगनाथ ने रोड नंबर 45 जुबली हिल्स पर बहने वाले वाहनों के यातायात की निगरानी की। शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने राजधानी में यातायात के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए "ऑपरेशन रोप" शुरू किया है। उन्होंने कहा कि मार्च 2020 में कोविड-19 महामारी के बाद शहर में वाहनों की आबादी में वृद्धि हुई, नागरिकों ने अपने वाहनों का उपयोग किया। नतीजतन, सड़क दुर्घटनाओं के साथ-साथ यातायात की भीड़ भी बढ़ गई।

आनंद और रंगनाथ ने कहा कि उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों को कड़ा किया है। उन्होंने हर वाहन चालक से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने और पुलिस को सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे "ऑपरेशन रोप" के साथ यातायात की भीड़ को कम कर सकते हैं। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों को भारी जुर्माने की चेतावनी भी दी।

# कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर का शहर का दौरा, रेवंत रहे दूर



नगर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए कांग्रेस के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार और पार्टी के सांसद शशि थरूर व अन्य।

हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार और पार्टी के सांसद शशि थरूर ने आज अपने चुनाव प्रचार के तहत शहर का दौरा किया। राज्य के कई पार्टी नेताओं ने थरूर का स्वागत किया। हालांकि, टीपीसीसी के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने खुद को इस आयोजन से दूर रखा।

पता चला है कि रेवंत रेड्डी ने थरूर की अगवानी नहीं की क्योंकि उनके पास पार्टी आलाकमान की ओर से स्पष्ट संदेश है कि वे पार्टी के एक अन्य अध्यक्ष आकांक्षी मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना पूरा समर्थन दें। हालांकि, थरूर ने मौका नहीं छोड़ा और ट्वीट कर कहा कि वह रेवंत रेड्डी के एक रिश्तेदार की मौत पर गहरा शोक व्यक्त कर रहे हैं।

थरूर की इच्छा है कि वह रेवंत से किसी और मौके पर मिलें। उन्होंने कहा कि वह रेवंत और उनकी टीम के सदस्यों को बधाई दे रहे हैं। वयोवृद्ध पार्टी नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पार्टी के दिग्गज नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रवेश के बाद अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हो गए, जो सोनिया गांधी के परिवार के एक ज्ञात वफादार हैं। खड़गे के पास राज्यसभा में पार्टी के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री के रूप में एक समृद्ध राजनीतिक अनुभव है। पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव 17 अक्टूबर को होना है।

# एआईएमआईएम को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय पार्टी बनाने की बात कर रहे हैं केसीआर : किशन रेड्डी



हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को यह आरोप लगाया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) अपने एकमात्र राजनीतिक सहयोगी असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय पार्टी बनाने का बात कर रहे हैं।

पत्रकारों से बात करते हुए रेड्डी ने कहा, उनका परिवार दिन में यह सपना देख रहा है कि केसीआर एक राष्ट्रीय पार्टी बनाएंगे और वह प्रधानमंत्री बन जाएंगे। उनकी बेटी महत्वपूर्ण मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री बन जाएंगी और बेटा तेलंगाना का मुख्यमंत्री बन जाएगा। केंद्रीय पर्यटन मंत्री रेड्डी ने दावा करते हुए कहा कि कोई भी नेता उनके साथ जाने को तैयार नहीं है। इसलिए एआईएमआईएम के निर्देशों पर कलवकुंतला परिवार (केसीआर का परिवार) ओवैसी की पार्टी को मजबूत करने के लिए आने वाले दिनों में राष्ट्रीय पार्टी बनाने की बात कर रहा है। रेड्डी ने आगे कहा, केसीआर तेलंगाना को छोड़कर पूरे देश में घूमना चाहते हैं क्योंकि उनके पैरों तले जमीन खिसक रही है। उन्होंने आगे कहा, ऐसा कोई नेता नहीं जिससे वह (केसीआर) नहीं मिले और जिस पार्टी से उन्होंने समर्थन नहीं मांगा। किसी को भी केसीआर पर भरोसा नहीं है। यही वजह है कि कोई भी पार्टी उनका समर्थन करने के लिए आगे नहीं आ रही है। श्री रेड्डी ने कहा कि दुनिया में कोई भी ऐसी पार्टी नहीं बच पाई है, जो नकारात्मक सोच के साथ स्थापित हुई हो।

## मुनुगोडु उपचुनाव 3 नवंबर को

हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने सोमवार को तेलंगाना के मुनुगोडु सहित छह राज्यों में सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए उपचुनाव के लिए कार्यक्रम जारी किया, जिसमें 3 नवंबर को उपचुनाव होने वाले हैं। चुनाव आयोग 7 अक्टूबर को गजट नोटिफिकेशन जारी करेगा। शेड्यूल के मुताबिक नामांकन की आखिरी तारीख 14 अक्टूबर है और अगले दिन स्क्रूटनी की जाएगी, जबकि नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 17 अक्टूबर है। उपचुनाव 3 नवंबर को होगा और मतगणना 6 नवंबर को होगी। आदर्श आचार संहिता तुरंत लागू होने के साथ ही ईवीएम और वीवीपैट का इस्तेमाल किया जाएगा।

मुनुगोडु के अलावा, भारत का चुनाव आयोग छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव करवा रहा है, जिसमें महाराष्ट्र में अंधेरी पूर्व, बिहार में मोकामा और गोपालगंज, हरियाणा में आदमपुर, उत्तर प्रदेश में गोला गोकरनाथ और ओडिशा में धामनगर शामिल हैं।

# पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार, 9.44 लाख की चोरी की संपत्ति बरामद

कोत्तागुडेम, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कोत्तागुडेम में थ्री टाउन पुलिस ने चोरी के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 9.44 लाख रुपये की चोरी की संपत्ति बरामद की। पुलिस अधीक्षक डॉ. विनीत ने कहा कि संदिग्धों, कोत्तागुडेम शहर के कुली लाइन क्षेत्र के शेख इरफान उर्फ छोटू और येलंदु शहर के अजीम को सोमवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर वाहन निरीक्षण के दौरान गिरफ्तार किया गया।

इरफान को मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में कई बार गिरफ्तार किया गया और उन्हें खम्मम के सरकारी बाल गृह भेज दिया गया। हालांकि, वह बाहर आने के बाद भी जारी रहा और उसे चोरी के एक मामले में भद्राचलम उप-जेल भेज दिया गया। एसपी ने कहा कि वहां उसकी पॉक्सो मामले के आरोपी विजय और एक अन्य चोरी के संदिग्ध चल्ला वेंकट से दोस्ती हो गई, तीनों ने चोरी करने के लिए एक गिरोह बनाया।



इरफान और वेंकट ने कथित तौर पर जून, जुलाई और अगस्त में कोत्तागुडेम शहर में पांच जगहों पर चोरी की। विजय ने चोरी की संपत्ति को भद्राचलम में एक गोल्ड लोन कंपनी के पास गिरवी रख दिया और नकद इरफान और वेंकट को दे दिया। एसपी ने बताया कि अजीम भी उनके साथ दो चोरी में शामिल था। हैदराबाद में एक ई-कॉमर्स कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय के तौर पर काम करने वाला अजीम भी शहर में चोरी की गई संपत्ति को गिरवी रखकर इरफान को कैश थमा देता था। उन्होंने मैसूर और विशाखापत्तनम जैसे शहरों में पैसा खर्च किया।

पुलिस ने 78 ग्राम सोने के गहने, 200 ग्राम चांदी के गहने, तीन मोबाइल फोन और 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि हैदराबाद में 51 ग्राम सोने के जेवरात और भद्राचलम में गिरवी रखे 31 ग्राम आभूषण अभी बरामद नहीं हुए हैं। डॉ. विनीत ने जनता से अपील की कि जब वे छुट्टी पर जाएं तो स्थानीय पुलिस को सूचित करें ताकि पुलिस उनके क्षेत्रों में गश्त बढ़ा सके। जनता कोत्तागुडेम पुलिस उप-मंडल को मोबाइल फोन नंबर 9347064123, पालोनचा उप-मंडल-9703795315, येलंदु उप-मंडल-6304258570, भद्राचलम उप-मंडल-6303922241 और मनुगुर उप-मंडल-6300532713 पर सूचित कर सकती है। एसपी ने कहा कि जल्द ही कमांड कंट्रोल और जिला पुलिस वेब-पोर्टल से जुड़कर एक ही फोन नंबर दिया जाएगा। डीएसपी वेंकटेश्वर बाबू व अन्य मौजूद रहे।

# रिम्स के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए उठाए जा रहे हैं कदम : कलेक्टर



आदिलाबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कलेक्टर सिक्ता पटनायक ने कहा कि राजीव गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स)-आदिलाबाद में बुनियादी ढांचे में सुधार के उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने सोमवार को चिकित्सा संस्थान का निरीक्षण किया। पटनायक ने चिकित्सा संस्थान के विभिन्न वार्डों का दौरा किया और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए चिकित्सा कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि वायरल बुखार के मरीजों के इलाज के लिए बच्चों के लिए एक विशेष वार्ड और दूसरा वार्ड बनाया गया है। उन्होंने स्वच्छता उपायों में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया।

कलेक्टर ने यह भी कहा कि सुविधा के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए कदम उठाए गए हैं, जो चिकित्सा आपात स्थिति के दौरान सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए सीटी स्कैन मशीन बनाई गई है। उन्होंने कहा कि एक लिफ्ट और अन्य खराब सुविधाओं की मरम्मत के प्रयास जारी हैं। मौके पर अपर कलेक्टर रिजवान बाशा शेख, रिम्स निदेशक डॉ जयसिंह राठौड़, चिकित्सा अधीक्षक डॉ अशोक समेत कई चिकित्सक मौजूद रहे।

## आरटीसी बस में महिला की मौत

करीमनगर, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। 74 वर्षीय एक महिला नागेली पोचम्मा की कथित तौर पर दिल का दौरा पड़ने से आरटीसी बस में मौत हो गई। यह घटना सोमवार को करीमनगर जिला मुख्यालय बस स्टैंड में हुई। वारंगल जिले के श्यामपेट मंडल पेद्दाकोंडापाका के मूल निवासी पोचम्मा करीमनगर शहर के मेदारिवाड़ा में रह रहे थे। वह सद्दुला बथुकम्मा और दशहरा उत्सव के सिलसिले में अपने पैतृक स्थान जा रही थी। बस में चढ़ने के बाद वह गिर गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसके परिवार को सूचना दी और शव को जिला मुख्यालय अस्पताल भिजवाया।

# भारतीय रेल को विश्वस्तरीय अवसंरचनाओं व सुविधाओं के साथ बदलने की पीएम की कोशिश : रेलमंत्री

## जालना रेलवे स्टेशन पर कोच अनुरक्षण सुविधाओं के विकास कार्यों का शिलान्यास

हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार अश्विनी वैष्णव ने जालना रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह के दौरान कोच अनुरक्षण सुविधाओं के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। रावसाहेब पाटिल दानवे, रेल राज्य, कोयला और खान मंत्री, भारत सरकार ने समारोह की अध्यक्षता की तथा डॉ. भागवत कराड, वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में इस समारोह की शोभा बढ़ाई। अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक (प्रभारी), दमरे, उपिंदर सिंह, मंडल रेल प्रबंधक, नांदेड़ मंडल और अन्य वरिष्ठ रेलवे पदाधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।





रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रेल को विश्व स्तरीय अवसंरचनाओं और सुविधाओं के साथ बदलने के प्रधानमंत्री के विज़न को पूरा करने की दिशा में कार्य कर रही है, जो अगले 50 वर्षों तक भी हमारे राष्ट्र के विकास के लिए प्रासंगिक होगा। इस संबंध में उन्होंने कहा कि रेलवे ने इंटेलिजेंट बिल्डिंग की अवधारणा पर देश भर में 199 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य आरंभ किया है। उसी के अंतर्गत जालना रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जालना स्थित प्रसिद्ध गणपति मंदिर की थीम के आधार पर इस स्टेशन का विकास किया जाएगा, ताकि स्थानीय संस्कृति और विरासत को प्रोत्साहित कर सके. माननीय मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि जालना रेलवे स्टेशन के नए डिजाइन को मंजूरी दे दी गई है तथा जल्द ही पुनर्विकास कार्य भी शुरू हो जाएगा। जालना रेलवे स्टेशन को विशाल रूफ प्लाजा के साथ पुनर्विकासित किया जाएगा जिसमें यात्रियों के लिए रिटेल, कैफेटेरिया, मनोरंजन की सुख-सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। इसके अलावा रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेल 400 नई उच्च गति वाली वंदे भारत गाड़ियां आरंभ करेगी।

इनमें से 100 वंदे भारत गाड़ियों का निर्माण लातूर, महाराष्ट्र में स्थित रेल कोच फैक्ट्री में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे न केवल मराठवाड़ा में रेल अवसंरचना सुदृढ़ होगी बल्कि विभिन्न अन्य उद्योगों के विकास के लिए भी मार्ग प्रशस्त होगा और रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे. इसके अलावा, उन्होंने कहा कि जालना रेलवे स्टेशन पर नई कोच अनुरक्षण सुविधाओं के विकास से न केवल स्टेशन पर ही गाड़ियों के अनुरक्षण की सुविधा होगी, बल्कि मराठवाडा क्षेत्र के लोगों के लिए रेल कनक्टिविटी को सुदृढ़ बनाते हुए यात्री और पार्सल गाड़ियों की संख्या बढ़ाने की क्षमता में वृद्धि होगी और इससे माल ग्राहक भी लाभान्वित होंगे। रेल राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने कहा कि हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री के मार्गदर्शन में मराठवाड़ा क्षेत्र सहित महाराष्ट्र राज्य रेल नेटवर्क और



अवसंरचनात्मक कार्यों के बेहतर विकास का साक्षी रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र राज्य के लिए रेल बजट में 11,000 करोड़ रूपये आबंटित किया है तथा कई बड़ी परियोजनाओं को आरंभ किया गया है। अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक (प्रभारी), दमरे ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि जालना में कोच अनुरक्षण सुविधा के विकास से यात्री गाड़ी सेवाओं के सुचारू परिचालन में सुधार होगा तथा चल स्टाक की संरक्षा में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि जो सुविधाएं यहां प्रदान की जाएंगी, वे निश्चित रूप से रेल उपयोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करेंगी। उन्होंने कहा कि पिट लाइन द्वारा अधिक प्रभावी ढंग से यात्री गाड़ी सेवाओं का परिचालन होगा। उन्होंने कहा कि यहां प्रस्तावित उन्नत सुविधाएं निश्चित रूप से रेल उपयोक्ताओं के सुखद और आरामदायक यात्रा अनुभव की आकांक्षाओं को पूरा करेंगी।

# नगरद्वार में यातायात को परेशानी मुक्त बनाने की दिशा में पहल

**जीएचएमसी द्वारा विकसित किए जाएंगे 114 जंक्शन**

हैदराबाद, 3 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। यातायात के सुचारू प्रवाह के लिए अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने शहर के विभिन्न हिस्सों में 114 जंक्शन विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। जीएचएमसी ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि, 114 जंक्शनों में से 54 को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाएगा और शेष को धीरे-धीरे विकसित किया जाएगा। जंक्शन सुधार कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, जीएचएमसी जंक्शन को चौड़ा करने, यातायात द्वीपों के विकास, बोलार्डों की स्थापना, केंद्रीय मध्यिका, डिवाइडर और मुक्त लेफ्ट का कार्य करेगा।

जीएचएमसी ने कहा कि जंक्शन परिवहन नेटवर्क का एक अभिन्न अंग हैं। जीएचएमसी सड़कों को चौड़ा करके और जंक्शनों को विकसित करके सिग्नल-मुक्त परिवहन प्रणाली स्थापित करने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है।





स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.